www.lagatar.in रांची, धनबाद एवं पटना से प्रकाशित रांची, रविवार 21 जुलाई 2024 • आषाढ़ पूर्णिमा संवत 2081 • पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹ 6 • वर्ष : 2, अंक : 103 आमंत्रण मूल्य : ₹ 3 मात्र

# शुभम संदेश

एक राज्य - एक अखबार

गुरु पूर्णिमा आज

॥ तस्मै श्री गुरुवे नमः ॥

## भाजपा की विस्तृत कार्यसमिति बैठक में अमित शाह ने भरी हुंकार, कहा



# हार का अहंकार पहली बार देखा

प्रमुख संवाददाता। रांची

भाजपा ने झारखंड में होनेवाले विधानसभा चुनाव की तैयारी का शंखनाद कर दिया है. केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह शाह ने शनिवार को धुर्वा में भाजपा की विस्तृत कार्यसमिति की बैठक में बतौर मुख्य अतिथि संबोधित करके कार्यकर्ताओं में जोश भरा. उन्होंने कहा कि आदिवासी मुख्यमंत्री, आदिवासियों की चिंता करने की बजाय, लैंड जिहाद और लव जिहाद को बढ़ावा दे रहे हैं.

झारखंड में आदिवासियों की जनसंख्या लगातार कम हो रही है. हमारी सरकार आने के बाद जनसंख्या के मामले में श्वेत पत्र लाएंगे. घुसपैठ होने से हमारी आबादी के अंदर घुसपैठिए नौकरी प्राप्त कर रहे हैं. गृह मंत्री ने कहा, लोकतंत्र में जीत के बाद अहंकार आ जाता है, लेकिन पराजय के बाद अहंकार आ गया हो, ये पहली बार हो रहा है. कांग्रेस को अहंकार आ गया. इतना अहंकार किसी को दो-तिहाई बहुमत से जीतने के बाद भी नहीं आता. इस चुनाव में एनडीए को पूर्ण बहुमत मिला है और भाजपा को 240 सीटें मिलीं और पूरे इंडिया गठबंधन को इतनी सीटें नहीं मिलीं. अमित शाह ने भाजपा कार्यकर्ताओं की तारीफ करते हुए कहा कहा, भाजपा की जीत का कारण मंच पर बैठे नेता नहीं बल्कि बूथ पर मौजूद कार्यकर्ता होता है. उन्होंने कांग्रेस पर हमला करते हुए कहा कि ये हार स्वीकार करने को तैयार नहीं है, किस बात का अहंकार पाले हो. इस देश में तुष्टीकरण कर के अन्याय करने का अहंकार है, परिवारवाद करने का अहंकार है, 12 लाख करोड़ का भ्रष्टाचार करने का अहंकार है. राहुल गांधी का अहंकार संसद में देखा ही होगा. लोकसभा चुनाव में एनडीए को पूर्ण बहुमत मिला. 2014, 2019 और 2024 को मिला कर जितनी सीटें कांग्रेस को आईं, उससे ज्यादा सीटें भाजपा को मिली.

-अन्य नेताओं के भाषण पेज 7 पर

### बोले शाह

- देश भर में सबसे भ्रष्ट सरकार कांग्रेस-झामुमो की
- आदिवासी सीएम लैंड जिहाद कर भूमि और जनसंख्या का संतुलन बिगाड़ रहे
- झारखंड में घोटालों वाली सरकार, हेमंत आंख बंद कर वोट बैंक बनाने में पड़े हैं

### हिसाब लेकर आ जाएं हेमंत

उन्होंने आगे कहा, नरेंद्र मोदी ने झारखंड को नक्सल मुक्त राज्य बनाया है. हेमंत सोरेन जी, कांग्रेस ने केंद्र में शासन किया, 10 साल भाजपा ने शासन किया. हिसाब ले कर आ जाइए. कांग्रेस ने झारखंड के विकास के लिए 84 हजार करोड़ रुपए दिए थे. नरेंद्र मोदी जी ने 10 साल में 3 लाख 84 हजार करोड़ रुपए दिए. झारखंड को किसी ने बनाया तो भाजपा ने बनाया. नरेंद्र मोदी पहले प्रधानमंत्री हैं, जो भगवान बिरसा मुंडा के गांव गए. मोदी के नेतृत्व में 60 करोड़ गरीबों को पांच किलो अनाज, 13 करोड़ गरीब को गैस सिलेंडर, 14 करोड़ शौचालय, तीन करोड़ आवास और पांच लाख रुपये तक का मुफ्त इलाज का काम हुआ.मुख्यमंत्री हेमंत सोरन पर हमला जारी रखते हुए शाह ने कहा, देश में सबसे भ्रष्ट अगर कोई सरकार है, तो वह झारखंड मुक्ति मोर्चा की है. -शेष पेज 07 पर

## गृह मंत्री अमित शाह की सुरक्षा में चूक!

### काफिले में घुसा नशे में धुत बाइक सवार

**रांची।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह की सुरक्षा में शनिवार को बड़ी चूक सामने आई है. बीजेपी के कार्यक्रम में शामिल होने के लिए झारखंड के रांची पहुंचे अमित शाह के काफिले का कुछ लोगों ने पीछा किया. इस मामले में पुलिस ने एक शख्स को गिरफ्तार किया है. पुलिस ने कहा कि ये लोग नशे में थे. बातचीत में हटिया डीएसपी प्रमोद कुमार मिश्रा ने कहा कि ये लोग काफिले में नहीं घुस पाए थे. उन्होंने कहा कि ये लोग बहुत तेजी से बाइक चलाकर काफिले का पीछा कर रहे थे. ये लोग नशे में धुत थे.

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह शनिवार को बीजेपी की विस्तृत कार्यसमिति की बैठक में हिस्सा लेने के लिए रांची पहुंचे थे. जब बिरसा मुंडा एयरपोर्ट से उनका काफिला कार्यक्रम स्थल के लिए निकला, तभी एक बाइक पर सवार दो युवक काफिले में घुस गए. हालांकि, दोनों युवकों को पुलिस ने तत्काल गिरफ्तार कर लिया. डीएसपी ने गिरफ्तार किए गए युवकों से पूरा मामला बताने को कहा. इस पर दोनों युवकों ने खुद के नशे में होने की बात कबूल की. डीएसपी ने कहा कि सुरक्षा में चूक जैसा कोई मामला अभी तो नहीं लग रहा है. अमित शाह के काफिले में घुसे बाइक सवार दोनों युवकों की पहचान हो गयी है. एक युवक का नाम अंकित और दूसरे का मोहित है. अंकित ने बताया कि उसे नहीं पता था कि किसका काफिला जा रहा है. उसने गलती स्वीकार की. अंकित ने यह भी कहा कि वह कोई अपराधी नहीं है. कहा कि पार्किंग के पास घुस गये थे. लेकिन ब्रेक लगाते ही पुलिस ने पकड़ लिया. दूसरे युवक मोहित ने बताया कि उसे सिर्फ इतना मालूम है कि प्रभात तारा मैदान में कोई कार्यक्रम चल रहा है.

मुख्यमंत्री ने की राजकीय **श्रावणी मेला की तैयारियों की समीक्षा**

## देवतुल्य श्रद्धालुओं को राजकीय श्रावणी मेला में मिले हर संभव सुविधाः सीएम

प्रमुख संवाददाता। रांची

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने शनिवार को राजकीय श्रावणी मेला को लेकर शनिवार को देवघर परिसदन में समीक्षा बैठक की. बैठक में सीएम ने वरीय अधिकारियों एवं पुलिस पदाधिकारियों को निर्देश दिया कि सुविधा, सुरक्षा, स्वच्छता और विनम्रता मेला की मूल संवेदना रहनी चाहिए, ताकि देश दुनिया से जो भी श्रद्धालु बाबा नगरी आये, वह एक अच्छा संदेश लेकर जाए.

सबसे महत्वपूर्ण है कि मेला क्षेत्र में श्रद्धालुओं को हर संभव सुविधा मुहैया कराई जाए, जिससे की सुरक्षित व सुलभ जलार्पण सभी मेला के दौरान कर सके. मुख्यमंत्री ने कहा कि सेवा भावना से सबको कार्य पर लगाएं. जोर दिया कि पुलिस बल के लोग, प्रशासन के लोग और भी कोई जो कर्तव्य पर रहें, सभी कांवरियों के साथ अपना व्यवहार विनम्र रखें.

**संपूर्ण मेला क्षेत्र में चाक-चौबंद रहे व्यवस्था :** बैठक के दौरान पेयजल, आवासन, शौचालय, स्वास्थ्य सुविधा, ट्रैफिक व्यवस्था, पार्किंग की सुविधा, स्नानागार, साफ-सफाई, विद्युत व्यवस्था, सूचना तंत्र, गर्मी से निजात की व्यवस्था पर भी चर्चा की गई. सीएम ने कहा कि मेला क्षेत्र में चाक-चौबंद व्यवस्था रहे. पूरे शहर में साफ-सफाई के साथ वैकल्पिक रोशनी रहे, कहीं भी अंधेरा ना रहे. अस्पतालों और हेल्थ सेंटर में डॉक्टर रहें. एम्बुलेंस प्रत्येक लोकेशन पर रहें. एनडीआरएफ की टीम और प्रशासन किसी भी आपात स्थिति से निपटने के लिए पूरी तरह तैयार रहे. सभी थाना, ओपी और ट्रैफिक ओपी संवेदनशील रहें, ताकि विधि-व्यवस्था, सुरक्षा व्यवस्था पार्किंग और यातायात में कोई समस्या न आए. मेले के दौरान देवघर से दुमका मार्ग में चल रहे फोरलेन कार्यों के साथ मोहनपुर प्रखंड अंतर्गत नवनिर्मित रेलवे क्रासिंग की वजह से श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा न हो, इसको लेकर संबंधित अधिकारियों को आवश्यक व उचित दिशा निर्देश दिया गया.

**बैठक में ये रहे मौजूद :** बैठक में विधायक जरमुंडी बादल पत्रलेख, मुख्य सचिव एल खियांग्ते, स्वास्थ्य सचिव अजय कुमार सिंह, पथ सचिव सुनील कुमार, प्रधान सचिव, डीजीपी अजय कुमार सिंह, पेयजल सचिव राजेश कुमार शर्मा, संथाल परगना कमिश्नर लालचंद डाडेल, संथाल परगना डीआइजी संजीव कुमार सहित जिले के डीसी सहित अन्य पदाधिकारी मौजूद थे. - शेष पेज 07 पर

### हेमंत-कल्पना ने बाबा धाम में की पूजा



मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने अपनी पत्नी कल्पना सोरेन के साथ शनिवार को बाबा बैद्यनाथ मंदिर, देवघर में बाबा भोलेनाथ के दरबार में पूजा-अर्चना कर आशीर्वाद लिया. वैदिक मंत्रोचार और हर- हर महादेव के जयकारे के बीच बाबा भोलेनाथ का जलाभिषेक एवं विधि-विधान से पूजा - अर्चना कर राज्य के सर्वांगीण विकास, अमन-चैन एवं सुख-समृद्धि - खुशहाली की कामना की.

### मिथिलेश ठाकुर आज करेंगे श्रावणी मेला का उद्घाटन

**रांची।** झारखंड सरकार की ओर से राज्य के पेयजल एवं स्वच्छता मंत्री मिथिलेश ठाकुर देवघर श्रावणी मेला का उद्घाटन रविवार को सुबह 9 :30 बजे करेंगे. इस मौके पर अल्पसंख्यक कल्याण, कला पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री हफीजुल हसन, कृषि मंत्री दीपिका सिंह पांडे विशिष्ट अतिथि के तौर पर मौजूद रहेंगे. इसके अलावा सांसद निशिकांत दुबे, नलिन सोरेन, विधायक नारायण दास, रणधीर कुमार सिंह और बादल पत्र लेख आदि भी मौजूद रहेंगे.

## ब्रीफ खबरें

### केंद्रीय मंत्री सड़क दुर्घटना में घायल

**पीलीभीत।** यूपी के पीलीभीत से सांसद और केंद्रीय मंत्री जितिन प्रसाद के काफिले की गाड़ियां शनिवार को आपस में टकरा गईं. हालांकि दुर्घटना में किसी के हताहत होने की खबर नहीं है. एक अधिकारी ने बताया कि हादसे में केंद्रीय मंत्री के सिर में चोट लगी है.

### डेटा खपत में सबसे बड़ी कंपनी बनी जियो

**नयी दिल्ली।** दूरसंचार कंपनी रिलायंस जियो ने शनिवार को कहा कि वह डेटा ट्रैफिक यानी खपत के मामले में चीनी कंपनियां को पीछे छोड़ते हुए दुनिया की सबसे बड़ी कंपनी बन गयी है.




### चिराग सशर्त जाति गणना के पक्ष में

**नयी दिल्ली।** केंद्रीय मंत्री और लोजपा (आर) के प्रमुख चिराग पासवान ने राष्ट्रव्यापी जातीय जनगणना का समर्थन किया है, लेकिन साथ ही यह भी कहा कि अगर इसके आंकड़े सार्वजनिक किए गए तो समाज में विभाजन पैदा होगा. उन्होंने कहा, मैं सशर्त जाति जनगणना के पक्ष में हूं.

### मुंबई को अडाणी नगर नहीं बनने देंगे : उद्धव

**मुंबई।** शिवसेना (यूबीटी) प्रमुख उद्धव ठाकरे ने शनिवार को कहा कि अगर उनकी पार्टी महाराष्ट्र में सत्ता में आती है, तो उद्योगपति गौतम अडाणी की कंपनी को दी गई धारावी झुग्गी पुनर्विकास परियोजना की निविदा रद्द कर दी जाएगी.

## संसद का बजट सत्र कल से,आज सर्वदलीय बैठक

एजेंसी। नयी दिल्ली

- सांसदों को याद दिलाए गए शिष्टाचार के नियम

संसद का बजट सत्र सोमवार से शुरू हो रहा है. लोकसभा अध्यक्ष ने रविवार को सर्वदलीय बैठक बुलाई है. मंगलवार को वित्त मंत्री निर्मला सीतारमन बजट पेश करेंगी. इस बीच, सांसदों को याद दिलाया गया है कि सभापति के निर्णयों की सदन के अंदर या बाहर सीधे तौर पर या परोक्ष रूप से आलोचना नहीं की जानी चाहिए. इसका ध्यान रहे.

सदस्यों को वंदे मातरम व जय हिंद सहित अन्य नारे नहीं लगाने चाहिए. यह भी याद दिलाया गया है कि सदन में तख्तियां लेकर प्रदर्शन करने की नियम अनुमति नहीं देते.राज्यसभा सचिवालय ने सदस्यों के लिए पुस्तिका के कुछ अंश को अपने बुलेटिन में प्रकाशित कर संसदीय परंपराओं और शिष्टाचार के प्रति सदस्यों का ध्यान आकृष्ट किया है. संसद सत्र 22 जुलाई से शुरू हो रहा है और यह 12 अगस्त को संपन्न होगा.

बुलेटिन में कहा गया है, सदन की कार्यवाही की गरिमा और गंभीरता के लिए कि धन्यवाद, शुक्रिया, जय हिंद, वंदे मातरम या अन्य नारा नहीं लगाया जाना चाहिए. संसदीय शिष्टाचार का हवाला देते हुए में कहा गया कि आक्षेप, आपत्तिजनक व असंसदीय अभिव्यक्ति वाले शब्दों का इस्तेमाल करने से पूरी तरह से बचना चाहिए. पुस्तिका में कहा गया है कि जब सभापति को लगता है कि कोई विशेष शब्द या अभिव्यक्ति असंसदीय है, तो उसे बिना बहस के तुरंत वापस लेना चाहिए.

## एनटीए ने नीट-यूजी के केंद्रवार नतीजे घोषित किए

**नयी दिल्ली।** राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी ने मेडिकल प्रवेश परीक्षा नीट-यूजी के केंद्र और शहरवार परिणाम शनिवार को घोषित कर दिए. यह परीक्षा कथित धांधली को ले जांच के घेरे में है. इसके नतीज चार जून को घोषित किए गए थे, लेकिन सुप्रीम कोर्ट के आदेश के बाद इन्हें इस प्रारूप में प्रकाशित किया गया.

सुप्रीम कोर्ट प्रश्नपत्र लीक सहित परीक्षा कराने में कथित धांधली पर कई याचिकाओं की सुनवाई कर रहा है. कोर्ट ने अपने आदेश में कहा था कि अभ्यर्थियों की पहचान छिपाते हुए नतीजे घोषित किए जाएं. वह यह पता लगाना चाहता है कि विवादित केंद्रों पर परीक्षा देने वाले को अन्य स्थानों पर परीक्षा देने वाले अभ्यर्थियों की तुलना में अधिक अंक तो नहीं मिले. इस मामले में अगली सुनवाई 22 जुलाई को होगी.

## विवाद के बीच यूपीएससी अध्यक्ष का इस्तीफा!

एजेंसी। नयी दिल्ली

ट्रेनी आईएएस पूजा खेडकर को लेकर चल रहे विवाद के बीच बड़ी खबर सामने आई है. लोक सेवा आयोग के अध्यक्ष (यूपीएससी चेयरमैन) मनोज सोनी ने इस्तीफा दे दिया है. सोनी ने अपना कार्यकाल पूरा होने से पहले अपना इस्तीफा राष्ट्रपति को भेजा है.

सोनी का कार्यकाल मई 2029 में समाप्त होना था.सूत्रों ने कहा कि सोनी के इस्तीफे का परिवीक्षाधीन आईएएस (भारतीय प्रशासनिक सेवा) अधिकारी पूजा खेडकर का मामला सामने आने के बाद संघ लोक सेवा आयोग पर उठ रहे सवालों से कोई लेना-देना नहीं है. एक सूत्र ने कहा, यूपीएससी अध्यक्ष ने निजी कारणों का हवाला देते हुए एक पखवाड़े पहले इस्तीफा सौंप दिया था. इसे अभी तक स्वीकार नहीं किया गया है. शिक्षाविद् सोनी (59) ने 28 जून, 2017 को आयोग के सदस्य के रूप में पदभार संभाला था. उन्होंने 16 मई, 2023 को यूपीएससी अध्यक्ष के रूप में शपथ ली थी और उनका कार्यकाल 15 मई, 2029 को समाप्त होना था.

सूत्रों के मुताबिक, सोनी यूपीएससी अध्यक्ष बनने के इच्छुक नहीं थे और उन्होंने पद से मुक्त किए जाने का अनुरोध किया था, लेकिन तब उनका अनुरोध स्वीकार नहीं किया गया था. उन्होंने कहा कि सोनी अब सामाजिक-धार्मिक गतिविधियों पर अधिक समय देना चाहते हैं. यह घटनाक्रम इसलिए महत्व रखता है, क्योंकि यूपीएससी ने शुक्रवार को कहा था कि उसने परिवीक्षाधीन आईएएस अधिकारी पूजा खेडकर के खिलाफ कई कार्रवाई शुरू की हैं, जिनमें फर्जी पहचान दस्तावेज के जरिए सिविल सेवा परीक्षा में शामिल होने के अधिक मौके पाने के आरोप में उनके खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराना शामिल है. आयोग ने कदाचार के आरोपों की गहन जांच के बाद खेडकर के खिलाफ आपराधिक मामला दर्ज कराया है.



### एनटीए प्रमुख अब तक क्यों बचे हुए हैं : कांग्रेस

कांग्रेस ने संघ लोक सेवा आयोग के अध्यक्ष मनोज सोनी के इस्तीफे के बाद दावा किया कि ऐसे कई लोग हैं, जिन्होंने व्यवस्था को दूषित किया है. पार्टी महासचिव जयराम रमेश ने सवाल किया कि राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी (एनटीए) के प्रमुख प्रदीप कुमार जोशी बचे क्यों हैं? उन्होंने कहा कि यह स्पष्ट रूप से लग रहा था कि यूपीएससी के मौजूदा विवाद को देखते हुए सोनी को बाहर कर दिया जाएगा. रमेश ने एक्स पर पोस्ट किया, 2014 के बाद से सभी संवैधानिक निकायों की पवित्रता, प्रतिष्ठा, स्वायत्तता और पेशेवर दृष्टिकोण को बुरी तरह से नुकसान पहुंचाया गया है.

**सावन विशेष** पूरे माह में उमड़ती है कोल्हान के बाबा मंदिर में जलाभिषेक के लिए श्रद्धालुओं की भीड़

## महादेवशाल धाम में होती है खंडित शिवलिंग की पूजा

शंभु कुमार। चक्रधरपुर

सावन माह की पहली सोमवारी 22 जुलाई को है. सावन में शिवालयों में पूजा-अर्चना के लिए श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ती है. कोल्हान में भी कई ऐसे प्राचीन शिवालय हैं जो पूरे झारखंड व देश में विख्यात है. पश्चिमी सिंहभूम जिले के गोईलकेरा प्रखंड के महादेवशाल धाम भी झारखंड के दूसरे बाबा धाम के नाम से जाना जाता है.

महादेवशाल धाम पहाड़ों के बीच बसा है. सुंदर मनोरम पहाड़ियों के किनारे स्थित महादेवशाल धाम में रोजाना श्रद्धालु पूजा अर्चना के लिए पहुंचते हैं, लेकिन सावन माह में यहां श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ती है. यहां खंडित शिवलिंग की वर्षों से पूजा की जा रही है. बताया जाता है कि अंग्रेजों के शासनकाल में जब बंगाल-नागपुर रेल लाइन बिछाने और व सुरंग निर्माण का कार्य चल रहा था, तभी एक मजदूर ने शिवलिंग रुपी पत्थर देखा. मजदूरों ने उस स्थान पर खुदाई व काम करने से इंकार कर दिया. इसके बाद ब्रिटिश इंजीनियर रॉबर्ट हेनरी ने पत्थर को मजदूरों से हटाने को कहा, लेकिन मजदूरों ने मना कर दिया. इसके बाद इंजीनियर रॉबर्ट हैनेरी ने स्वयं फावड़ा उठाकर पत्थर को हटाने की कोशिश करते हुये उस पर वार कर दिया. इससे शिवलिंग का एक हिस्सा टूट गया और इसी दौरान रॉबर्ट हैनेरी की भी मौत हो गई. इसके बाद सुरंग का रास्ता बदलना पड़ा और उस स्थान पर मंदिर का निर्माण कर पूजा अर्चना शुरू की गई. यहां पूजा अर्चना के लिए झारखंड के विभिन्न हिस्सों के अलावे झारखंड से सटे ओडिशा, पश्चिमी बंगाल, छत्तीसगढ़ व अन्य राज्यों से भी श्रद्धालु पहुंचते हैं. यहां प्रत्येक वर्ष सावन महीने में मेले का भी आयोजन किया जाता है. सावन महीने में महादेवशाल धाम में कई एक्सप्रेस ट्रेनों का भी ठहराव किया जाता है.



महादेवशाल धाम शिव मंदिर

### श्रावणी मेले की तैयारियों का अधिकारियों ने लिया जायजा

गोइलकेरा के महादेवशाल में लगने वाले श्रावणी मेले व मंदिर का शनिवार को अधिकारियों ने जायजा लिया. मौके पर एसडीएम रीना हांसदा ने मंदिर व मेला परिसर में सीसीटीवी लगाने, पूजा करने वाले श्रद्धालुओं के लिए बैरिकेडिंग करने, प्रकाश की व्यवस्था का निर्देश दिया. इससे पहले अधिकारियों ने बैठक करके हब्बा-डब्बा जुआ के संचालन और अवैध शराब की बिक्री पर रोक लगाने को कहा. जेबकतरों व उचक्कों से निपटने के लिए पुलिस की तैनाती बढ़ाने को कहा गया. अधिकारियों ने आकस्मिक परिस्थितियों के लिए सड़क मार्ग को क्लीयर रखने का निर्देश दिया. वहीं मेला परिसर में पुलिस सहायता केंद्र खोलने का भी निर्णय लिया गया. रेल ट्रैक के आसपास सुरक्षा व्यवस्था दुरुस्त रखने को कहा गया. मेले के दौरान विधि व्यवस्था भंग करने वाले और असामाजिक तत्वों की जानकारी पुलिस को देने की अपील की गई.

### महादेवशाल श्रावणी मेले का आज किया जाएगा उद्घाटन

गोइलकेरा के महादेवशाल स्थित श्रावणी मेले का उद्घाटन रविवार को किया जाएगा. इस अवसर पर बतौर मुख्य अतिथि सिंहभूम की सांसद उपस्थित रहेंगी. साथ ही श्रावणी मेले के उद्घाटन में जिला व अनुमंडल के प्रशासनिक अधिकारी भी मौजूद रहेंगे.

शीर्ष कोर्ट ने खारिज की सरकार की याचिका

## झारखंड होमगार्ड जवानों को सुप्रीम कोर्ट से बड़ी राहत

संवाददाता। रांची/दिल्ली

- होमगार्ड के जवानों में फैली खुशी की लहर
- अब पुलिस के जवानों के बराबर मिलेगा वेतन

सुप्रीम कोर्ट ने झारखंड सरकार की उस याचिका को खारिज कर दिया है, जिसमें झारखंड हाईकोर्ट द्वारा होमगार्ड के जवानों को समान काम के बदले समान वेतन देने का आदेश दिया गया था. राज्य सरकार द्वारा सुप्रीम कोर्ट एसएलपी (स्पेशल लीव पिटीशन) दाखिल की गई थी.

एसएलपी की सुनवाई के बाद अदालत ने सरकार की याचिका को खारिज कर दी. सुप्रीम कोर्ट के इस फैसले से झारखंड के होमगार्ड जवान काफी खुश हैं, क्योंकि अब उन्हें पुलिस के जवानों के बराबर वेतन मिलेगा. झारखंड हाईकोर्ट ने यह आदेश दिया था कि होम गार्ड के जवानों को पुलिस के जवानों के बराबर वेतनमान दिया जाए. हाईकोर्ट के इस आदेश को सरकार ने सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दी थी. सुप्रीम कोर्ट के न्यायाधीश जस्टिस जे के माहेश्वरी और जस्टिस के वी विश्वनाथन की बेंच में इस मामले की सुनवाई हुई. झारखंड होमगार्ड वेलफेयर एसोसिएशन के सभी होमगार्ड के जवानों ने पैसा इकट्ठा कर इस केस को लड़ा. यह जानकारी होम गार्ड एसोसिएशन के महासचिव राजीव कुमार तिवारी ने दी.

### हाई सिक्योरिटी जेल में हार्डकोर उग्रवादियों, अपराधियों और आतंकियों को रखा जाएगा

# 97.73 करोड़ से सूबे में बनेगी पहली हाई सिक्योरिटी स्पेशल जेल

**सौरभ सिंह। रांची**

हजारीबाग में झारखंड की पहली ओपन जेल खुलने के बाद अब झारखंड में पहला हाई सिक्योरिटी स्पेशल जेल भी बनने वाली है. इसको लेकर सरकार ने 97.73 करोड़ की राशि स्वीकृत कर दी है. केंद्रीय सेक्टर स्कीम के तहत भारत सरकार द्वारा इसका निर्माण कार्य किया जाएगा. हालांकि निर्माण कार्य में 100 करोड़ के बाद जितनी राशि खर्च होगी, वह राशि राज्य सरकार उपलब्ध कराएगी. 25 एकड़ भू-भाग में इस जेल का निर्माण होगा.



**जेल में हाई सिक्योरिटी सेल का होगा निर्माण :** हाई सिक्योरिटी जेल में हाई सिक्योरिटी सेल का निर्माण किया जाएगा, जहां पूरी सुरक्षा में हार्डकोर व कुख्यात उग्रवादी, अपराधी और आतंकवादियों को रखा जा सकेगा. इस जेल के काराधीक्षक और जेलर भी अलग होंगे. सारी व्यवस्थाएं अलग होंगी. जेल में प्रशासनिक भवन अधिकारी व कर्मियों के लिए रेजिडेंशियल आवास भवन का भी निर्माण किया जाएगा. हाई सिक्योरिटी स्पेशल जेल के निर्माण के लिए भूमि का चयन हो गया है. डीपीआर तैयार होने के बाद जेल का निर्माण कार्य भी आरंभ हो जाएगा. बता दें कि झारखंड में सात सेंट्रल जेल और 23 डिस्ट्रिक्ट जेल हैं. इनमें मंडल कारा और उपकार भी शामिल हैं.

#### खतरनाक कैदियों पर रखी जाएगी कड़ी निगरानी

जेल आधुनिकीकरण में यह प्रावधान है कि ऐसे बंदी जो समाज के लिए बेहद खतरनाक बन चुके हैं, उन्हें सामान्य बंदियों से अलग रखा जाएगा, ताकि उनका प्रभाव अन्य बंदियों पर न पड़े और वे अच्छे नागरिक बन कर जेल से बाहर निकलें. यह बंदी सुधार दिशा में भी बेहतर पहल होगी. हाई सिक्योरिटी जेल की खासियत यह होगी कि जितने भी हार्डकोर उग्रवादी या अपराधी होंगे, उन्हें वहां रखा जाएगा. जेल में कुख्यात अपराधियों पर कड़ी निगरानी रखने के तमाम उपाय उपलब्ध होंगे. जेल में कर्मचारियों और अन्य लोगों के प्रवेश और निकासी के लिए बायोमेट्रिक फिंगरप्रिंट लॉक सिस्टम भी लगाया जाएगा. सेल इस तरह से बनाए जाएंगे कि दूसरे सेल में बंद कैदी एक-दूसरे को नहीं देख पाएंगे. सभी सेल और परिसर में सीसीटीवी कैमरे लगाये जाएंगे.

#### कितनी लागत से जेल में क्या-क्या होगा निर्माण

- जेल का निर्माण कार्य : 81.47 करोड़.
- इलेक्ट्रिक फैंसिंग : 3.06 करोड़
- सीसीटीवी, एक्स रे, बैगेज स्कैनर, डीएफएमडी, एचएचएमडी, एनएलजेडी का इंस्टालेशन : 9.96 करोड़
- आईपी, ईपीएबीएक्स, वाकी टॉकी, ई मुलाकती का इंस्टालेशन : 3.23 करोड़.
- कुल : 97.73 करोड़

### देवघर मंदिर में पूजा-अर्चना



सीएम हेमंत सोरेन और कल्पना सोरेन ने शनिवार को देवघर मंदिर में पूजा-अर्चना की. राज्य की मंगल कामना की.

## ब्रीफ खबरें

### दो आईपीएस केंद्र में एडीजी रैंक के पैनल में

**रांची।** झारखंड कैडर के 1996 बैच के दो आईपीएस अधिकारियों को केंद्र में एडीजी रैंक के पैनल में शामिल किया गया है. इनमें बलजीत सिंह और नवीन सिंह शामिल हैं. ये दोनों अधिकारी केंद्रीय प्रतिनियुक्ति है. केंद्र सरकार की कैबिनेट की नियुक्ति समिति ने पूरे देश के 1996 बैच के आईपीएस अधिकारियों के लिए एडीजी व एडीजी समानांतर पद पर इंपैनल करने का विचार किया था, जिनमें से 28 आईपीएस अधिकारी एडीजी रैंक में इंपैनल हुए. इनमें झारखंड कैडर के 1996 बैच के दो आईपीएस अधिकारी भी शामिल हैं.

### एमएससीपी मोर्चा के लोग शिक्षा मंत्री से मिले



**रांची।** एमएससीपी संघर्ष मोर्चा का प्रतिनिधिमंडल राज्य के शिक्षा मंत्री बैद्यनाथ राम से मिल कर ज्ञापन सौंपा. ज्ञापन के माध्यम से राज्य के शिक्षा एवं शिक्षक हित में आने वाले तमाम प्रतिकूलता को दूर करते हुए एमएससीपी के मांग पूरा कराने का आग्रह किया है. मोर्चा के संयोजक अमीन अहमद व प्रवक्ता अरुण कुमार दास ने शिक्षकों को नियमानुकूल सभी ग्रेडो में प्रोन्नति देने में विभागीय शिथिलता से कार्य में गति देने की अपील की है. शिक्षा मंत्री ने समाधान हेतु कार्य के लिए आश्वस्त किया. प्रतिनिधिमंडल में विजय बहादुर सिंह, राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ झारखंड प्रदेश के संयोजक आशुतोष कुमार, राम कुमार झा, संजीव कुमार, झारखंड राज्य उर्दू शिक्षक संघ के मो फखरुद्दीन शामिल थे.

### मोरहाबादी जाने वाले सभी रास्ते में बैरिकेडिंग, पुलिस बल तैनात

# लाठीचार्ज के बाद भी सहायक पुलिसकर्मियों का प्रदर्शन जारी



राजधानी रांची के मोरहाबादी जानेवाले सभी रास्ते में बैरिकेडिंग कर भारी संख्या में पुलिस के जवान तैनात किए गए. तंबू में जमे हैं सहायक पुलिसकर्मी.

**संवाददाता। रांची**

लाठीचार्ज के दूसरे दिन (शनिवार) को सहायक पुलिसकर्मियों का मोरहाबादी मैदान में आंदोलन जारी है. वहीं दूसरी तरफ सहायक पुलिसकर्मियों के साथ पारा शिक्षक भी मोरहाबादी मैदान जुटे हैं. जिसे लेकर मोरहाबादी मैदान जाने वाले रास्ते पर पुलिस प्रशासन की ओर से बैरिकेडिंग कर दिया गया है और भारी संख्या में पुलिस के जवानों की तैनाती की गई है. बैरिकेडिंग लगाने की वजह से आने जाने वाले लोगों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है. लोग रांची कॉलेज के बगल से जाने वाले रोड का वैकल्पिक मार्ग के रूप में उपयोग कर रहे हैं.

#### जबतक मांग पूरी नहीं होगी, आंदोलन रहेगा जारी

मोरहाबादी मैदान में आंदोलन कर रहे सहायक पुलिसकर्मियों से बात करने पर उन्होंने बताया कि सरकार के द्वारा जो कल वार्ता बुलाई गई, वो सिर्फ खाना पूर्ति था. जबतक हमारी मांगे पूरी नहीं होंगी, तबतक हमलोग का आंदोलन जारी रहेगा. गौरतलब है कि झारखंड पुलिस में समायोजन की मांग को लेकर मोरहाबादी मैदान में धरना दे रहे सहायक पुलिसकर्मी शुक्रवार को सीएम आवास का घेराव करने निकले थे. इस दौरान उनपर झारखंड पुलिस ने लाठीचार्ज कर दिया था. सहायक पुलिसकर्मियों की बहाली दस हजार रुपये के मानदेय पर राज्य के 12 जिला गढ़वा, पलामू, लातेहार, चतरा, लोहरदगा, गुमला, सिमडेगा, खूंटी, पूर्वी व पश्चिमी सिंहभूम, दुमका व गिरिडीह के लिए हुआ था.

#### एक साल का अनुबंध बढ़ाने व पुलिस बहाली में आरक्षण देने की कही गई बात

शुक्रवार को सहायक पुलिसकर्मियों और सरकार के बीच वार्ता हुई थी. इसे लेकर झारखंड पुलिस मुख्यालय में एडीजी मुख्यालय आरके मलिक ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर जानकारी देते हुए बताया था कि सहायक पुलिसकर्मियों का अनुबंध एक साल बढ़ाने और पुलिस बहाली में आरक्षण देने पर सहमति बन गई है. एडीजी मुख्यालय आरके मलिक ने बताया कि सहायक पुलिसकर्मियों को आश्वासन दिया गया है कि नौ अगस्त से समाप्त हो रहा उनका अनुबंध एक साल के लिए और बढ़ाया जाएगा. उनके वेतन भत्ते में 25% की बढ़ोतरी की जा रही है. इसके अलावा झारखंड पुलिस में होने वाली बहाली में उन्हें आरक्षण दस प्रतिशत दिया जाएगा. सरकार से वार्ता के बाद सहायक पुलिसकर्मियों का प्रतिनिधिमंडल वापस मोरहाबादी मैदान चला गया था.

## झारखंड की स्थिति बिगड़ती जा रही : हिमंता

- असम के सीएम पहुंचे रिम्स, घायल सहायक पुलिसकर्मियों से मिले

**संवाददाता। रांची**

असम के सीएम हिमंता बिस्व सरमा शनिवार की सुबह रिम्स पहुंचे. वहां उन्होंने सहायक पुलिसकर्मियों से मुलाकात की. हिमंता ने रिम्स में भर्ती सहायक पुलिसकर्मियों से घटना की पूरी जानकारी ली. इसके बाद मीडिया से बातचीत में हिमंता बिस्व सरमा ने कहा कि लोकसभा चुनाव के समय से ही झारखंड में ऐसा माहौल देखा जा रहा है. झारखंड में स्थिति बिगड़ती जा रही है. यहां स्थिति को सुधारने की जरुरत है. कभी इस प्रदेश में फिलिस्तीन का झंडा लहराया जा रहा है, तो कभी राजनवमी के जुलूस पर पाबंदी लगायी जा रही है. वहीं मुहर्रम का जुलूस निकालने का परमिशन दिया जा रहा है. उनके साथ अमर बाउरी भी मौजूद थे.



रिम्स में घायल सहायक पुलिसकर्मी से मिलते हिमंता.

#### ..तो पुलिसकर्मियों के नाम के आगे हटा देंगे सहायक

**रांची।** भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने कहा है कि भाजपा की सरकार बनते ही पहली कैबिनेट में ही सहायक पुलिसकर्मियों के नाम के आगे से सहायक शब्द हटा दिया जाएगा. ट्वीट में आगे लिखा है कि ये सभी जवान जो आज अपने हक के लिए लाठियां खा रहे हैं, भाजपा की सरकार बनते ही राज्य की प्रगति में सहायक होंगे, न कि अपनी नौकरियों में. बाबूलाल ने दूसरे ट्वीट में कहा है कि केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह का झारखंड दौरा हम सभी कार्यकर्ताओं में नई ऊर्जा का संचार करेगा. उनके मार्गदर्शन में भाजपा का कार्यकर्त्ता झारखंड से झामुमो-कांग्रेस की अत्याचारी सरकार को उखाड़ फेंकने के लिए तत्पर है.

### हुसैनाबाद में सुदेश महतो करेंगे रणनीति पर मंथन

**रांची।** राज्य के विभिन्न विधानसभा क्षेत्रों में आजसू पार्टी द्वारा चूल्हा प्रमुख सम्मेलन सह शपथ ग्रहण समारोह का आयोजन किया जा रहा है. आजसू के केंद्रीय मुख्य प्रवक्ता डॉ देवशरण भगत ने कहा कि इसी कड़ी में रविवार को हुसैनाबाद विधानसभा स्तरीय चूल्हा प्रमुख सम्मेलन सह शपथ ग्रहण समारोह का आयोजन किया जायेगा. यह कार्यक्रम पार्टी के केंद्रीय उपाध्यक्ष कुशवाहा शिवपूजन मेहता के नेतृत्व में किया जा रहा है. छत्तरपुर में कार्यकर्ता सम्मेलन और लातेहार में मिलन समारोह का आयोजन होगा. इन सभी कार्यक्रमों में आजसू पार्टी अध्यक्ष सुदेश कुमार महतो शामिल होंगे.

## कृषि मंत्री दीपिका पांडेय सिंह का हाथ फ्रैक्चर, प्लास्टर चढ़ा

**संवादाता। रांची**

झारखंड की कृषि मंत्री दीपिका पांडेय सिंह का हाथ फ्रैक्चर हो गया है. घटना शुक्रवार देर रात की है. उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के साथ धान रोपाई और राज्य में सूखे की स्थिति को लेकर लंबी बैठक चली थी. बैठक के बाद रात करीब 11 बजे के आपने सरकारी आवास लौटी थीं. आवास में ही अचानक पैर फिसलने की वजह से गिर पड़ी, जिससे उनके हाथ में चोट लग गयी. इसके बाद उन्हें रामप्यारी सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल ले जाया गया, जहां



ऑर्थोपेडिक सर्जन डॉक्टर एसएन प्रसाद ने एक्स-रे के बाद उनके हाथ में प्लास्टर चढ़ाया. जानकारी के अनुसार कृषि मंत्री दीपिका पांडे सिंह आवास के फर्श पर बारिश का पानी था. इसकी वजह से वे स्लिप कर गईं. फिलहाल वे ठीक हैं.

## आज होगा श्रावणी मेला का उद्घाटन

**प्रमुख संवाददाता। रांची**

झारखंड में होने वाले श्रावणी मेला का उद्घाटन 21 जुलाई को होगा. इसका उद्घाटन झारखंड के तीन कैबिनेट मंत्री संयुक्त रूप से करेंगे. पेयजल मंत्री मिथिलेश ठाकुर, खलकूद मंत्री हफिजुल हसन और कृषि मंत्री दीपिका पांडेय सिंह रविवार को सुबह साढ़े 9:30 बजे श्रावणी मेला का उद्घाटन करेंगे. इस दौरान बीजेपी सांसद निशिकांत दूबे, झामुमो सांसद नलिन सोरेन, विधायक नारायण दास, रंधीर सिंह और बादल पत्रलेख मौजूद रहेंगे.

#### कितने पुलिस अफसरों की हुई तैनाती

देवघर में 38 डीएसपी, दुमका में 10 डीएसपी, रेल धनबाद -02 डीएसपी, देवघर -120 इंस्पेक्टर-सब इंस्पेक्टर, जमादार- 730, सशस्त्र बल- 1240, महिला लाठी बल -9000, गृह रक्षक- 2000, रैफ- 5 कंपनी, एनडीआरएफ- 3 टुकड़ी, बम स्क्वायड- 4 टीम, झारखंड जगुआर एसाल्ट ग्रुप- 4, अश्रु गैस दस्ता- 4, अग्निशमन दस्ता- 4, श्वान दस्ता-3.

**कोर्ट की खबरें**

### लेक्चरर नियुक्ति घोटाले के आरोपी हैं शैलेंद्र

# शैलेंद्र सिंह को सुप्रीम कोर्ट से मिली अग्रिम बेल

**संवाददाता। रांची/दिल्ली**

लेक्चरर नियुक्ति घोटाला के आरोपी शैलेंद्र कुमार सिंह को सुप्रीम कोर्ट ने अग्रिम जमानत की सुविधा प्रदान की है. शैलेंद्र कुमार सिंह की अग्रिम जमानत पर शीर्ष न्यायालय के न्यायाधीश जस्टिस जेबी परदीवाला और जस्टिस मनोज मिश्रा की बेंच में सुनवाई हुई. इसके बाद अदालत ने ट्रायल कोर्ट को अग्रिम जमानत की शर्तें निर्धारित करने का निर्देश दिया है. शैलेंद्र कुमार सिंह की ओर से सुप्रीम कोर्ट के अधिवक्ता गणेश खन्ना ने बहस की. इससे पहले रांची सीबीआई की विशेष कोर्ट और झारखंड हाईकोर्ट शैलेंद्र को बेल देने से इनकार कर चुका था.

**2008 में आयोजित जेट परीक्षा में बड़े पैमाने पर भ्रष्टाचार का आरोप :** दरसअल झारखंड में वर्ष 2008 में जेपीएससी ने 745 लेक्चरर की बहाली के लिए जेट परीक्षा का आयोजन किया था. इसमें बड़े पैमाने पर भ्रष्टाचार का मामला सामने आया था. मामले की गंभीरता को देखते हुए राज्य सरकार ने केस को सीबीआई को सौंप दिया था. इसके बाद सीबीआई ने कांड संख्या आरसी 4/13 दर्ज कर मामले की जांच शुरू की थी. एजेंसी इस केस में 80 आरोपियों के खिलाफ चार्जशीट दाखिल कर चुकी है. सीबीआई की जांच में 13 विषयों में लेक्चरर के पद पर बहाली में भ्रष्टाचार की पुष्टि हुई है. इन विषयों में अंग्रेजी, इतिहास, मनोविज्ञान, जीव विज्ञान, राजनीति शास्त्र, अर्थ शास्त्र, हिंदी, रसायन, भौतिकी, संस्कृत, मानव शास्त्र, दर्शन शास्त्र व उर्दू शामिल है.



### बैंक अधिकारी बनकर ठगी करनेवाले पांच साइबर अपराधियों को कोर्ट ने दोषी करार दिया

**रांची।** बैंक अधिकारी बनकर करोड़ों की ठगी करने वाले पांच साइबर अपराधियों को रांची पीएमएलए (प्रीवेन्शन ऑफ मनी लॉन्ड्रिंग एक्ट) की विशेष कोर्ट ने दोषी करार दिया है. कोर्ट ने गणेश मंडल, उसके पुत्र प्रदीप मंडल, संतोष मंडल, उसके पुत्र पिंटू मंडल और अंकुश कुमार मंडल को दोषी करार दिया है. अदालत सभी दोषियों की सजा पर 23 जुलाई को सुनवाई करेगा. चार दोषी जमानत पर थे, जिन्हें कोर्ट के आदेश के बाद हिरासत में ले लिया गया. वहीं एक दोषी अंकुश मंडल पहले से ही देवघर जेल में बंद है. सभी दोषियों पर फर्जी पते पर सिम कार्ड लेने और बैंक अधिकारी बनकर लोगों को कॉल करके साइबर अपराध करने का आरोप सिद्ध हुआ है. ईडी ने इस मामले के ट्रायल के दौरान कुल 24 गवाह कोर्ट में प्रस्तुत किये.

#### लैंड स्कैम के आरोपियों ने दाखिल की डिस्चार्ज पिटीशन

**रांची।** चेशायर होम रोड की जमीन की अवैध तरीके से खरीद-बिक्री से जुड़े लैंड स्कैम केस के आरोपियों ने रांची पीएमएलए की विशेष कोर्ट में आरोप गठन की प्रक्रिया से पहले डिस्चार्ज पिटीशन दाखिल की है. इस केस के प्रमुख अभियुक्त प्रेम प्रकाश, रांची के पूर्व डीसी छवि रंजन समेत अन्य की डिस्चार्ज पिटीशन पर फैसला आने के बाद आरोप गठन की बिंदु पर सुनवाई होगी. रांची के चेशायर होम रोड की जमीन की अवैध तरीके से खरीद बिक्री से जुड़े इस केस में ईडी रांची के पूर्व उपायुक्त छवि रंजन, राजस्व उप निरीक्षक भानु प्रताप प्रसाद, प्रदीप बागची, अफसर अली, इम्तियाज खान, तल्हा खान, फैयाज खान व मोहम्मद सद्दाम, अमित अग्रवाल और दिलीप घोष को गिरफ्तार किया था.

#### आर्किटेक्ट विनोद सिंह की अग्रिम बेल पर अब 26 जुलाई को सुनवाई

**रांची।** लैंड स्कैम केस के आरोपी और मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के सहयोगी आर्किटेक्ट विनोद सिंह की अग्रिम जमानत पर अब 26 जुलाई को सुनवाई होगी. शनिवार की सुनवाई के दौरान ईडी की ओर से जवाब दाखिल करने के लिए समय देने का आग्रह किया गया. जिसे स्वीकार करते हुए कोर्ट ने अगली सुनवाई के लिए 26 जुलाई की तारीख मुकर्रर की है. विनोद सिंह ने अपने अधिवक्ता के माध्यम से रांची पीएमएलए की विशेष कोर्ट में जमानत याचिका दाखिल की है. दरअसल ईडी ने हेमंत सोरेन से जुड़े लैंड स्कैम केस में पीसी दायर की है, जिसपर कोर्ट ने संज्ञान भी ले लिया है. इस केस के प्रमुख आरोपी पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन और बड़गाईं अंचल के हल्का कर्मचारी भानु प्रताप फिलहाल बिरसा मुंडा केंद्रीय कारागार में न्यायिक हिरासत में बंद हैं.

क्लासिफाइड




PLEASE SEND YOUR RESUME FOR AN INDUSTRIAL AUTOMATION ORGANISATION, MOSTLY ENGAGED WITH PRESTIGIOUS PROJECTS IN
TATA STEEL, UCIL, ISRO, BARC ETC
1. MARKETTING MANAGER : SALARY 2.4 LAKHS PA, ITI, DEE, BEE FOR JAMSHEDPUR, SALES PLC SCADA HMI KNOWLEDGE, experience 2 years
2. OFFICE ASSISTANT : SALARY 2.4 LAKHS PA, Graduate with 5 Years Work Experiance Computer Proficient, Knowledge About Tender and TATA STEEL PROCUREMENT
MAIL CV : pradeep_wk@yahoo.com


















तापमान

29.2° | 24.2°

अधिकतम | न्यूनतम

# शुभम संदेश

एक राज्य - एक अखबार






www.lagatar.in | रांची, रविवार 21 जुलाई 2024 ● आषाढ़ पूर्णिमा संवत 2081 ● पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹ ~~6~~ ● वर्ष : 2, अंक : 103 | आमंत्रण मूल्य : ₹ 3 मात्र


### शिक्षा मंत्री से वार्ता के बाद पांच अगस्त तक पारा शिक्षकों का आंदोलन स्थगित, स्थायी शिक्षकों के समान वेतन देने की मांग

# पारा शिक्षकों का पुलिस के साथ झकझूमर, लाठी चार्ज, आंसू गैस का गोला छोड़ा

**आकर्ष अनिकेत/बसंत मुंडा। रांची**

स्थायी शिक्षकों के समान वेतन और राज्यकर्मी का दर्जा देने सहित छह सूत्री मांगों को लेकर राज्य भर के सहायक अध्यापक संघर्ष मोर्चा से जुड़े शिक्षकों (पारा शिक्षकों) ने शनिवार को सीएम आवास घेरने की घोषणा की थी. लेकिन देर शाम शिक्षा मंत्री बैद्यनाथ राम से वार्ता और उनसे मिले आश्वासन के बाद पारा शिक्षकों ने अपना आंदोलन पांच अगस्त तक के लिए स्थगित कर दिया. पारा शिक्षक संघ के नेताओं ने रहा है कि सरकार उनकी छह सूत्री मांगों को नहीं मानेगी, तो वे उग्र आंदोलन करेंगे. उन्होंने सीएम से चुनाव के पहले किए गए वादे को पूरा करने की मांग की. राज्य भर से पारा शिक्षक मोरहाबादी मैदान में जुटे थे, लेकिन पुलिस ने मैदान के साथ ही सीएम आवास जानेवाली सभी सड़कों की बैरिकेडिंग कर रखी थी.


मुख्यमंत्री आवास के बाहर लाठी चार्ज में चोटिल हुए पारा शिक्षक सिंटू सिंह.


सामान वेतनमान को लेकर मोरहाबादी मैदान से निकल कर आगे बढ़ते प्रदर्शनकारी पारा शिक्षक.

### एक घंटे शिक्षा मंत्री से बात की, आश्वासन मिला तो लौटे

सहायक अध्यापक संघर्ष मोर्चा के प्रतिनिधियों की शिक्षा मंत्री बैद्यनाथ राम से लगभग एक घंटे तक वार्ता हुई. शिक्षा मंत्री ने उन्हें आश्वासन दिया कि 25 जुलाई को वे मोर्चा के प्रतिनिधियों के साथ अनौपचारिक बैठक कर उनकी मांगो के संबंध में विचार-विमर्श कर सर्वमान्य हल निकालने की पहल करेंगे. मोर्चा के प्रतिनिधिमंडल से बातचीच में जैसी सहमति बनेगी, उसके आधार पर वे विभागीय अधिकारियों के साथ पांच अगस्त को बैठक कर फैसला लेंगे. मंत्री के साथ लगभग एक घंटे वार्ता करने के बाद अध्यापक संघर्ष मोर्चा ने पांच अगस्त तक आंदोलन स्थगित करने की घोषणा की. शिक्षा मंत्री से वार्ता के बाद मोर्चा के प्रतिनिधि मोरहाबादी मैदान पहुंचे, जहां राज्य भर के जिलों से पहुंचे अपने साथियों को मंत्री से हुई वार्ता के बारे में जानकारी दी. कहा कि पांच अगस्त तक सरकार फैसला नहीं लेती है, तो वे और उग्र आंदोलन करने को बाध्य होंगे.

### क्या हैं मांगें

- सहायक अध्यापकों को भी राज्य सरकार के कर्मचारी का दर्जा दिया जाए.
- **राज्य सरकार के शिक्षकों की तरह ही सहायक अध्यापकों को वेतनमान दिया जाए.**
- सहायक अध्यापक सेवा शर्त नियमावली 2021 में अंकित प्रावधानों के अनुकूल सहायक प्राध्यापकों के आश्रितों को अनुकंपा का लाभ दिया जाए.
- **आश्रितों को योग्यता के अनुसार नौकरी में प्राथमिकता दी जाए.**
- झारखंड अधिविध परिषद रांची की हठधर्मिता के कारण आकलन परीक्षा के प्रश्नों के त्रुटिपूर्ण उत्तरों के संशोधित परिणाम शीघ्र जारी किए जाएं.
- **सेवी की उम्र सीमा आंगबाड़ी सेविका-सहायिका की तरह 65 वर्ष की जाए.**

### हल्का लाठी चार्ज कर पारा शिक्षकों को खदेड़ा

हालांकि बाहर से आये कुछ पारा शिक्षक कांके रोड पर सीएम आवास के आसपास पहुंच गये थे और साथियों के मोरहाबादी मैदान जाने के लिए रांची के मास कम्युनिकेशन विभाग के रास्ते से निकले, जहां पुलिस के जवानों से उनका विवाद हो गया. पारा शिक्षकों ने बैरिकेडिंग तोड़ कर आगे बढ़ने की कोशिश की, तो पुलिस ने आंसू गैस का एक गोला छोड़ा और हल्का लाठी चार्ज कर खदेड़ दिया. लाठी चार्ज में कुछ पारा शिक्षकों को हल्की चोटें आईं. यहां रांची के उपायुक्त राहुल कुमार सिन्हा, एसएसपी चंदन सिन्हा सहित सिटी एसपी पहुंचे और पारा शिक्षकों को समझा बुझा कर शांत कराया. उन्हें बताया गया कि मोरबादी से लेकर सीएम आवास तक निषेधाज्ञा लागू है. वे पढ़े-लिखे हैं, इसलिए कानून का पालन करें.

### पारा शिक्षकों ने वार्ता के लिए दिया था अल्टीमेटम

मोरहाबादी मैदान में जुटे सहायक अध्यापक संघर्ष मोर्चा (पारा शिक्षकों) के नेता विकास कुमार चौधरी ने वहां मौजूद पुलिस-प्रशासन के आला अधिकारियों को शिक्षा मंत्री से वार्ता कराने के लिए 24 घंटे का अल्टीमेटम दिया. कहा कि सरकार उनकी जायज मांगों को मान ले, तो वे आंदोलन स्थगित कर देंगे. मोर्चा के नेताओं ने कहा कि उन्हें सिर्फ आश्वासन दिया जाता रहा है. लेकिन अब वे आर-पार की लड़ाई के मूड में हैं. मोर्चा के नेताओं के अल्टीमेटम के बाद पुलिस-प्रशासन के अधिकारियों ने शिक्षा मंत्री से वार्ता कराने का भरोसा दिया. इसके बाद 15 सदस्यों को शिक्षा मंत्री से वार्ता के लिए ले जाया गया.

## ब्रीफ खबरें

### ट्रेन से गिर कर मांडर के युवक की मौत

**रांची/मांडर।** थाना क्षेत्र के चुंद गांव निवासी राम उरांव (22) की राउरकेला के पास बंडामुंडा स्टेशन पर ट्रेन से गिरकर मौत हो गई. वह एक टायर फैक्ट्री में काम करता था. घर लौटने के दौरान अनियंत्रित होकर ट्रेन से गिर गया था. देर शाम गांव लाया गया और अंतिम संस्कार किया गया. वह घर का इकलौता कमाऊ सदस्य था, उसकी दो बहनें हैं. दोनों की शादी हो चुकी है.

### नाबालिग से सामूहिक दुष्कर्म में दोषी करार

**रांची।** पॉक्सो के विशेष न्यायाधीश आसिफ इकबाल की अदालत ने नाबालिग से सामूहिक दुष्कर्म करने के मामले में आरोपी प्रदीप सिंह को शनिवार को दोषी करार दिया है. सजा के बिंदु पर अदालत 26 जुलाई को सुनवाई करेगी. वहीं अदालत ने साक्ष्य के अभाव में एक आरोपी नीलू लोहरा को बरी कर दिया है. यह मामला नामकुम थाना के अंतर्गत खरसीदाग ओपी क्षेत्र का था.

### खूंटी के 13 छात्रों को दुबई में मिली नौकरी

**रांची/खूंटी।** तोरपा प्रखंड के चंद्रपुर स्थित कल्याण गुरुकुल से संयुक्त अरब अमीरात के दुबई गये गुरुकुल के 13 छात्रों को वहां नौकरी मिल गई है. गुरुकुल से प्रशिक्षण पाने के बाद दुबई जाकर इन छात्रों ने काम शुरू कर दिया है. छात्रों ने गुरुकुल के वरीय प्राचार्य केशव चंद्र मोहंती और अन्य लोगों का आभार जताते हुए दुबई से फोटो शेयर किया है. छात्रों ने कहा कि गुरुकुल में प्रशिक्षण प्राप्त करने के बाद उनके जीवन में काफी बदलाव आया है.


### ओल्ड लोअर बाजार रोड में कचरे का अंबार, निगम नहीं दे रहा ध्यान

# कचरे से उठती दुर्गंध ने बढ़ाई परेशानी, संक्रमण का खतरा

**रेहान अहमद। रांची**

ओल्ड लोअर बाजार रोड में कचरे के अंबार से लोग परेशान हैं. कचरे से नाली भी जाम हो गई है. इस कारण क्षेत्र में मच्छर का प्रकोप भी बढ़ गया है. कचरे से उठती दुर्गंध के कारण लोगों को नाक बंद कर गुजरना पड़ता है. इस क्षेत्र में करीब 1500 की आबादी रहती है. स्थानीय लोगों का कहना है कि कचरे का उठाव भली भांति नहीं होने की वजह से ऐसी दशा हो गई है. बरसात का मौसम चल रहा है. अगर कचरे की जल्द सफाई नहीं हुई, तो महामारी फैलने का खतरा है. लोगों ने नगर निगम से अपील की है जल्द कचरे की सफाई कर ब्लीचिंग पाउडर का छिड़काव कराया जाए.

### क्षेत्र के लोगों को आने जाने में परेशानी : महेश



महेश कुमार ने कहा कि सड़क के मुहाने पर ही कचरे का ढेर है. इससे क्षेत्र के लोगों को आने जाने में काफी परेशानी होती है. बरसात के मौसम में जमा कचरे में बारिश का पानी पड़ने से उससे दुर्गंध निकलने लगती है, जो वातावरण को भी प्रदूषित करता है. लोगों को नाक-मुंह ढक कर वहां से गुजरना पड़ता है. जल्द सफाई हो जाने से क्षेत्र के लोगों को बड़ी राहत मिलेगी.


ओल्ड लोअर बाजार रोड के मुहाने पर जमा कचरे का ढेर.

### निगम को ध्यान देने की जरूरत : नासिर



मो नासिर ने कहा कि नगर निगम की ओर से कचरे का उठाव होता है, लेकिन अच्छी तरह नहीं होने के कारण क्षेत्र की यह दशा हो गई है. बरसात के मौसम में जमा कचरे के ढेर से और परेशानी होती है. इ नगर निगम को ध्यान देना चाहिए, ताकि क्षेत्रवासियों को कचरे और उससे उठती दुर्गंध से राहत मिल सके.

### पूरी सफाई के साथ ब्लीचिंग का छिड़काव जरूरी : खालिक



स्थानीय निवासी अब्दुल खालिक ने कहा कि ओल्ड लोअर बाजार रोड के ठीक मुहाने पर ही कचरे का ढेर लगा रहता है. इससे क्षेत्र व आस पास के लोगों को आने जाने में काफी परेशानी होती है. निगम की ओर से सफाई होती है, पर अधूरी सफाई की वजह से यह स्थिति हो जाती है. पूरी सफाई कर ब्लीचिंग पाउडर का छिड़काव करने की जरूरत है, ताकि बरसात में किसी तरह की महामारी नहीं फैले.

### नियमित कचरे का उठाव होने पर ही रात मिलेगी : यासिर



मो यासिर ने कहा कि क्षेत्र में फैले कचरे से परेशानी हो रही है. कचरे का नियमित रूप से उठाव हो, तो यह स्थिति सामने नहीं आएगी और क्षेत्रवासियों को भी राहत मिलेगी. सड़क किनारे बनी नाली का स्लैब भी खुला हुआ है. कभी भी वाहन चालक दुर्घटनाग्रस्त हो सकते हैं. नगर निगम को इस दिशा में पहल करने की जरूरत है.

### एचडीएफसी बैंक कर्मी अभिषेक हत्याकांड का खुलासा

# तीन गिरफ्तार, हथियार बरामद

**त्वरित उद्भेदन**

- वारदात के दो घंटे के अंदर पुलिस ने अपराधियों को पकड़ा
- बीती देर रात बैंक कर्मी की गोली मार कर की थी हत्या

**संवाददाता। रांची**

अरगोड़ा थाना क्षेत्र के हरमू फल मंडी के पास एचडीएफसी बैंक कर्मी की हत्या मामले का पुलिस ने दो घंटे के अंदर उद्भेदन कर दिया है. बता दें कि शुक्रवार देर रात बैंक कर्मी अभिषेक सिंह की अपराधियों ने गोली मार कर हत्या कर दी थी.

घटना के बाद एसएसपी चंदन सिन्हा के निर्देश पर सिटी एसपी राजकुमार मेहता के नेतृत्व में कोतवाली डीएसपी प्रकाश सोय समेत अन्य पुलिसकर्मियों की टीम ने कार्रवाई करते हुए बीती रात में ही तीन अपराधियों को गिरफ्तार किया है. गिरफ्तार अपराधियों में दानिश, मो अरमान और मो साहिल शामिल है. सभी अपराधी खेत मोहल्ला और निजामनगर के रहने वाले हैं. पुलिस में इनके पास से घटना में प्रयुक्त पिस्तौल को भी बरामद कर लिया है.

**मोबाइल लूट की घटना में हुई हत्या :** एसएसपी चंदन सिन्हा ने शनिवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस कर बताया कि तीनों अपराधी हिंदपीढ़ी इलाके के रहने वाले हैं. ये तीनों हरमू नदी के किनारे नशे का सेवन करते हैं. और अक्सर ये लोग वहां लूट पाट की घटना को अंजाम देते थे. गांजा लेने पहुंचे अभिषेक और उसके एक अन्य साथी के साथ इन अपराधियों ने लूटपाट की. अभिषेक का मोबाइल महंगा था. वह अपना मोबाइल उन्हें देना नही चाहता था. जब उसने मोबाइल देने का विरोध किया, तो उसे पिस्टल लेकर एक अपराधी दौड़ाने लगा. फिर उसे गोली मार दी और उसका मोबाइल ले लिया.


कार्रवाई के संबंध में जानकारी देते रांची एसएसपी चंदन सिन्हा.

### एचडीएफसी बैंक का कर्मी था मृतक अभिषेक

मृतक अभिषेक सिंह अरगोड़ा हाउसिंग कॉलोनी में रहता था. वह एचडीएफसी बैंक की मेन रोड शाखा में लोन डिपार्टमेंट में कार्यरत था. अभिषेक और उसका दोस्त प्रिंस शुक्रवार की रात हरमू फल मंडी के पास रुके थे. इस दौरान तीन अपराधियों ने दोनों को रोक कर पिस्तौल सटा दिया और कहा कि कहा कि जो समान है, निकालो. अपराधियों ने पहले प्रिंस से उसका मोबाइल और पैसा छीना. इसके बाद अभिषेक से भी उसका मोबाइल लूटने का प्रयास करने लगे. महंगा मोबाइल होने के कारण अभिषेक देने को तैयार नहीं था. वह भागने लगा. इसी दौरान अपराधियों ने पीछा कर उसे गोली मार दी और मोबाइल लूट कर पैदल ही भाग निकले. घटना के बाद प्रिंस ने डायल 100 पर पुलिस को सूचना दी.

### 25 जुलाई से जैक सभागार में सरकारी शिक्षकों का आकलन

**रांची।** राज्य के 80 उत्कृष्ट और 325 प्रखंड स्तरीय आदर्श स्कूलों में रिक्त पदों पर नियुक्ति और पदस्थापन के लिए राज्य के सरकारी शिक्षकों का आकलन किया जाएगा. इसके लिए शिक्षकों को एक फोटो पहचान पत्र और आधार कार्ड लाना अनिवार्य है. साथ ही एंड्रॉयड फोन जिसमें बैटरी फुल चार्ज हो और इंटरनेट क्रियाशिला होना चाहिए. मोबाइल फोन में जी-गुरूजी मोबाइल ऐप इंस्टॉल्ड होना चाहिए. आकलन सह ओरियेंटेशन कार्यक्रम 25 से 29 जुलाई तक जैक के सभागार में विभिन्न पालियों में होगा. माध्यमिक शिक्षा निदेशक उत्कर्ष गुप्ता ने संबंधित आदेश जारी कर दिया है. बता दें कि राज्य के 3944 सरकारी शिक्षकों ने उत्कृष्ट विद्यालयों और आदर्श विद्यालयों में पदस्थापना के लिए ई-विद्यावाहिनी के माध्यम से ऑनलाइन आवेदन किया है.

### पीएम आवास योजना के तहत कुष्ठ रोगियों को एक ही स्थान पर बसाने की पहल

# आनी में 250 परिवारों को मिले घर

**संवाददाता। रांची**

प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) के तृतीय घटक के अंतर्गत धुर्वा के आनी गांव में कुष्ठ रोगियों को एक ही स्थान में बसाने के लिए 256 आवासों का निर्माण किया गया है. निगम द्वारा लॉटरी के माध्यम से शनिवार को 250 परिवारों को आनी गांव में आवास आवंटित किए गए. लाभुकों में इंदिरा नगर, निर्मला कॉलोनी व तपोवन मंदिर के पास रहने वाले लोग शामिल हैं.

अपर प्रशासक के नेतृत्व में इंदिरा नगर, निर्मला आश्रम व तपोवन मंदिर के पास निगम की टीम ने पहुंच कर योग्य लाभुकों के बीच आवासों की लॉटरी की प्रक्रिया पूरी की. इसक्रम में इंदिरा नगर में 182, निर्मला कॉलोनी में 48 तथा तपोवन मंदिर परिसर में लॉटरी कर 20 लाभुकों को आवास आवंटित किया गया. बता दें कि निगम द्वारा कुल 253 लाभुकों की सूची तैयार की गई थी, जिसमें तीन लाभुक अनुपस्थित रहे व 250 उपस्थित लाभुकों की लॉटरी संपन्न की गई. मौके पर पीएमएवाई शाखा की नगर प्रबंधक निम्मी कुमारी, सहायक प्रशासक चंद्रदीप कुमार, नगर प्रबंधक, सीएलटीसी तथा पीएमएवाई शाखा के कर्मी मौजूद थे.

**ऐसा है आवास :** 310 वर्गफीट में एक आवास का निर्माण किया गया है, जिसमें एक बेडरूम, एक हॉल, किचन, शौचालय और एक बालकनी उपलब्ध है. प्रत्येक आवास में पेयजल और विद्युत व्यवस्था भी होगी. साथ ही आंतरिक सड़क, पार्किंग की सुविधा भी दी गयी है.


आवास के लिए लॉटरी प्रक्रिया में शामिल होने आए लाभुक.

**निगम की पहल** बड़ा तालाब को स्वच्छ बनाने के लिए तीन चरणों में चलेगा सफाई का काम

# इको बॉल तकनीक से बड़ा तालाब की सफाई शुरू

**संवाददाता। रांची**

बड़ा तालाब को स्वच्छ बनाने के लिए नगर निगम द्वारा एक विशेष पहल की गई है. इसके तहत इको बॉल तकनीक से तालाब को स्वच्छ किया जाना है, जिसकी शुरुआत शनिवार को हुई. इस मुहिम की शुरुआत रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ, विधायक सीपी सिंह व नगर प्रशासक अमीत कुमार ने हरी झंडी दिखा कर की. बता दें कि पर्यावरण के अनुकूल यह इको बॉल बिना किसी नुकसान के तालाब को स्वच्छ बनाएगा. मौके पर उप प्रशासक रविंद्र कुमार, सहायक प्रशासक निहारिका तिर्की, सहायक लोक स्वास्थ्य पदाधिकारी किरण कुमारी, नगर प्रबंधक तथा निगम के अन्य कर्मी उपस्थित थे.


हरी झंडी दिखाते रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ, विधायक सीपी सिंह व नगर प्रशासक अमीत कुमार.

### तीन चरण में होगी सफाई

इको बॉल से बड़ा तालाब की सफाई तीन चरण में होगी. पहले चरण 15-15 दिनों में चार बार तालाब में इको बॉल फेंके जाएंगे, जिसमें दो महीने का समय लगेगा. दूसरे चरण में 30-30 दिनों में चार बार इसका इस्तेमाल होगा, जो चार महीने तक चलेगा. वहीं तीरे चरण में 30-30 दिनों के अंतराल में छह बार इसका इस्तेमाल होगा.

### क्या है इको बॉल

बैक्टीरिया और फंगस के मिश्रण से इको-बॉल तैयार किया जाता है, जिससे पानी की सफाई की जाती है. इको बॉल में मौजूद लाभदायक सूक्ष्मजीव पानी में उपलब्ध जैविक कचरे से नाइट्रोजन व कार्बन को भोजन के रूप में लेकर अपनी संख्या तेजी से बढ़ाते हैं. साथ ही पानी में मौजूद हानिकारक माइक्रोऑर्गेनिज्म को समाप्त कर पानी की गुणवत्ता में सुधार करते हैं. ई-बॉल के इस्तेमाल के बाद पानी की गुणवत्ता पीएच, ईसी, टीडीएस लेवल में तेजी से सुधार होता है. इस प्रक्रिया में जलीय जीवों, वनस्पति प्रजातियों और मानव समुदाय को किसी भी प्रकार का कोई नुकसान नहीं होता है. औसतन एक एकड़ क्षेत्रफल के तालाब में 800 ई-बॉल का इस्तेमाल किया जाता है. इस पर करीब 10 हजार रुपए खर्च होंगे.

### झारखंड अनुसचिवीय कर्मचारी संघ ने उपायुक्त को पहले सौंपा ज्ञापन, काला बिल्ला बांध कर किया काम, फिर पेन डाउन विरोध से भी नहीं बनी बात

# समाहरणालय कर्मियों की कल से अनिश्चितकालीन हड़ताल, अब काम करेंगे ठप

**संवाददाता। रांची**

झारखंड अनुसचिवीय कर्मचारी संघ (समाहरणालय संवर्ग) रांची इकाई ने शनिवार को अपने 9 सूत्री मांगों के समर्थन में कैंडल मार्च निकाला. कैंडल मार्च समाहरणालय ब्लॉक ए से जयपाल सिंह स्टेडियम से होते हुए ब्लॉक बी तक निकाला गया.

इसमें समाहरणालय, अनुमण्डल, प्रखण्ड एवं अंचल के कर्मी शामिल रहे. इस दौरान नेतृत्व कर रहे जिला अध्यक्ष अभय प्रभाकर तिर्की ने सभी कर्मियों को संबोधित करते हुए 22 जुलाई से राज्य इकाई के निर्णय अनुसार अनिश्चितकालीन हड़ताल पर जाने की घोषणा की.

बता दें इससे पूर्व समाहरणालय कर्मियों ने रांची डीसी को ज्ञापन सौंपा था. समाहरणालय कर्मी अपनी नौ सूत्री मांगों को लेकर बीते कई दिनों से आंदोलन कर रहे हैं. इस दौरान उन्होंने काला बिल्ला लगा कर विरोध और पेन डाउन विरोध भी किया. कैंडल मार्च में मुख्य रूप से अभय प्रभाकर तिर्की (जिला अध्यक्ष), जसीम अख्तर, मेरी ग्रेस टोप्पो, शिलवन्ति शान्ति एक्का, धर्मेन्द्र उरांव, प्रणेश मिंज, अमित कुमार गुप्ता, विकास दुबे उपस्थित थे.



समाहरणालय कर्मी शनिवार को कैंडल मार्च निकालते हुए.

### क्या हैं कर्मचारी संघ की प्रमुख मांगें

- निम्नवर्गीय लिपिक के ग्रेड वेतन को 1900 से बढ़ाकर 2400, उच्चवर्गीय लिपिक का ग्रेड वेतन-4200, प्रधान लिपिक का ग्रेड वेतन-4600, कार्यालय अधीक्षक का ग्रेड वेतन-4800 व प्रशासी अधिकारी का ग्रेड वेतन-5400 किया जाए.
- अविलंब पद सृजन की कार्रवाई की जाए - निम्नवर्गीय लिपिक से उच्चवर्गीय लिपिक के लिए प्रोन्नति निर्धारित कालावधि 08 वर्ष से घटाकर 04 वर्ष किया जाए और अन्य उच्चतर पदों के लिए प्रोन्नति के मामले में कालावधि में पचास प्रतिशत की छूट दी जाए.
- पद रिक्त नहीं रहने की स्थिति में एमएसीपी के माध्यम से पदक्रम के अनुसार वेतनमान का लाभ दिया जाए.
- एमएसीपी की कालावधि 10 वर्षों से घटाकर 08 वर्ष की जाए और पद सोपान के अनुरूप एमएसीपी की संख्या व वेतनमान अनुमान्य किया जाये.
- निम्नवर्गीय/कनीय आदि शब्दों को हटाते हुए समाहरणालय लिपिकों/प्रधान लिपिकों के पदनाम में निम्न प्रकार संशोधित किया जाए.
- निम्नवर्गीय लिपिक के स्थान पर समाहरणालय सहायक, उच्चवर्गीय लिपिक के स्थान पर समाहरणालय वरीय सहायक. प्रधान लिपिक के स्थान पर मुख्य अनुसचिवीय पदाधिकारी सहायक प्रशासी अधिकारी कार्यालय अधीक्षक. समाहरणालय एवं उसके अधीनस्थ सभी कार्यालयों में कार्यालय अधीक्षक (सहायक प्रशासी अधिकारी) का पद सृजित करते हुए कार्यालय अधीक्षक के पद को राजपत्रित पद घोषित किया जाए.
- झारखंड प्रशासनिक सेवा की 25 प्रतिशत मूल कोटि के लिए उपसमाहर्ता सीमित प्रतियोगिता परीक्षा में शामिल होने के लिए निर्धारित शर्त यथा-4200 का ग्रेड वेतन तथा समय/उम्र सीमा आदि को समाप्त करते हुए समाहरणालय संवर्ग के सभी लिपिकीय कर्मियों के लिए अनुमान्य किया जाय उपसमाहर्ता सीमित प्रतियोगिता परीक्षा में समाहरणालय संवर्ग के लिपिकों के लिए 50 प्रतिशत सीट सुरक्षित की जाए.
- चतुर्थवर्गीय कर्मियों को योग्यता व वरीयता के आधार पर बिना किसी परीक्षा के समाहरणालय लिपिकीय संवर्ग के 15 प्रतिशत आरक्षित पदों दी जाए या प्रोन्नति प्रदान की जाए. साथ ही समाहरणालय एवं संलग्न कार्यालयों में कार्यरत संविदा कर्मियों की सेवा नियमित की जाए और आउटसोर्सिंग के आधार पर कार्यरत कर्मियों की सेवा को अनुबंध पर लेते हुए उनकी सेवा राज्य सरकार के अधीन की जाए.
- कार्यालय अधीक्षक (सहायक प्रशासी अधिकारी) व प्रशासी अधिकारी के कार्यों एवं दायित्वों को पुनर्निर्धारित किया जाए. कर्मियों की सेवा निवृत्ति उम्र सीमा 60 वर्ष से बढ़ाकर 65 वर्ष की जाए.

## शहर में आज

1. विभिन्न संगठनों की मुस्लिम मुद्दों पर राज्यस्तरीय परिचर्चा प्रेस क्लब में दिन के 11 बजे
2. प्रदेश मोमिन कांफ्रेंस की बैठक, अंजुमन प्लाजा में दिन के 11 बजे
3. एमएसीपी संघर्ष मोर्चा की बैठक, जिला स्कूल में दिन के 11 बजे
4. आदिवासियों का महाधरना, बापू वाटिका मोरहाबादी में दोपहर 12 बजे

## ब्रीफ खबरें

### 'काव्या' की प्रथम मासिक गोष्ठी आज

**रांची।** नवगठित साहित्यिक संस्था 'काव्या' की प्रथम मासिक गोष्ठी शनिवार को विद्यानगर (रोड नं 3, निकट शिव-हनुमान मंदिर) हरमू स्थित टाइनी टॉट्स इंग्लिश हाईस्कूल में अपराह्न तीन बजे से होगी. यह जानकारी संस्था के संयोजक एवं कवि प्रवीण कुमार परिमल ने दी है. उन्होंने नगर के काव्यप्रेमियों को उक्त गोष्ठी में आमंत्रित किया है.

### हजारों ने लिया श्रीश्याम भंडारे का महा प्रसाद

**रांची।** श्री श्याम मित्र मंडल के तत्वावधान में शनिवार को 121 श्री श्याम भंडारा का आयोजन किया गया, जिसमें हजारों श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया. मंडल के महामंत्री विश्वनाथ नारसरिया के नेतृत्व में श्याम भक्त परिवार ने श्री श्याम मंदिर में विराजमान खाटूनरेश रिद्धि सिद्धि शिव परिवार बजरंगबली लड्डू गोपाल शालिग्रामजी गरुडजी व गुरुजनों को भंडारे का प्रसाद अर्पित किया.

### सांसद सुखदेव भगत से की शिष्टाचार भेंट

**रांची।** आदिवासी लोहरा समाज के अध्यक्ष बालमुकुंद के नेतृत्व में लोगों ने सांसद सुखदेव भगत से शिष्टाचार मुलाकात कर समाज की समस्याओं पर बात की. बाल मुकुंद ने कहा, लोहार-लोहरा दो अलग जातियां हैं, परंतु दोनों के खतियानों में जाति लोहार दर्ज हो गयी है. इसमें रांची लोहरदगा खूंटी गुमला सिमडेगा लातेहार जिला शामिल है.उत्तर बिहार के लोहार पिछड़ी जाति अनेकचर 2 में आते हैं.

### जीवन की ज्योत से दूसरों को प्रकाशित करें : आर्चबिशप

**रांची।** समाज विकास केंद्र में बुनियादी कलीसियाई समुदाय की कार्यशाला आयोजित की गई. इस में आर्चबिशप विसेंट आइंद ने कहा कि शिक्षा से जीवन ज्योति जलाएं, गांव, समाज के अंधकार को दूर करें. यह ऐसा समुदाय है, जो अपने जीवन को बाइबल के अनुसार जीने की कोशिश करता है.

### अमित शाह के भाषण पर झामुमो, कांग्रेस, राजद की तीखी प्रतिक्रिया, कहा

# शाह आएं या पीएम मोदी, झारखंड में भाजपा का मकसद पूरा नहीं होनेवाला

- बाबूलाल मरांडी नही पहुंच पाएंगे विधानसभा, भाजपा के दोनों प्रभारी भ्रष्टाचार के बड़े उदाहरण

**मुख्य संवाददाता। रांची**

भाजपा की विस्तारित कार्यसमिति की बैठक में भाजपा नेताओं खासकर केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह भाषण पर तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए झामुमो, कांग्रेस और राजद ने तगड़ा पलटवार किया है.

झारखंड मुक्ति मोर्चा प्रवक्ता मनोज पांडे ने कहा कि भाजपा के पास झारखंड को लेकर न कोई नेता है और न नीति. भाजपा पहले अपना चेहरा बता दे, बाबूलाल मरांडी कहां से चुनाव लड़ेंगे यही बता दे, हम भाजपा को चुनौती देते हैं कि बाबूलाल मरांडी किसी भी कीमत में विधानसभा नहीं पहुंच पाएंगे.

भ्रष्टाचार को लेकर भाजपा नेताओं के भाषणों को लेकर कहा कि भ्रष्टाचार की आकंठ गहराई में डूबी भाजपा जनता को बरगलाने के लिए भ्रष्टाचार की बात करती है. लेकिन भाजपा ने जिनको झारखंड में संगठन को मजबूत करने के लिए प्रभारी बना कर भेजा है, वो दोनों ही भ्रष्टाचार के सबसे बड़े उदाहरण हैं. एक व्यापम घोटाला तो दूसरा शारदा घोटाले में आरोपी है. ये लोग झारखंड में आकर भ्रष्टाचार की बात करते हैं, तो इन्हें शोभा नहीं देता.



#### भाजपा नेताओं का मानसिक संतुलन बिगड़ चुका : राजद

झारखंड प्रदेश राजद के प्रवक्ता मनोज कुमार ने कहा कि जिस तरह गृह मंत्री अमित शाह के मंच से भानु प्रताप शाही ने अमर्यादित भाषा का प्रयोग मुख्यमंत्री हेमंत सोरने के लिए किया, वो ये साबित करता है कि भाजपा नेताओं का मानसिक संतुलन बिगड़ चुका है. भानु प्रताप शाही ने झारखंड के मुख्यमंत्री और बड़े आदिवासी नेता हेमंत सोरेन के संबंध में कहा कि गाटा पकड़ कर हेमंत सरकार को उखाड़ फेंकेंगे... यह भाजपा के मानसिक दिवालियापन की एक झलक है. मनोज यादव ने कहा, जिस तरह से भानु प्रताप शाही ने शब्दों का प्रयोग किया, उनको अपने गिरेबान में झांकना चाहिए .जब तक वह भाजपा में नहीं थे, भाजपा नेताओं पर तीखी टिप्पणी करने से बाज नहीं आते थे, जैसे ही भानु भाजपा में सम्मिलित हुए और दूध के धुले हो गए, पवित्र और पाक साफ हो गए. गृह मंत्री सहित सभी मंचासीन भाजपा नेताओं को सार्वजनिक रूप से माफी मांगनी चाहिए. राज्य के मुख्यमंत्री के खिलाफ बोला गया एक-एक शब्द राज्य की जनता सुन रही है. इसका जबाब झारखंड की जनता आने वाले विधानसभा में भाजपा को दे देगी.

**भाजपा की वाशिंग मशीन में नहीं गए तो हेमंत को जेल में डाला :** झामुमो नेता मनोज पांडे ने कहा कि हेमंत सोरेन जब भाजपा की वाशिंग मशीन में नहीं गए, तो उन्हें जेल जाना पड़ा. एक आदिवासी मुख्यमंत्री, एक लोकप्रिय मुख्यमंत्री को केंद्रीय एजेंसियों के माध्यम से भाजपा झुकाने का असफल प्रयास कर चुकी है. लेकिन झारखंड के लोगों की रगो में बहनेवाल खून लड़ता है, झुकता कभी नहीं. लाख कोशिश के बाद भी ये लोग असफल हो रहे हैं. भाजपा के सभी बड़े नेता आ रहे हैं, ये इस बात को दिखाता है कि कि हेमंत सोरेन, हमारी पार्टी, हमारा गठबंधन बहुत मजबूत स्थिति में है. इसलिए झारखंड में इनको इतना पसीना बहाना पड़ रहा है. लोकसभा चुनाव के दौरान भाजपा अपना पुराना प्रदर्शन भी दोहरा नहीं पाई. इस बात की बेचैनी भाजपा नेताओं को है. चाहे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आएं या गृह मंत्री अमित शाह, झारखंड में इनको सफलता कभी नहीं मिलेगी.

#### भाजपा भ्रष्टाचार की बात करती है और घोटाले का आरोपी मंच पर बैठता है

प्रदेश कांग्रेस प्रवक्ता सोनाल शांति ने केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कांग्रेस और झारखंड सरकार पर लगाए गये आरोप पर कड़ी प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि अमित शाह परिवारवाद, तुष्टीकरण, सुरक्षा के साथ खिलवाड़ का आरोप कांग्रेस पर लगाते हैं, जबकि परिवारवादी नेताओं को सबसे ज्यादा भाजपा में जगह दी गई है. कांग्रेस की धर्मनिरपेक्ष सोच की राजनीति को सांप्रदायिक चश्मे से देखने वाली भाजपा को तुष्टीकरण दिखता है. वर्तमान में जम्मू कश्मीर में लगातार हमले हो रहे हैं, चीन सीमा क्षेत्र में घुस रहा है. यह नहीं दिख रहा है. हास्यास्पद बात है कि देश की कमान मोदी के हाथों में है और सुरक्षा के साथ खिलवाड़ कांग्रेस कर रही है.

#### अर्जुन मुंडा के कार्यकाल में हुआ था मनरेगा का घोटालाः कांग्रेस

कांग्रेस प्रवक्ता ने कहा, अमित शाह मनरेगा घोटाले की बात करते हैं, जो अर्जुन मुंडा के कार्यकाल में हुआ और उन्हें मंच पर अपने साथ बिठाते हैं. जो दवा घोटाले के आरोपी हैं. जिनकी संपत्ति ईडी ने जब्त की है, उनसे ईमानदारी का प्रमाण पत्र प्राप्त करते हैं. राज्य के मुख्यमंत्री को एक भ्रष्टाचारी पूर्व मंत्री द्वारा अमर्यादित शब्दों से संबोधित किया जाता है, लेकिन इस इस पर अमित शाह की चुप्पी भाजपा और भाजपा नेताओं के संस्कारों को दर्शाती है. सोनाल शांति ने कहा कि अमित शाह घुसपैठ और डेमोग्राफिक चेंज के मामले में जनसंख्या पर श्वेत पत्र लाने की बात करते हैं, लेकिन सीमाओं से घुसपैठ कैसे और क्यों हो रही है, इसकी बात नहीं करते. जनता जानती है सीमाओं की रक्षा के मामले में प्रधानमंत्री और गृह मंत्री दोनों फेल हैं.

### स्वास्थ्य मंत्री ने की दिल्ली से कई मांगें, कहा

# झारखंड में आयुष्मान भारत योजना दायरा बढ़ाए केंद्र

**संवाददाता। रांची**

केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जेपी नड्डा और स्वास्थ्य राज्यमंत्री अनुप्रिया पटेल के साथ शनिवार को झारखंड के स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता ने वर्चुवल बैठक की. इस दौरान बन्ना गुप्ता ने झारखंड में परिवार नियोजन कार्यक्रम प्रभावी तरीके से लागू करने के लिए भारत सरकार से अपेक्षित सहयोग मांगा. साथ ही उन्होंने झारखंड के 62 लाख परिवारों को आयुष्मान भारत योजना का लाभ देने को कहा. उन्होंने परिवार नियोजन कार्यक्रम के लिए जिला को-ऑर्डिनेटर का पद स्वीकृत करने, सहिया दीदी का मानदेय 2000 से बढ़ाकर 6000 करने, स्वास्थ्य कार्यक्रमों का लाभ यहां के लोगों को 90:10 के अनुपात में देने की मांग की. साथ ही सुदूर ग्रामीण क्षेत्रों में परिवार नियोजन कार्यक्रम के प्रचार प्रसार के लिए निःशुल्क भारतीय डाक विभाग के सहयोग की अपेक्षा की. कहा कि झारखंड में पीसी एंड पीएंडडीटी एक्ट को मजबूत बनाने के लिए झारखंड को विशेष प्रचार-प्रसार सामग्री उपलब्ध करायी जाए. केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री ने सहिया का मानदेय बढ़ाने के मामले को नीतिगत मामला बताया. साथ ही अन्य मांगों पर विचार करने का आश्वासन दिया.



#### खास बातें

- बन्ना गुप्ता ने केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री के साथ की वर्चुअल बैठक
- कई मांगों को रखा और जल्द पूरा करने का किया आग्रह

#### झारखंड में जल्द लागू होगा एमपीए

झारखंड यूरोलाजी सोसाइटी 5वां वार्षिक कांफ्रेंस को संबोधित करते हुए स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता ने कहा कि झारखंड में चिकित्सकों की सुरक्षा को लेकर मेडिकल प्रोटेक्शन एक्ट (एमपीए) लागू कराने और क्लीनिकल एस्टेब्लिशमेंट एक्ट को सरल बनाने की दिशा में सरकार काम कर रही है. जल्द ही इस दिशा में कार्रवाई दिखेगी. रिसर्च पर फोकस करते हुए स्वास्थ्य मंत्री ने कहा कि सभी चिकित्सकों को रिसर्च पर विशेष ध्यान देने की जरूरत है. कहा कि झारखंड में चिकित्सकों के प्रमोशन के लिए रिसर्च जरूरी कर दिया गया है. रिम्स के चिकित्सक 30 प्रतिशत समय रिसर्च पर दे रहे हैं. रिसर्च आने वाली पीढ़ी के लिए दस्तावेज होगा.

# मनरेगा कर्मियों ने स्थाईकरण की मांग को ले निकाला मशाल जुलूस

**मुख्य संवाददाता। रांची**

झारखंड राज्य मनरेगा कर्मचारी संघ का वादा निभा, स्थाई करो मुहिम के तहत तीन दिन की सांकेतिक हड़ताल के अंतिम दिन तक समूचे राज्य में मनरेगा कर्मी सभी जिला मुख्यालयों में जमे रहे. निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार शनिवार शाम को मशाल जुलूस निकाला गया.

मशाल जुलूस के माध्यम से अनिश्चितकालीन हड़ताल की घोषणा की गई. अध्यक्ष जॉन बागे ने कहा कि सरकार बिल्कुल ही निरंकुश हो गई है. जानबूझ कर मनरेगा कर्मियों को हड़ताल करने पर विवश कर रही हैं. अपने कार्यकाल में मनरेगा कर्मियों को झूठे आश्वासनों के अलावा कुछ नहीं दिया. ग्रामीण विकास मंत्री का आवास घेराव, विधानसभा घेराव, 100 किलोमीटर पद यात्रा, मुख्यमंत्री आवास घेराव, सभी जिला मुख्यालयों में धरना प्रदर्शन होने के बावजूद संज्ञान न लेना. सरकार की निरंकुशता को दर्शाता है. मनरेगा कर्मी 17 वर्षों से भारत सरकार के ग्रामीण विकास विभाग के अति महत्वाकांक्षी योजना मनरेगा में अपना योगदान दे रहे हैं. पूरी जवानी सरकार की सेवा में दे दिए अब बुढ़ापे में कहां जाएंगे. कोरोना महामारी के समय भी जब सभी लोग अपने अपने घरों में दुबके हुए थे, अपनी जान की परवाह किए बिना मनरेगा कर्मी मजदूरों को रोजगार देकर, घर घर में चूल्हा जलाने का काम किया है. प्रखंडों में मनरेगा कर्मियों का दायित्व अहम है. हमारी मांगें हैं कि हमारी नियुक्ति नियमावली में संशोधन कर सेवा स्थाई कर ग्रेड पे दिया जाए, जिसका वादा हेमंत सोरेन ने किया था.

### ढुल्लू की गाली पर पुलिस एसोसिएशन का विरोध

**रांची।** सांसद ढुल्लू महतो द्वारा बोकारो एसपी को गाली देने पर झारखंड पुलिस एसोसिएशन ने विरोध जताया है. कहा कि ढुल्लू महतो ने एसपी बोकारो को गाली दी है. ये कानून और नैतिकता के दृष्टिकोण न्यायोचित नहीं है. इस संबंध में बोकारो शाखा ने बैठक की और ढुल्लू महतो द्वारा एसपी बोकारो को अपने बयान में दी गई असंसदीय एवं अर्मादित गाली का विरोध किया.

इस तरह का बयान कानूनी रूप से भी उचित नहीं है. एसपी जैसे वरीय पदाधिकारी के पर असंसदीय एवं अपशब्द भाषा का प्रयोग करने से झारखंड पुलिस के पदाधिकारियों/कर्मियों पर काफी प्रतिकूल प्रभाव पड़ा है. साथ ही पुलिसकर्मी काफी आहत हुए हैं. बोकारो जिला के पुलिस कर्मियों के साथ-साथ झारखंड राज्य के पुलिसकर्मी भी प्रभावित हुए हैं. ढुल्लू महतो अगर अपने बयान को वापस नहीं लेते हैं तो आंदोलन की रणनीति तय की जाएगी.

### आजसू पार्टी ने पुतला फूंक कर किया विरोध

# कानून व्यवस्था ध्वस्त, अपराधी बेखौफ

**संवाददाता। रांची**

राज्य में ध्वस्त कानून व्यवस्था के खिलाफ आजसू ने शनिवार को अल्बर्ट एक्का चौक पर मुख्यमंत्री का पुतला दहन किया. इससे पूर्व सारे कार्यकर्ता व पदाधिकारी रांची विश्वविद्यालय गेट के समीप जुटे. वहां से अल्बर्ट एक्का चौक तक पैदल मार्च कर पहुंचे.

आजसू के पदाधिकारियों ने कहा कि आज लोगों को घर से निकलने में डर लगता है. छिनैती समेत अन्य आपराधिक घटनाओं में अप्रत्याशित वृद्धि हुई है. अपराधी बेखौफ होकर घटनाओं को अंजाम दे रहे हैं उनके अंदर कानून का भय खत्म हो गया है. बीती रात ही हरमू में एक बैंककर्मी की अपराधियों ने गोली मारकर निर्मम हत्या कर दी. ऐसी कई घटनाएं राज्यभर में आए दिन हो रही हैं, सरकार व पुलिस प्रशासन भ्रष्टाचार में डूबे हुए हैं और आम जनता की सुरक्षा के प्रति उनकी कोई जवाबदेही नहीं है. पुतला दहन में जितेंद्र सिंह, सतेंद्र सिंह, डॉ पार्थ परितोष, युवा आजसू से गौतम सिंह, अमित कुमार, चेतन प्रकाश, नीतीश सिंह, राहुल तिवारी, अभिषेक झा, सुधीर, रोहित, रित्विक, छात्र संघ से ओम वर्मा, करण पाठक, नीलाभ रत्न, अमित मिश्रा, पवन, प्रियांशु सिन्हा, रिजवान समेत आजसू के रांची जिला, महानगर, महिला, युवा एवं छात्र इकाई के सदस्यों ने भाग लिया.



अल्बर्ट एक्का चौक पर पुतला दहन करते आजसू कार्यकर्ता.

### मतदाता जागरूकता रथ को किया रवाना

**रांची।** शनिवार को रांची समाहरणालय परिसर से द्वितीय विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम के तहत सदर एसडीओ उत्कर्ष कुमार ने मतदाता जागरूकता रथ रवाना किया. आगामी विधानसभा सभा चुनाव 2024 को लेकर मतदाताओं को मतदान करने के लिए जागरूक करने के लिए बड़े पैमाने पर जागरूकता कार्यक्रम चलाया जा रहा है. इसका मुख्य उद्देश्य आगामी चुनाव में ज्यादा से ज्यादा योग्य मतदाता को जोड़ते हुए उन्हें मतदान करने के लिए प्रेरित करना है. ये जागरूकता रथ कांके, रांची शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में घूमकर मतदाताओं को जागरूक करेगा.

**कम मतदान पड़े बूथों में विशेष अभियान :** एसडीओ उत्कर्ष कुमार ने कहा की आगामी विधानसभा चुनाव 2024 में मतदान का प्रतिशत बढ़ाने को लेकर अभी से ही मतदाताओं को लगातार जागरूक किया जा रहा है. वैसे मतदान बूथ जहां कम मतदान हुआ, वहां विशेष जागरूकता अभियान चलाया जाएगा.

### मौसम का मिजाज | राजधानी में रिमझिम के साथ हो सकती है जोरदार बारिश

# झारखंड में आषाढ़ में 51% कम बारिश, सावन से किसानों को आस

**शुभम किशोर। रांची**

झारखंड में आषाढ़ माह में कम हुई बारिश से आम लोगों के साथ किसान परेशान हैं. एक ओर किसान को सूखे का डर सता रहा है. वहीं दूसरी ओर आम जनता को बारिश नहीं होने से सूखे हुए जलाशय और बोरिंग के फेल रहने से रोजमर्रा के काम करने में परेशानी का सामना करना पड़ रहा है. किसान टकटकी लगाए आसमान कि ओर देख रहे हैं. कब बारिश हो और कब खेती की जाए. झारखंड में आषाढ़ में 51 प्रतिशत कम बारिश हुई है. इस दौरान सबसे ज्यादा बारिश गोड्डा में हुई है. वहीं सबसे कम बारिश लोहरदगा में मात्र 30 प्रतिशत हुई है.



वहीं राजधानी रांची में 20 जुलाई तक 54 प्रतिशत कम बारिश हुई है. अब सभी को आस सावन से है. इसमें अगर जम कर बारिश नहीं हुई, तो स्थिति खराब होने की संभावना है.

**आज से झारखंड में बरसेंगे बादल :** झारखंड के लगभग सभी जिलों में शनिवार को बादल छाए रहे. कुछ जिलों में हल्की बारिश भी हुई. मौसम विभाग के अनुसार रविवार से झारखंड के सभी जिलों में हल्के से मध्यम दर्जे कि बारिश होने की संभावना है. 21 जुलाई को उत्तर-पूर्वी झारखंड (देवघर, धनबाद, दुमका, गिरिडीह, गोड्डा, जामतारा, पाकुड़ तथा साहिबगंज) में भारी बारिश होने कि संभावना है. वहीं 22 जुलाई को राज्य के दक्षिण-पूर्वी तथा निकर्वर्ती मध्य भागों (रांची, रामगढ़, खूंटी, पश्चिमी सिंहभूम, पूर्वी सिंहभूम, सरायकेला खरसावां) में भारी बारिश को लेकर चेतावनी जारी की गई है. वहीं 23 जुलाई राज्य को दक्षिणी तथा निकटवर्ती पश्चिम एवं मध्य भागों (रांची, रामगढ़, खूंटी, पश्चिमी सिंहभूम, पूर्वी सिंहभूम, सरायकेला खरसांवां, गुमला, लोहरदगा, लातेहार) में भारी बारिश होने की संभावना है. इस दौरान राज्य में कहीं-कहीं पर गर्जन के साथ वज्रपात होने की संभावना है.

#### आज से पूरे राज्य में हो सकती है भारी बारिश

राज्य में रविवार से बारिश की संभावना है. इस दौरान रांची में भी भारी बारिश होने की संभावना है. मौसम विभाग के पूर्वानुमान के अनुसार रविवार को को रांची में सामान्यत: बादल छाये रहेंगे, वहीं गर्जन के साथ मध्यम दर्जे की बारिश होगी. सोमवार व मंगलवार को भी बादल छाये रहेंगे, गर्जन के साथ मध्यम दर्जे की बारिश होगी. वहीं पिछले 24 घंटे में राज्य में कुछ स्थानों पर हल्के से मध्यम दर्जे की वर्षा हुई. इस दौरान राज्य में मॉनसून गतिविधि कमजोर रही. सबसे अधिक 24.0 एमएम बारिश बाघमारा (धनबाद) में दर्ज की गयी. उच्चतम तापमान 37.5 डिग्री गोड्डा में, जबकि न्यूनतम तापमान 24.2 डिग्री रांची में दर्ज किया गया. राज्य में अगले दो दिनों के दौरान अधिकतम तापमान में 2 से 3 डिग्री की गिरावट हो सकती है.

# सरकार आंदोलनों को कुचलना बंद करेः शंकर नायक

### सीएम को पुलिस बाल के जवानों एवं पारा शिक्षकों की जायज मांगों को मान लेना चाहिए : क्रांति पार्टी

**संवाददाता। रांची**

संपूर्ण भारत क्रांति पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव झारखंड-छत्तीसगढ़ प्रभारी विजय शंकर नायक ने पारा शिक्षकों के शांतिपूर्वक ढंग से किये जा रहे आंदोलन पर लाठीचार्ज एवं आंसू गैस के गोला छोड़े जाने पर अपनी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा कि सरकार अब यह नहीं चाह रही है कि राज्य में कोई आंदोलन सरकार के खिलाफ हो. जिसका परिणाम है कि शुक्रवार को बर्बरता पूर्वक सहायक पुलिस बल के आंदोलन पर लाठी चार्ज किया गया और शनिवार को पारा शिक्षकों एवं शिक्षिकाओं पर भी लाठीचार्ज एवं आंसू गैस के गोले छोड़े गए. जिससे यह प्रतीत होता है कि सरकार दमनकारी नीति के तहत सभी आंदोलनों को कुचलना चाहती है. जिसे झारखंडी समाज खासकर आदिवासी मूलवासी लोग कभी बर्दाश्त नहीं करेंगे. कहा कि लोकतंत्र में सभी को बात रखने का अधिकार है. आंदोलन को दमन करने का प्रयास किया जा रहा, जो शुभ संकेत नहीं है.

राज्य के मुख्यमंत्री को बड़ा दिल करते हुए राज्य के आंदोलनकारी सहायक पुलिस बाल के जवानों एवं पारा शिक्षक एंव शिक्षिकाओं की जायज मांगों को मान लेना चाहिए.



#### खास बातें

- लगातार दो दिन अपने ही कर्मियों पर लाठीचार्ज गलत
- दमन को झारखंडी लोग कभी बर्दाश्त नहीं करेंगे

## हिंदू जागरण मंच सेवा शिविर का आयोजन कल

**रांची** । हिंदू जागरण मंच के तत्वावधान में श्रावण की हर सोमवारी पर पहाड़ी मंदिर के मुख्य द्वार पर श्रद्धालुओं के लिए सेवा शिविर लगाया जाएगा. यह निर्णय शनिवार को संपन्न मंच की बैठक में किया गया. बैठक की अध्यक्षता मंच के सुखदेव नगर मंडल अध्यक्ष चंदन सिंह ने की. निर्णय के अनुसार शिविर में भक्तों के लिए दूध, पुष्प, बेलपत्र आदि का वितरण किया जाएगा. हिंदू जागरण मंच के वरिष्ठ पदाधिकारी सुजीत सिंह ने मार्गदर्शन कराया. उन्होंने कहा कि मंदिर परिसर में किसी भी भक्त को कोई समस्या नहीं हो, इस बात का भी विशेष ध्यान रखा जाएगा. बैठक में मुख्य रूप से रांची महानगर अध्यक्ष निशांत चौहान, चंदन सिंह, राहुल सिंह राजपूत, कर्ण कर्मकार, अमित चौधरी अभिजीत मिश्रा, अंश कुमार, सूरज कुमार, पृथ्वी राज सिंह, सत्य सिंह, सिम्पी शर्मा, रवि चौधरी, अंकित जेदिया उपस्थित रहे.

### खेलगांव स्थित बिरसा एथलेटिक्स स्टेडियम में हुआ तीन वर्ग में 15 टीमों में मुकाबला

# राज्यस्तरीय प्री-सुब्रतो कप फुटबॉल टूर्नामेंट का आगाज

**खेल संवाददाता । रांची**

63 वें राज्यस्तरीय प्री-सुब्रतो कप फुटबॉल टूर्नामेंट 2024-25 का आगाज शनिवार को रांची के खेलगांव स्थित बिरसा एथलेटिक्स स्टेडियम में हुआ. झारखंड शिक्षा परियोजना निदेशक आदित्य रंजन ने प्रतियोगिता का विधिवत शुभारंभ किया.

इस दौरान उन्होंने फुटबॉल को किक मारकर और गुब्बारे उड़ाकर प्रतियोगिता का आगाज किया. कार्यक्रम के दौरान उन्होंने कहा कि शारीरिक शिक्षकों के कार्यों की जितनी सराहना की जाए, कम है. लगभग पांच हज़ार विद्यार्थियों ने प्रखंड स्तर पर भाग लिया और राज्यस्तरीय प्रतियोगिता तक का सफर तय किया है. पदाधिकारी और शिक्षक इसपर फोकस करें कि अधिक से अधिक बच्चों को कैसे खेलों में मौका मिले.


प्रतियोगिता का शुभारंभ करते झारखंड शिक्षा परियोजना निदेशक आदित्य रंजन एवं अन्य.

**अगले वर्ष होगी खेलो झारखंड अंतर्गत लघु प्रतियोगिता :** झारखंड शिक्षा परियोजना निदेशक आदित्य रंजन ने कहा कि झारखंड शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद रातू में मिनी स्पोर्ट्स कैंपस का निर्माण हो रहा है. इसमें खेलो झारखंड की लघु प्रतियोगिताएं अगले वर्ष से आयोजित की जाएगी. जिससे प्रतियोगिताओं में शामिल होने वाले बच्चों को आवासन की बेहतरीन सुविधा भी मिलेगी. आदित्य रंजन ने कहा कि बच्चे खेले, मगर नशे का शिकार ना बने. उन्होंने कहा कि खेलो का आयोजन इतना शानदार हो कि अगले वर्ष झारखंड को चार नहीं, उससे अधिक एसजीएफआई खेलो की मेजबानी का मौका मिले. उन्होंने कहा कि आयोजन में किसी तरह की कोताही बर्दाश्त नहीं होगी. प्री-सुब्रतो कप टूर्नामेंट संपन्न होने के बाद विजेता बच्चो को 21 दिनों का जो विशेष प्रशिक्षण मिलेगा, उस प्रशिक्षण कार्यक्रम का वे खुद मोनेटरिंग करेंगे. 63 वें राज्यस्तरीय प्री-सुब्रतो कप फुटबॉल टूर्नामेंट के शुभारंभ समारोह में मुख्य अतिथि के साथ, राज्य कार्यक्रम पदाधिकारी धीरसेन सोरेंग, सुब्रतो मुखर्जी स्पोर्ट्स एजुकेशन सोसाइटी के राज्य पर्यवेक्षक शेखर कुमार शर्मा समेत खेल कोषांग के सभी सदस्य और प्रतिभागी, शारीरिक शिक्षा से जुड़े शिक्षक शामिल हुए.

**पहले दिन के परिणाम**

- उत्तरी छोटानागपुर बनाम दक्षिणी छोटानागपुर के बीच हुए अंडर 17 बालिका वर्ग मुक़ाबले में दक्षिणी छोटानागपुर ने दो गोल कर 2-1 से जीत दर्ज की.
- उत्तरी छोटानागपुर बनाम संथाल के बीच हुए अंडर 15 बालक वर्ग फुटबॉल मुक़ाबले में संथाल की टीम ने 1-0 से जीत दर्ज की
- संथाल बनाम कोल्हान के बीच हुए अंडर 17 बालिका वर्ग फुटबॉल मुक़ाबले में संथाल ने 10-1 से कोल्हान को परास्त कर जीत दर्ज की
- पलामू बनाम कोल्हान के बीच हुए अंडर 15 बालक वर्ग मुक़ाबले में कोल्हान ने 2-1 से मुक़ाबला अपने नाम कर लिया.

## न्यूज अपडेट

### हॉकी चैंपियनशिप : दोनों वर्गों में झारखंड फाइनल में


इस प्रकार हुआ झारखंड की टीम का फाइनल में प्रवेश.

**रांची।** दूसरी हॉकी इंडिया ईस्ट जोन जूनियर राष्ट्रीय चैंपियनशिप के दोनों वर्गों में झारखंड की टीम ने फाइनल में प्रवेश कर लिया है. लीग मुकाबलों में अपराजित रहने वाली झारखंड टीम ने सेमीफाइनल में भी शानदार प्रदर्शन किया. झारखंड की बालिका टीम ने ओडिशा को 4-1 से पराजित कर फाइनल में प्रवेश किया. रविवार को मेजबान बंगाल से खिताबी मुकबाले में झारखंड की महिला टीम भिड़ेगी. सेमीफाइनल में झारखंड की ओर से पिंकी, सुखमणि और सलोनी ने गोल किया. वहीं बालक वर्ग में झारखंड ने मेजबान बंगाल को 7-0 से हराकर फाइनल में प्रवेश किया. फाइनल में झारखंड की बालक टीम ओडशा की टीम से भिड़ेगी. बता दें 14 से 21 जुलाई तक दूसरी हॉकी इंडिया ईस्ट जोन जूनियर राष्ट्रीय चैंपियनशिप का आयोजन पश्चिम बंगाल के कोलकाता में किया जा रहा है.

### आईपीसीए कमेटी की बैठक में लिये गये कई निर्णय

**रांची।** इंडियन पियरे डी कूपर्टिन एसोसिएशन की एग्जीक्यूटिव कमेटी की बैठक शनिवार को खेलगांव में संपन्न हुई. बैठक की अध्यक्षता कमिटी के प्रेसिडेंट दिलीप तिर्की ने की. बैठक में सदस्यों की ऑनलाइन और ऑफलाइन रूप से जुड़े. इसमें आईपीसिए को पूरे देश में विस्तार पर चर्चा की गयी. साथ ही तय किया गया की एसोसिएशन अन्य कार्यक्रमों के आयोजन के साथ साथ इस वर्ष के सितंबर माह में चेन्नई में शारीरिक शिक्षको के लिए सेमिनार का आयोजन करेगी. तीन दिवसीय आयोजन में देश के विभिन्न राज्यों के स्कूलों के शारीरिक शिक्षक भाग लेंगे. इसके साथ प्रति वर्ष की तरह कुबर्टिन युथ फोरम का आयोजन किया जाएगा, जिसकी जिम्मेदारी किसी कुबर्टिन स्कुल को दी जाएगी. यह कार्यक्रम दिल्ली या गुजरात में आयोजित होगा. इस बैठक में आईपीएस सरोजिनी लकड़ा, शिवेंद्र दुबे, शिव कुमार रमन, उमा रानी पालित, आई लकड़ा, चंचल भट्टाचार्य, सुभाष कुमार, शंभू सेठ, आरिफ सिपी, डेनिस डावसन उपस्थित थे.

### मदरसा संस्कृत शिक्षक समन्वय समिति ने ज्ञापन सौंपा

**रांची** । झारखंड मदरसा संस्कृत शिक्षक समन्वय समिति के राज्य स्तरीय प्रतिनिधिमंडल ने शनिवार को मौलाना मुस्तफा कासमी के नेतृत्व में प्रदेश कांग्रेस अल्पसंख्यक प्रभारी उमैर खान से कांग्रेस भवन में मुलाकात कर मांग पत्र सौंपा. मांग पत्र के माध्यम से झारखंड राज्य में प्रस्वीकृति प्राप्त 46 मदरसा और 36 संस्कृत स्कूलों को बिहार की तर्ज पर वेतन मद में अनुदान देने की मांग की गई. बिहार राज्य संस्कृत विद्यालय प्रस्वीकृति नियमावली 1976 एवं मदरसा प्रस्वीकृति नियमावली 1980 में प्रावधान है कि प्रस्वीकृति के बाद संस्थान में कार्यरत कर्मियों को राज्य सरकार वेतन मद में अनुदान देगी. इस संबंध में कांग्रस अल्पसंख्यक प्रभारी ने वरीय अधिकारी से बात कर समाधान करने का आश्वासन दिया. प्रतिनिधिमंडल में हाफिज साजीदुल्लाह, गुंजन कुमार, हरिहर प्रसाद कुशवाहा, बलदेव पांडे, अर्जुन कुमार पांडेय शामिल थे.

### संत मारग्रेट बालिका उवि को +2 बनाने की तैयारी


संत मारग्रेट बालिका उच्च विद्यालय.

**रांची।** संत मारग्रेट बालिका उच्च विद्यालय में शनिवार को 139वां विद्यालय दिवस मनाया गया. कार्यक्रम की शुरुआत संत पॉल गिरजाघर में सामूहिक प्रार्थना से की गई. अतिथियो का स्वागत पुष्प देकर किया गया. मुख्य अतिथि बिशप बीबी बास्के शामिल हुए. उन्होंने बच्चों को संबोधित करते हुए कहा कि संत मारग्रेट बालिका उच्च विद्यालय को प्लस टू बनाने की प्रक्रिया शुरू हो चुकी है और इस विद्यालय में इंटर की पढ़ाई आरंभ की जाएगी, ताकि अधिक से अधिक बालिकाएं संत मारग्रेट की तरह समाज में शिक्षा के दीप प्रज्वलित कर सकें. इस अवसर पर बच्चों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया. इसमें बड़ी संख्या में बच्चो ने हिस्सा लिया.

## इनरव्हील क्लब ऑफ रांची साउथ का पदस्थापन समारोह


पदस्थापन समारोह में मौजूद इनरव्हील क्लब ऑफ रांची साउथ की पदाधिकारी.

**संवाददाता । रांची**

मेन रोड स्थित होटल बिरसा विहार में शनिवार को इनरव्हील क्लब ऑफ रांची साउथ की नई कार्यसमिति का पदस्थापन समारोह (इंस्टालेशन सेरेमनी) को संपन्न हुआ. समारोह में बतौर मुख्य अतिथि झारखंड सरकार के इनफार्मेशन एंड पब्लिक रिलेशन विभाग की निदेशक शालिनी वर्मा मौजूद थीं.

नई कार्यसमिति में अध्यक्ष नीलम ललित, वाइस प्रेसिडेंट मीना सिंह, सेक्रेटरी अन्नू मालिक, वाइस सेक्रेटरी एंजेला सर्राफ, ट्रेजरर पूनम यादव, आएसओ लाजो कुमार और एडिटर रीता गुप्ता ने क्लब की जिम्मेवारी संभाली. मौके पर क्लब की फाउंडर मेंबर संगीता शरण, कांति पांडेय सहित सभी पूर्व प्रेसिडेंट सहित क्लब की सभी 45 सदस्य मौजूद थीं.

इनरव्हील क्लब ऑफ रांची साउथ 16 वर्षों से लगातार सामाजिक कार्यों से जुड़ा हुआ है और निरंतर विकास कर रहा है. क्लब का मुख्य उद्देश्य हाशिये की जिंदगी जी रहे ज़रूरतमंदों को मुख्यधारा में लाना है. क्लब की सदस्य लगातार सामाजिक कार्यों में बढ़-चढ़ कर हिस्सा ले रही हैं.

### अंतिम दिन पांच प्रत्याशियों ने वापस लिया नामांकन, मतदान 28 को

# अग्रवाल सभा के चुनाव के लिए 38 प्रत्याशी मैदान में

**संवाददाता । रांची**

अग्रवाल सभा रांची की वार्षिक आम सभा एवं नए सत्र- 2024- 26 के लिए कार्यकारिणी सदस्यों का चुनाव 28 जुलाई को महाराजा अग्रसेन भवन में होगा. चुनाव के निर्वाचन पदाधिकारी सुरेश चंद्र अग्रवाल एवं सह निर्वाचन पदाधिकारी अशोक कुमार नारसरिया ने बताया कि 28 जुलाई को अग्रवाल सभा के नये सत्र के चुनाव हेतु कुल 43 प्रत्याशियों ने नामांकन पत्र भरा था. नामांकन पत्र वापसी लेने की अंतिम तिथि आज 20 जुलाई था. 43 प्रत्याशियों मे से पांच प्रत्याशियों ने अपना नामांकन पत्र वापस लिया है. अब कुल 38 प्रत्याशी चुनाव हेतु मैदान मे रह गए हैं.

उन्होंने बताया कि चुनाव में 38 उम्मीदवार अजय कुमार खेतान, अजय कुमार डीडवानिया, अमर अग्रवाल, अनिल अग्रवाल, अशोक कुमार लाठ, आकाश अग्रवाल, आनंद जालान, आलोक अग्रवाल, कन्हैयालाल भरतिया, कमल खेतावत, किशन अग्रवाल, किशन कुमार पोद्दार, कौशल कुमार राजगढ़िया, जितेश अग्रवाल, नंदकिशोर आर्या, नरेश कुमार बंका, निर्मल कुमार बुधिया, प्रमोद कुमार अग्रवाल, प्रमोद कुमार बगड़िया, विनोद कुमार टिबडेवाल, विजय कुमार खोवाल, मनीष लोधा, मनीष कुमार टाटियां, मनोज कुमार चौधरी, मनोज कुमार ढांढनिया, मुकेश कुमार जाजोदिया, राजकुमार मित्तल, रमाशंकर बगड़िया, विकास अग्रवाल, विशाल पाड़िया, शिवकुमार भावसिंहका, संजय कुमार बजाज, संजय सर्राफ, सज्जन कुमार पाड़िया, सुनील केडिया, सुनील कुमार पोद्दार, सुरेश कुमार चौधरी, सुरेश कुमार पोद्दार, अग्रवाल सभा के चुनाव हेतु मैदान में रह गये है.



**खास बातें**

- चुनाव के लिए 43 प्रत्याशियों ने भरा था नामांकन पत्र
- अग्रवाल सभा के नये सत्र की कार्यकारिणी का होगा गठन

सभी 38 प्रत्याशियों की अंतिम सूची जारी कर दी गई है. कुल 2455 मतदाता अग्रवाल सभा के नये सत्र-2024-26 के लिए 31 कार्यकारिणी सदस्यों चयन करेंगे. अग्रवाल सभा के प्रवक्ता सह मीडिया प्रभारी संजय सर्राफ ने बताया कि मतदाताओं द्वारा 31 सदस्यों को मत देना अनिवार्य होगा. चुनाव हेतु मतदान 28 जुलाई को पूर्वाह्न 11 बजे से शाम 4 बजे तक अग्रसेन भवन में होगा.

## जेटीईटी अभ्यर्थियों के लिए जैक ने प्रारंभ की आवेदन प्रक्रिया

**संवाददाता । रांची**

राज्य में करीब आठ साल बाद शिक्षक पात्रता परीक्षा आयोजित की जाएगी. झारखंड एकेडमिक काउंसिल (जैक) ने परीक्षा प्रक्रिया शुरू कर दी है. इसको लेकर दिशा-निर्देश जारी कर दिए गए हैं. जैक की ओर से जारी विज्ञप्ति के अनुसार झारखंड प्री-टीचर्स एलिजिबिलिटी टेस्ट (जेटीईटी) के लिए 23 जुलाई से 22 अगस्त तक आवेदन जमा किए जाएंगे. आवेदन झारखंड जैक की वेबसाइट के जरिए ऑनलाइन जमा किए जाएंगे. जारी विज्ञप्ति के अनुसार कक्षा 1 से 5 और 6 से 8 के लिए अलग-अलग परीक्षाएं होंगी. गौरतलब है कि राज्य में शिक्षक पात्रता परीक्षा 2016 में आयोजित की गई थी. जैक की ओर से शिक्षक पात्रता परीक्षा आयोजित की जाएगी, जिसमें प्राथमिक कक्षा एक से पांच और उच्च प्राथमिक कक्षा 6 से 8 के लिए दो घंटे 30 मिनट की परीक्षा होगी. इस परीक्षा में सामान्य वर्ग के अभ्यर्थी को न्यूनतम 60 प्रतिशत अंक लाना अनिवार्य होगा. अनुसूचित जाति के लिए 50 प्रतिशत, अनुसूचित जनजाति के लिए 50 प्रतिशत, अत्यंत पिछड़ा वर्ग के लिए 55 प्रतिशत, पिछड़ा वर्ग के लिए 55 प्रतिशत और आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के लिए 55 प्रतिशत तथा दिव्यांग श्रेणी के अभ्यर्थियों के लिए 50 प्रतिशत अंक लाना अनिवार्य होगा. शिक्षक पात्रता परीक्षा में राज्य सरकार द्वारा उल्लेखित 15 भाषाओं में से किसी एक में परीक्षा देना अनिवार्य होगा.

**700 से 1300 रु. तक शुल्क**

अभ्यर्थियों को आवेदन करने के लिए 700 रुपये से लेकर 1300 रुपये तक शुल्क देना होगा. सामान्य, अत्यंत पिछड़ा, पिछड़ा व आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के अभ्यर्थियों को 1300-1300 रुपए, एससी/एसटी और दिव्यांग कोटि के अभ्यर्थियों को 700-700 रुपए और आदिम जनजाति के अभ्यर्थियों के लिए 500 रुपए का शुल्क लगेगा.

### सीएम को पत्र देकर झारखंड उर्दू अकादमी के गठन की मांग

**रांची।** अंजुमन बका ए अदब ने झारखंड में उर्दू अकादमी के अविलंब गठन की मांग की है. इस संबंध में अंजुमन बका ए अदब के महासचिव नसीर अफसर ने मुख्यमंत्री को स्मार पत्र दिया है. उन्होंने अपने ज्ञापन में कहा है कि पिछले 23 वर्षों से यानी झारखंड राज्य के गठन के समय से ही लंबित झारखंड उर्दू अकादमी के गठन की मांग की जा रही है, जो अब तक पूरी नहीं की जा सकी है.

### कांग्रेस अल्पसंख्यक प्रभारी से मिला अंजुमन तरक्की उर्दू का प्रतिनिधि मंडल

**रांची।** अंजुमन तरक्की उर्दू (हिंद) झारखंड का दस सदस्य प्रतिनिधिमंडल शनिवार को उर्दू के मुद्दों को लेकर कांग्रेस प्रदेश अल्पसंख्यक के प्रभारी उमैर खान से मुलाकात कर सात सूत्री ज्ञापन सौंपा. ज्ञापन के माध्यम से बताया कि उर्दू अकादमी की स्थापना समेत स्कूलों, कॉलेजों में रिक्त उर्दू इकाई को भरना, उर्दू को दूसरी राजभाषा बनने के बाद उसके क्रियान्वयन, जहां उर्दू पढ़ने वाले लड़के/लड़कियों की संख्या 10 या उससे अधिक है, वहां उर्दू इकाई का गठन सुनिश्चित करने, उर्दू के प्रचार-प्रसार के लिए सरकारी स्कूलों आदि में कराए गए सर्वेक्षण में मई 2024 में प्रस्तावित सर्वेक्षण की असंवैधानिक पहल को वापस लिया जाना. जिसमें उर्दू को सर्वेक्षण सूची से हटाया गया है आदि शामिल है. ज्ञापन में झारखंड के 512 प्लस टू स्कूलों में उर्दू यूनिट की अनुलब्धता का भी जिक्र किया गया है और नियुक्ति करने की मांग की गई है. कांग्रेस अल्पसंख्यक प्रभारी ने आलाकमान तक इन बातों को पहुंचाने की बात कही. नेतृत्व केंद्रीय प्रतिनिधि एमजेड खान ने किया. प्रतिनिधिमंडल में इकबाल अहमद, यासमीन लाल, मो मोहसिन सईदी, मो इलियास, समीर अहमद, सैयद मिफ्ताहउल अरिफिन रिजवी, एसएसए रिजवी, करीम अंसारी, नियाजुल्लाह, जैनुल आबेदीन समेत जमशेदपुर, धनबाद आदि शामिल थी.

# गुरुपूर्णिमा आज, तैयारियां पूरी

**संवाददाता । रांची**

राजधानी के विभिन्न मठों और मंदिरों में 21 जुलाई को गुरुपूर्णिमा धूमधाम से मनायी जाएगी. इसकी तैयारियां पूरी कर ली गयी हैं. पहाड़ी मंदिर के निकट अवस्थित रांची नगर के प्रसिद्ध श्रीलक्ष्मी वेंकटेश्वर ( तिरुपति बालाजी ) मंदिर में नित्यराधन, श्रृंगार, नैवेद्यम्, महाआरती और महास्तुति आदि वैदिक उपचार के बाद धार्मिक मान्यताओं के अनुसार ''श्री''संप्रदाय विशिष्टाद्वैत सिद्धांत के प्रवर्तक श्रीरामानुजाचार्य संप्रदाय की आचार्य परंपरा के अनुसार प्रातः 900 बजे से गुरु पूजन सामूहिक श्रीसूक्त, पुरुषसूक्त और श्रीविष्णु सहस्त्रनाम का पाठ होगा. मंगल राधिका सदानंद सेवाधाम दिव्यांग आश्रम, पुंदाग में गुरु पूर्णिमा उत्सव धूमधाम से मनाया जायेगा. एमआरएस श्रीकृष्ण प्रणामी सेवा धाम ट्रस्ट के अध्यक्ष डूंगरमल अग्रवाल और राजू अग्रवाल ने बताया कि दोपहर साढ़े 12 बजे गुरु पूजन से कार्यक्रम की शुरुआत होगी. इसके बाद भजन-संकीर्तन का कार्यक्रम चलेगा.

सहज योग केंद्र, गांधी चौक परिसर में ब्रह्मलीन निर्मला देवी की चरण पादुका पूजन के साथ ध्यान-भजन के कार्यक्रम होंगे. कुंडलिनी जागरण का सामूहिक अभ्यास भी किया जायेगा.

राजू सोमानी ने बताया कि कार्यक्रम सुबह आठ से दोपहर बाद तक चलेगा. महर्षि मेंहीं आश्रम, चुटिया में सुबह आठ बजे पुष्पांजलि से कार्यक्रम की शुरुआत होगी. अनुयायी सद्गुरु ब्रह्मलीन महर्षि मेंहीं जी की चरण पादुका पूजन कर श्रद्धा के पुष्प चढ़ायेंगे. चिन्मय मिशन आश्रम, लेक रोड में गुरु का उत्सव श्रद्धाभाव के साथ धूमधाम से मनाया जायेगा. सुबह आठ बजे चरण पादुका पूजन से कार्यक्रम की शुरुआत होगी. इसके बाद ध्यान, भजन और सत्संग का कार्यक्रम चलेगा. इसके अलावा योगदा सत्संग आश्रम, श्रीसाई मंदिर, पुंदाग, अद्वैत स्वरूप आश्रम, भारतसेवाश्रम संघ, श्रीयोग वेदांत सेवा समिति आदि की ओर से भी गुरु पूर्णिमा उत्सव मनाया जायेगा.

### नवजात शिशुओं के बीच बेबी किट का वितरण



**रांची।** झारखंड प्रांतीय मारवाड़ी युवा मंच के तत्वावधान में शनिवार को नागरमल मोदी सेवा सदन के मैटरनिटी वार्ड में छः नवजात शिशुओं के लिए उनकी माताओ को बेबी किट भेंट किया गया. यह कार्यक्रम मंच की रांची शाखा द्वारा पूर्व प्रांतीय अध्यक्ष राकेश मोदी के सम्मान में आयोजित किया गया. इस अवसर पर कार्यक्रम के संयोजक मंच के युवा सदस्य अरुण पोद्दार, आशीष डालमिया, मंच के अध्यक्ष आशीष अग्रवाल, कोषाध्यक्ष स्पर्श चौधरी, निवर्तमान अध्यक्ष अमित चौधरी, विशाल महल्का, प्रवक्ता राघव जालान आदि मौजूद रहे.

### अग्रवाल महिला समिति का सावन मेला कल से

**रांची।** अग्रवाल सभा रांची की महिला समिति के तत्वावधान में 25 वें सावन मेले का आयोजन 22 जुलाई से होगा. महाराजा अग्रसेन भवन में आयोजित होने वाले उक्त तीन दिवसीय सावन मेला 24 जुलाई को संपन्न हो जाएगा. यह जानकारी मेले की संयोजिका अलका सरावगी, अग्रवाल सभा के मंत्री मनोज कुमार चौधरी तथा प्रवक्ता सह मीडिया प्रभारी संजय सर्राफ ने संयुक्त रूप से 21 जुलाई को अपराह्न तीन बजे अग्रसेन भवन में मीडिया को जानकारी देंगे.

### विद्यालय में 45 बच्चों के बीच हुआ वस्त्र का वितरण


वस्त्र वितरण कार्यक्रम में विचार व्यक्त करते वक्ता.

**रांची।** जोहार लॉर्ड बुद्धा फाउंडेशन एवं भारत विकास परिषद झारखंड प्रांत के तत्वावधान में शनिवार को आदर्श पब्लिक स्कूल कांके सिरांगो में वस्त्र वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया. कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्वलित कर हुई. महासचिव जीके शर्मा ने स्वागत भाषण दिया. मुख्य अतिथि केन्द्रीय मनश्चिकित्सा संस्थान रांची के सीनियर लाइब्रेरियन जितेंद्र कुमार, विशिष्ट अतिथि रांची यूनिवर्सिटी के स्टेट ऑफिसर अर्जुन राम शामिल हुए. स्वामी विवेकानंद और भारत माता के चित्र पर पुष्प अर्पित किया गया. मुख्य अतिथि ने कहा कि बच्चों को बचपन में व्यावहारिक बनाना चाहिए, ताकि सभी के साथ मिलकर रहे. कार्यक्रम के दौरान 45 बच्चों के बीच वस्त्र का वितरण किया. मौके पर जितेंद्र कुमार, सिरजा कुमारी, ओम प्रकाश सराफ़,सचिव डॉ भारत भूषण , एचपी भगत, विनोद कुमार भंडारी, चारवा भगत, विकास कुमार, अनिल उरांव, भीम सिंह समेत अन्य शामिल थे.

### आचार्यकुलम में मनायी गयी गुरु पूर्णिमा

**रांची।** आचार्यकुलम के विशाल प्रांगण में गुरू पूर्णिमा का पर्व श्रद्धा एवं भक्ति के साथ मनाया गया. मौके पर योगगुरु स्वामी रामदेवजी ने ऑनलाइन शामिल होकर बच्चों को अपने आशीर्वचन दिये. उन्होंने जीवन में बच्चों को हर क्षेत्र में आगे बढ़ने के लिए अखंड प्रचंड पुरुषार्थ करने की बात पुनः दोहराई. साथ ही परम पूज्य स्वामी दिव्यदेवजी ने भी बच्चों को अपने आशीर्वाद दिये. विद्यालय के बच्चों ने गुरु-शिष्य परंपरा का पालन करते हुए परम पूज्य स्वामी दिव्यदेवजी को फल, फूल एवं मिष्ठान अर्पित कर अपनी श्रद्धा प्रकट की. कार्यक्रम का समापन शांति पाठ के साथ हुआ.

**नयी पुस्तक**

### कवि प्रेम रंजन अनिमेष के कहानी संकलन 'एक मधुर सपना' का लोकार्पण

# वर्तमान कहानियों में नये प्रयोग प्रसन्नता का विषय : रविभूषण

**संवाददाता । रांची**

वर्तमान कहानियों में होनेवाले नये प्रयोग प्रसन्नता का विषय हैं. इस आशय का विचार रांची विश्वविद्यालय के पूर्व हिंदी विभागाध्यक्ष एवं आलोचक डॉ. रविभूषण ने व्यक्त किया. डॉ. रविभूषण शनिवार को डॉ. रामदयाल मुंडा जनजातीय शोध संस्थान के सभागार में आयोजित कवि प्रेम रंजन अनिमेष द्वारा लिखित कहानी संग्रह 'एक मधुर सपना' के लोकार्पण समारोह में बोल रहे थे. उन्होंने समारोह की अध्यक्षता की एवं पुस्तक 'एक मधुर सपना' की विशिष्टताओं पर प्रकाश डालते हुए कहा कि अनिमेष की कहानियां कथ्य, भाषा शैली और प्रयोग की दृष्टि से प्रसिद्ध कहानीकार पंकज मित्र के आसपास महसूस होती है. कहानी में नाटकीयता भले ही न हो, लेकिन यथार्थ के धरातल पर खरी उतरती हैं.


'एक मधुर सपना' के लोकार्पण समारोह में गणमान्य साहित्यकार.

लोकार्पण समारोह का संचालन और आधार वक्तव्य रांची महिला महाविद्यालय की प्राध्यापिका डॉ. उर्वशी ने किया, जबकि पुस्तक चर्चा कहानीकार एवं कवयित्री रश्मि शर्मा ने की. इस अवसर पर कहानीकार पंकज मित्र, रांची दूरदर्शन के पूर्व निदेशक प्रमोद कुमार झा, सुप्रसिद्ध उपन्यासकार राकेश कुमार सिंह, जनजातीय शोध संस्थान के निदेशक एवं साहित्यकार रणेंद्र के साथ हिंदी साहित्य के विख्यात आलोचक राकेश बिहारी ने पुस्तक के विभिन्न बिंदुओं पर प्रकाश डाला. उन्होंने कहा कि इस रचयिता में सच्चे साधक की तरह सतत सृजनरत व प्रयोगप्रवृत एक अनन्य 'सर्वसृजनसमभाव' है.साथ ही साथ वह सामासिकता और समरसता भी, जो हमारी संस्कृति की सदानीरा से जुड़कर सार सत्व संजोती, वर्तमान सभ्यता की सांगोपांग समीक्षा करती हुई भविष्य की रूपरेखा प्रस्तुत करती है. इसमें नौ अनूठे नगों की तरह नौ कहानियां संग्रहित हैं. साहित्य की विविध विधाओं में ही नहीं, अपितु समग्र कला रूपों में जिस तरह सहज साधिकार आवाजाही अनिमेष करते हैं, वह विलक्षण व विस्मयकारी है चाहे गायन हो, वाचन, या फिर संगीत रचना . कह सकते हैं कि सच्चे साधक की तरह सततसृजनरत व प्रयोगप्रवृत इस रचयिता में एक अनन्य 'सर्वसृजनसमभाव' है. उल्लेखनीय है कि कवि कहानीकार अमृतलाल नागर स्मृति सम्मान से सम्मानित हो चुके हैं.

**एक से बढ़कर एक कहानियां :** प्रस्तुत कहानी संग्रह में एक से बढ़कर एक कहानियां हैं. जहां 'हजामत' कोरोना-काल की विभीषिका का बयान करती मर्मस्पर्शी कहानी है तो वहीं 'संवाद' एक प्रयोगात्मक कथा है.

## संविधान प्रदत आदिवासी अधिकार खतरे में पुस्तक का विमोचन

**संवाददाता । रांची**

डॉ. रामदयाल मुंडा शोध संस्थान में शनिवार को सामाजिक कार्यकर्ता दयामनी बारला की ''संविधान प्रदत आदिवासी अधिकार खतरे में'' पुस्तक का लोकार्पण किया गया. पुस्तक 240 पेज की है, जिसमें 2014 के बाद कल्याणकारी राज्य के बदलते स्वरूप पर प्रकाश डाला गया है.

इस अवसर पर दयामनी बारला ने कहा कि निजी पूंजी और बाजार आधारित व्यवस्था में सब कुछ लाभ के लिए देखा जा रहा है, जिसका असर झारखंड की आबादी पर हो रहा है. 2014 के बाद, भाजपा की राज्य और केंद्र की सरकारों ने आदिवासियों के पारंपरिक जमीन कानूनों में कई बड़े बदलाव किए हैं. लैंड बैंक, ड्रोन सर्वे, स्वामित्व योजना और जमीन के दस्तावेजों का डिजिटलीकरण इसके उदाहरण हैं. जो झारखंडी भूमि को बड़े पूंजीपतियों को सौंपने के प्रयास हैं. इसका असर आदिवासी समुदाय के परंपरागत अधिकारों पर हो रहा है. जमीन के दस्तावेजों में छेड़छाड़ और ऑनलाइन जमीन की रिकार्ड मे हेरा फेरी, भूमि की लूट, साफ दिखाई दे रही है. इसका उद्देश्य प्राकृतिक संसाधनों पर कब्जे के साथ आदिवासी पहचान को मिटाना है. पिछली भाजपा सरकार ने आदिवासी कानूनों में बदलाव करने की कोशिश की और पत्थलगड़ी के नाम पर सैकड़ों आदिवासियों को जेल में डाल दिया. इस पुस्तक में झारखंड के आदिवासियों का इतिहास, संवैधानिक अधिकार और केंद्र सरकार द्वारा संविधान पर हमलों की जानकारी दी गयी है. मौके पर प्रोफेसर अनुज लुगुन, मेघनाथ, महादेव टोप्पो, बीजू टोप्पो, एलिना होरो, रंजन टोपनो, पीटर टोपनो, जेरोम जेराल्ड कुजूर ,मसीह दास गुडिया समेत अन्य शामिल थे.


पुस्तक पर विचार व्यक्त करते वक्ता.

▼ ब्रीफ खबरें

### जमीन विवाद में चली कुल्हाड़ी, दो घायल

**रातू।** रातू थाना क्षेत्र के फुटकलटोली में चचेरे भाइयों के बीच जमीन विवाद को लेकर जमकर मारपीट हुई. घायल शकीब अंसारी ने बताया कि हम दोनों भाई अपनी जमीन पर मड़ुआ लगा रहे थे तभी मुश्ताक अंसारी और मुस्तफा अंसारी मौके पर पहुंचे तथा गाली-गलौज करने के बाद घर चले गए. उसके बाद जब हम दोनों भाई घर आ रहे थे तभी दोनों चचेरे भाइयों ने टांगी और रॉड से हमला कर दिया. इसमें शकीब अंसारी को सिर में चोट लगी है. इस मामले में शकीब अंसारी ने रातू थाना में प्राथमिकी दर्ज कराई है.

### चोरों ने की शराब दुकान में चोरी

**रातू।** थाना क्षेत्र के दलादिली चौक स्थित सरकारी शराब की दुकान में अज्ञात चोरों ने बुधवार की रात्रि अंग्रेजी शराब समेत नगद रुपयों की चोरी कर ली.इस संबंध में दुकान के कर्मचारी धनंजय कुमार सिंह के बयान पर रातू थाना में मामला दर्ज कराया गया है.अपने आवेदन में उन्होंने कहा है कि प्रतिदिन की भांति वे बुधवार रात्रि 10 बजे अपनी दुकान बंद कर अपने घर चले गए. गुरुवार की सुबह जब वह दुकान खोलने पहुंचे,तो दुकान का ताला टूटा पाया.उन्होंने तत्काल घटना की सूचना रातू पुलिस को दी.पुलिस के पहुंचने पर जब उन्होंने दुकान खोला तो पाया कि दुकान में चोरी हुई है.

### रातू साईं मंदिर में गुरु महोत्सव आज

**रातू।** गुरु पूर्णिमा के मौके पर रविवार को साईंपुरम टोंगटोरी टोला स्थित साईं मंदिर रातू में गुरु महोत्सव का आयोजन किया जाएगा. कार्यक्रम की शुरुआत प्रातः छह बजे अभिषेक से की जाएगी. इसके बाद सत्यनारारण पूजा, मध्याह्न आरती, पालकी यात्रा निकाल कर महिला मंडली और शिव शक्ति जागरण मंच द्वारा साईं भजन प्रस्तुत किया जाएगा. गुरु महोत्सव पर महाभंडारा का आयोजन किया जाएगा. यह जानकारी मंदिर के विवेक सिंह उर्फ बीरू ने दी. उन्होंने ने सभी भक्तों से कार्यक्रम में शामिल होने की अपील की है.

### झामुमो सिल्ली प्रखंड कमेटी की बैठक आज

**सिल्ली/मुरी ।** सिल्ली प्रखंड के मुरी टुंगरी समीप सिंगपुर मैरेज हॉल में रविवार को झामुमो सिल्ली प्रखंड कमेटीकी बैठक होगी. झामुमो सिल्ली प्रभारी सह रांची जिला उपाध्यक्ष रामानंद बेदिया की उपस्थित में सिल्ली प्रखंड झामुमो कार्यकर्ताओं एवं सक्रिय सदस्यों के बीच आयोजित किया गया हैं. बैठक में झामुमो सिल्ली प्रखंड के वर्ग संगठन जैसे- किसान मोर्चा का गठन, महिला मोर्चा का विस्तार, अल्पसंख्यक मोर्चा का विस्तार, पार्टी संगठन मजबुती एवं आने वाले विधानसभा चुनाव संबंधी विचार विमर्श किया जाना हैं.

### अनगड़ा में मुहर्रम का जुलूस निकाला

**अनगड़ा।** प्रखंड के हेसल, मासू, मंझलाटोली और तुरूप के मुस्लिम समुदाय के लोगों ने शनिवार को मुहर्रम का जुलूस निकाला. इस दौरान गोंदलीपोखर में अखाड़ेधारियों ने लाठी खेल का प्रदर्शन किया गया. मौके पर विधायक राजेश कच्छप, थाना प्रभारी चमरा मिंज, जिला परिषद सदस्य अनुराधा मुंडा, मुस्तफा अंसारी, डॉ रिझूनायक, रामसाय मुंडा, खालिक खां, मदरा मुंडा, सिकंदर अंसारी, रामनाथ करमाली, सिद्दीक अंसारी और रब्बानी राज आदि मौजूद थे.

# तीन तस्कर गिरफ्तार, 10 ग्राम ब्राउन शुगर बरामद

- पुलिस ने सात मोबाइल और एक क्रेटा कार जब्त किया

**संवाददाता। लोहरदगा**

पुलिस ने गुप्त सूचना पर कार्रवाई करते हुए तीन गांजा तस्करों को गिरफ्तार किया है. इनके पास से ब्राउन शुगर की खेप भी बरामद की गयी है. इस संबंध में शनिवार को मुख्यालय डीएसपी समीर कुमार तिर्की ने जानकारी दी. उन्होंने बताया कि गुप्त सूचना के आधार पर गांजा तस्कर तौफीक अंसारी को सेन्हा थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम कंडरा रोड डायवर्सन के समीप से गिरफ्तार किया गया है.आरोपी सेन्हा थाना क्षेत्र के ग्राम कल्हेपाट गांव का निवासी है. विगत दिनों उसके घर से 70 लाख रुपये का गांजा और तीन लग्जरी गाड़ियां जब्त की गयी थी. इधर, शुक्रवार रात की गई छापेमारी में उगरा निवासी अफसर अंसारी और गुमला जिले के पुसो थाना क्षेत्र के चांपी गांव निवासी शमशेर अंसारी को भी गिरफ्तार किया गया. तीनों अभियुक्तों को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है.

डीएसपी ने बताया कि तीनों अभियुक्तों के पास से सात मोबाइल फोन, एक सफेद रंग का हुंडई क्रेटा कार और 10 ग्राम ब्राउन शुगर बरामद किया गया है. छापेमारी दल में मुख्यालय डीएसपी समीर कुमार तिर्की के अलावा लोहरदगा सर्किल इंस्पेक्टर सच्चिदानंद साहू, सेन्हा थाना प्रभारी अजीत कुमार, दारोगा मनोज कुमार, दारोगा मनीष कुमार महतो व सशस्त्र बल शामिल थे.

### अज्ञात वाहन ने पिता-पुत्र को रौंदा, मौत

**गुमला।** गुमला-घाघरा रोड में नवाडीह दसईटोली के बीच अज्ञात वाहन की चपेट में आने से बाइक सवार पिता-पुत्र की मौत हो गयी. मृतकों की पहचान बड़ा जिलिंगा निवासी सुकरा लोहरा (55) और निलेश लोहरा (21) के रूप में की गई है. जानकारी के अनुसार, सुकरा लोहरा घाघरा के अरंगी गांव में रहते थे और वहीं काम करते थे. शनिवार दोपहर निलेश लोहरा अपने पिता को बाइक से लेकर अपने गांव बड़ा जिलिंगा जा रहा था. इसी दौरान नवाडीह दसईटोली के समीप दुर्घटना हो गई. गश्ती पुलिस दल ने दोनों को ऑटो से सदर अस्पताल पहुंचाया, जहां चिकित्सक ने जांचोपरांत दोनों को मृत घोषित कर दिया.

### सिदरौल से गायब महिला नागपुर में अस्पताल में भर्ती

**नामकुम।** थाना क्षेत्र के सिदरौल से पिछले सात माह से गायब 47 वर्षीया अलवीसिया देवी महाराष्ट्र के नागपुर में मिली. वह नागपुर के गर्वनमेंट मेडिकल अस्पताल में भर्ती है. अस्पताल वालों ने उससे आधार कार्ड से उसका पता लेकर नामकुम थाना भेजा, जहां से नामकुम थानेदार ब्रहमदेव प्रसाद ने उसके घर का पता लगाकर परिजनों को मामले की जानकारी दी. परिजनों ने बताया कि अलवीसिया देवी रिम्स में काम करती थी. लेकिन भटककर नागपुर चली गई थी और शहरी बेघर निवास मेंरह रही थी. 15 दिन पहले उसे स्थानीय लोगों ने गंभीर हालत में नागपुर मेंटल अस्पताल में भर्ती कराया.

# नरकोपी के तेतरटोली में करंट लगने से दो शिशुओं की मौत

**संवाददाता। बेड़ो**

नरकोपी थाना क्षेत्र के करकरी पंचायत के ग्राम खड़देवरी तेतरटोली के एक ही परिवार के दो बच्चे चार विनय तिर्की(चार वर्ष) एवं श्रृष्टि तिर्की (चार वर्ष ) की बिजली की करंट की चपेट में आने से मौत हो गई. घटना तब घटी जब धान की रोपनी करने के बाद सारा परिवार दिन के लगभग डेढ़ से दो बजे के बीच घर पहुंचा. सुशील तिर्की उनकी पत्नी सुनीता तिर्की, बड़ा बेटा व तीसरे नंबर का पुत्र पीछे से पहुंचे. जबकि तीसरे नंबर का पुत्र अपनी सबसे छोटी एवं इकलौती बहन को पीठ में बांधकर (बेतरा कर) सबसे पहले पहुंचा . उसने खुशी खुशी अपने घर के दरवाजे को खोलने के लिए धक्का दिया तो दरवाजे में पहले से दौड़ रही बिजली के करंट की चपेट में आ गए. दोनों बच्चों की घटना स्थल पर ही मौत हो गई. उनके पीछे आ रहे पिता सुशील तिर्की घबरा उठे उन्होंने भी दरवाजे को खोलने की कोशिश की तो करेंट की चपेट में आकर झटके से दूर जा गिरे. करंट की चपेट में आकर दोनों बच्चों की मौत से पीछे से लौट रही मां एवं उनके दोनों बच्चों को मानो काठ मार गया. घटना से घर के बाहर कोहराम मच गया. आसपास के ग्रामीणों की मदद से बिजली के कनेक्शन को काटा गया. सूत्रों के अनुसार बिजली के तार को चूहों ने काट दिया था चौहान द्वारा तार को काटे जाने से करेंट युक्त विद्युत तार दरवाजे से सट गया था जिसके कारण पूरे दरवाजे में करेंट प्रवाहित हो रहा था. लेकिन इसकी किसी को कोई जानकारी नहीं हो पाई थी. जिसके कारण बच्चा अपनी अबोध बहन को अपनी पीठ पर बेतरा कर अनजाने में दरवाजे को खोल दिया. उसे थोड़ा भी एहसास नहीं था कि उस दरवाजे में दौड़ रहा करेंट उनके मौत का इंतजार कर रहा है. दोनों बच्चे खाली नंगे पैर थे. लेकिन पिता ने चप्पल पहन रखा था. इसलिए उनकी जान बच गई.

## लापरवाही : जीवित रहते वृद्धा पेंशन के 12 लाभुकों को मृत घोषित कर दिया

# बीडीओ का फरमान- मृत, अयोग्य घोषित लाभुकों को पुनर्जीवित करें

**ग्रामीणों के लिए सरकार कई तरह की योजनाएं चलाती हैं. योजनाओं से ग्रामीण लाभान्वित भी होते हैं. लाभुकों को सरकारी योजनाओं का फायदा पहुंचाने के लिए राज्य के हर जिले के हर प्रखंड में प्रखंड विकास पदाधिकारी की नियुक्ति भी की गयी है. ऐसे में बीडीओ की जिम्मेवारी ज्यादा अहम हो जाती है. लेकिन बीडीओ लाभुकों को लाभ पहुंचाने के लिए यदि सावधानी पूर्वक पत्र जारी न करें, तो मातहत अधिकारियों व कर्मियों में न सिर्फ भ्रम की स्थिति उत्पन्न होती है, बल्कि कभी-कभी स्थिति हास्यास्पद भी हो जाती है.**

हाल सिमडेगा जिला के जलडेगा प्रखंड का

**पंचम प्रसाद। जलडेगा (सिमडेगा)**

राज्य के सिमडेगा जिला में एक प्रखंड है जलडेगा. यहां भी सरकार ने प्रखंड विकास पदाधिकारी नियुक्त कर रखा है. यहां तैनात बीडीओ का नाम है प्रवीण कुमार. जलडेगा बीडीओ द्वारा मातहत अधिकारियों व कर्मचारियों को पत्र जारी किया गया है, जिसे लेकर प्रखंड के कर्मचारी ही भ्रम फैला रहे हैं. जलडेगा बीडीओ ने पत्र जारी कर मृत, अयोग्य घोषित किए गए लाभुकों को पुनर्जीवित करने का निर्देश दिया है, ताकि उन्हें वृद्धा पेंशन का भुगतान किया जा सके.

अब इस पत्र को लेकर प्रखंड कार्यालय के कर्मचारी व संबंधित अधिकारी जानबूझ कर तरह-तरह के सवाल उठा रहे हैं. उनका कहना है कि जिन वृद्ध पेंशनभोगियों का निधन हो गया है, उसे वे पुनर्जीवित कैसे कर सकते हैं. जबकि कर्मियों को अच्छी तरह मालूम है कि उनकी लापरवाही के कारण ही कई जीवित वृद्ध पेंशनधारियों को मृत और अयोग्य घोषित करे हुए उनकी पेंशन बंद कर दी गयी. मालूम हो कि प्रखंड के कई पंचायतों के वृद्धों ने जीवित रहते उन्हें मृत और अयोग्य बताते हुए पेंशन बंद किये जाने की शिकायत प्रखंड कार्यालय में की गयी थी. ऐसी ही शिकायतों की जांच कर वैसे वृद्ध पेंशनधारियों को योजना का लाभ दिलाने का निर्देश बीडीओ ने दिया है.

### जीवित रहते मृत व अयोग्य घोषित कर दिया



अपनी परेशानी बताते पीड़ित वृद्ध.

प्रखंड कार्यालय सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार, प्रखंड की पंचायतों में कई ऐसे लाभुक हैं, जिन्हें वृद्धा पेंशन मिल रही है. लेकिन विभागीय लापरवाही के कारण ऐसे कई लाभुकों को जीवित रहते मृत और अयोग्य घोषित कर दिया गया. इन वृद्ध लाभुकों की पेंशन भी बंद कर दी गयी. करीब 17 महीने से इन्हें वृद्धा पेंशन का भुगतान नहीं हुआ है. प्रखंड कार्यालय में ऐसी कई गड़बड़ियों की शिकायतें मिलने के बाद प्रखंड स्तर पर जांच करायी गई. जांच में इस बात की पुष्टि हुई कई वृद्धा पेंशन लाभुकों को मृत घोषित करते हुए पेंशन बंद कर दी गयी है. अब जांच रिपोर्ट भेजी जा रही है, ताकि जीवित रहते मृत बता दिए गए लाभुकों को दोबारा पेंशन दी जा सके.

#### वृद्धों ने बयां की पीड़ा- नहीं मिल रही पेंशन, क्या करें

लगातार न्यूज नेटवर्क के प्रतिनिधि ने वैसे पीड़ित व परेशान वृद्धों से बातचीत की, जिन्हें जीवित रहते मृत और अयोग्य बताते हुए पेंशन बंद कर दी गई. वृद्धों ने बताया कि जब वृद्धा पेंशन का राशि मिलती थी, तो उसी से अपनी जरूरत की चीजें, दवाइयां, खाने-पीने की चीजें खरीदते थे. हमें किसी के सामने हाथ नहीं फैलाना पड़ता था. लेकिन जीवित रहते प्रखंड कार्यालय के कर्मचारियों न सिर्फ उन्हें मृत घोषित कर दिया, बल्कि अयोग्य बताते हुए पेंशन भी बंद कर दी. 17 महीने से हमें वृद्धा पेंशन नहीं मिल रही है. पंचायत कार्यालय से लेकर प्रखंड और उपायुक्त कार्यालय तक का चक्कर लगाते-लगाते थक चुके हैं, लेकिन आज तक हमारी समस्या का समाधान नहीं हुआ है.

**12 लाभुकों का 17 महीने से पेंशन बंद**

| पंचायत | लाभुकों की संख्या |
|---|---|
| पतिअंबा पंचायत | सात लाभुक |
| लम्बाई पंचायत | चार लाभुक |
| परवा पंचायत | एक लाभुक |

#### इन लाभुकों जीवित रहते मृत/ अयोग्य घोषित कर दिया

| लाभुक का नाम | पिता/पति का नाम | आधार नंबर | पंचायत |
|---|---|---|---|
| कमला देवी | मंगतराय साहू | 993176146296 | पतिअम्बा |
| मंगतराय साहू | स्व बाजू साहू | 835652867953 | पतिअम्बा |
| जगेश्वर साहू | स्व ढाउ साहू | 846540393984 | पतिअम्बा |
| बिंदु देवी | स्व लोचन प्रसाद | 744874712220 | पतिअम्बा |
| सेबेयान मुंडा | बोका मुंडा | 420743542779 | पतिअम्बा |
| लक्ष्मी देवी | स्व लुगु पाईक | 795493547519 | पतिअम्बा |
| लुईस बागे | स्व जोहन बागे | 961009785966 | पतिअम्बा |

# सुरक्षा के प्रति उदासीन है केडी एच प्रबंधन : रविन्द्र



**संवाददाता। डकरा**

केडीएच परियोजना में शुक्रवार को डम्फर में आग लगने की घटना के बाद शनिवार को जनता मज़दूर संघ का प्रतिनिधिमंडल सीसीएल सेफ्टी बोर्ड सदस्य रवींद्रनाथ सिंह के नेतृत्व में केडीएच खदान का निरीक्षण किया. निरीक्षण के बाद रविन्द्र नाथ सिंह ने पत्रकारों को बताया की के डी एच प्रबंधन सुरक्षा के प्रति उदासीन है. खदान का हॉल रोड,फ़ेश, छोटी गाड़ियों के लिये अलग रास्ता मशीन के रख रखाव के साथ प्राइवेट लेबर जो बिना सुरक्षा उपकरण लगाये काम पर पाये गये जिसे टीम के जाने के बाद वहां से हटा दिया गया. टीम वर्कशॉप का भी निरीक्षण किया. पाये गये कमियों को अविलम्ब ठीक करने का निर्देश दिया गया. खदान निरीक्षण में परियोजना पदाधिकारी अनिल कुमार सिंह, खान प्रबंधक राघवेंद्र गांधी, सेफ्टी ऑफिसर पी बेहरा, एरिया सेफ्टी अधिकारी राकेश रंजन, एरिया सेफ्टी मेम्बर गोलटेन प्रसाद यादव आदि मौजूद थे.

# हत्या की घटना को लेकर पुल निर्माण कार्य बंद, दहशत में लोग

**खलारी। संवाददाता**

खलारी कोयलांचल क्षेत्र के मैकलुस्कीगंज थाना क्षेत्र के हरहु पुल निर्माण स्थल पर दिन दहाड़े हुई मुंशी भुपेंद्र यादव की हत्या की घटना के बाद पुल का माहौल बना हुआ है. पुलिस व एफएसएल की टीम ने घटनास्थल का निरीक्षण किया. घटनास्थल से एफएसएल की टीम ने कुछ नमूने एकत्र किया. इस घटना के बाद नक्सलियों की गिरफ्तारी को लेकर पुलिस लगातार क्षेत्र में छापेमारी अभियान चला रही है. पुलिस घटना के उदभेदन करने को लेकर टेक्निकल सेल की मदद ले रही है.



हत्या की घटना के बाद बन्द पड़ा हरहु में पुल निर्माण कार्य.

**पुल निर्माण स्थल पर तीन बार हुआ नक्सली हमला :** हरहु पुल निर्माण के दौरान कार्य स्थल पर तीन बार नक्सली हमला हुआ. तीन माह पूर्व सबसे पहले नक्सलियों ने पुल निर्माण स्थल पर हमला किया था मिक्चर मशीन में आग लगाया था.उसके बाद 16 जुलाई को नक्सलियों ने रात्रि में धावा बोलकर फायरिंग किया और दो मजदूरों की पिटाई की थी .वही तीसरी बार 18 जुलाई को दिन दहाड़े हमला कर मुंशी भूपेंद्र यादव की गोली मारकर हत्या कर दी.

#### जल्द होगा घटना का उदभेदन : डीएसपी

खलारी डीएसपी राम नारायण चौधरी ने बताया कि गोलीकांड को लेकर दो लोगों की हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है .घटना को लेकर पुलिस पूरी तत्परता के साथ दिन रात छपेमारी कर रही है, जल्द ही घटना का उदभेदन कर लिया जाएगा.

## समस्या चान्हो में ऑटो पलटा, बाल-बाल बचे लोग,रोज होती है दुर्घटना,जनप्रतिनिधि मौन

# बड़े हादसे के इंतजार में चोरेया की खस्ताहाल सड़क

**संजय कुमार तिवारी। चान्हो**

चान्हो प्रखंड के चोरेया मोड़ मुख्य पथ पर चोरेया गांव के पास सड़क जर्जर होने से एक ऑटो पलट गया. हालांकि ऑटो में सवार लोग बाल-बाल बच गए. घटना शनिवार की शाम लगभग तीन बजे की है. इससे पहले शनिवार की सुबह सड़क पर पैदल चल रही एक 70 वर्षीय वृद्धा सड़क पर गिरकर घायल हो गई. घुटने में चोट लगने से वह सड़क पर बैठकर रो रही थी.

**तरंगा से चोरिया जाने वाली सड़क जर्जर :** सड़क की जो हालत है कभी भी बड़ा दुर्घटना हो सकती है. तरंगा से चोरिया होते हुए राजकीय पथ बीजूपाड़ा खलारी को जोड़ने वाली सड़क बीते कई सालों से खराब है.



चान्हो पलटे ऑटो में फंसा ड्राइवर.

शिलान्यास के चार माह बीत जाने के बाद भी चोरेयामोड़ से लेकर तरंगा तक की सात किलोमीटर लंबी सड़क का काम नहीं शुरू होने से ग्रामीणों में काफी रोष है.चोरेया समेत लगभग 50 गांव के लोगों को अभी भी सड़क की परेशानी को झेलना पड़ सकता है.

**विधायक और सांसद ने रखी थी आधारशिला :** बड़े ही तामझाम के साथ विधायक और सांसद ने इस सड़क निर्माण की आधारशिला रखी थी. ग्रामीणों को बताया गया था कि शीघ्र ही निर्माण कार्य शुरू होगा. पर शिलान्यास के चार माह जाने के बाद भी सड़क निर्माण कार्य में कोई सुगबुगाहट न देख ग्रामीणों का आक्रोश एक बार फिर से बढ़ता जा रहा है. आचार संहिता के चलते बिना किसी प्रक्रिया को पूरा किए ही इस सड़क का शिलान्यास कर दिया गया. यहां तक कि अभी तक इस सड़क का एग्रीमेंट भी नहीं हुआ है.

#### शिलान्यास मामला पर दाखिल होगा पीआईएल



मामले को लेकर जनहित में जिप सदस्य आशुतोष तिवारी जल्द ही कोर्ट में पीआईएल दाखिल करेंगे. उन्होंने कहा कि क्षेत्र के लोगों का अब कोर्ट ही एकमात्र सहारा है. आशुतोष ने बताया कि प्रतिदिन इस सड़क से होकर कई स्कूल बसें और दर्जनों ऑटो भी गुजरते हैं. अब यदि ऐसे में कोई बड़ा हादसा होता है तो कौन होगा इसका जिम्मेवार?

#### दिखावे के लिए किया गया शिलान्यास

भाजपा नेता सन्नी टोप्पो ने कहा कि सिर्फ दिखावे के लिए किया गया था सड़क का शिलान्यास, आज तक एक इंच भी सड़क नहीं बनी. इस मार्ग पर लोगों को आवागमन में भारी मुश्किलों का सामना करना पड़ता है.सन्नी टोप्पो ने कहा लगता है शायद, लोगों की समस्या से सांसद और विधायक को कुछ भी लेना देना नहीं है.

### लाठीचार्ज के खिलाफ बुढ़मू में हुआ प्रदर्शन

**संवाददाता। बुढ़मू**

सहायक पुलिसकर्मियों के समर्थन में शनिवार को बुढ़मू चौक पर मुख्यमंत्री के खिलाफ जेबीकेएसएस कार्यकर्ताओं ने प्रदर्शन किया. ज्ञात हो कि सीएम आवास घेरने जा रहे सहायक पुलिसकर्मियों की पिटाई का जेबीकेएसएस के ब्रजनाथ महतो ने विरोध किया है. उन्होंने कहा कि सहायक पुलिसकर्मियों को नियमित करने की मांग की. पुतला दहन कार्यक्रम में अभय साहू, हीरालाल महतो, अमित महतो, शनि मुंडा, जयवीर महतो, हीरालाल मुंडा, विकास महतो, सुमेश्वर यादव, वासुदेव बैठा, दिनेश लाल, निजाम रिजवी, आनंद यादव, जुल्फान अंसारी, संजय महतो, मोतीलाल महतो, जयकुमार महतो, कमलेश महतो, राजेश महतो, चंदन कुमार औररामप्रसाद आदि मौजूद थे.

## न्यूज अपडेट ▼

### खलारी में झामुमो का कार्यकर्ता सम्मेलन संपन्न

**खलारी।** झामुमो खलारी प्रखंड कमेटी ने कार्यकर्ता सम्मेलन का आयोजन किया गया. इस कार्यक्रम का अध्यक्षता झामुमो प्रखंड अध्यक्ष अनिल पासवान व मंच का संचालन जेसीएमयू एन के एरिया सचिव रंथू उरांव ने किया. कार्यक्रम में मुख्यअतिथि के रूप में रांची जिला सचिव डॉ हेमलाल मेहता एवं विशिष्ट अतिथि के रूप में रांची जिला वरिष्ठ उपाध्यक्ष अश्विनी शर्मा, खलारी प्रखंड प्रभारी सह जिला उपाध्यक्ष जनक नायक उपस्थित थे. कार्यक्रम में दर्जनो लोगों ने सदस्यता ग्रहण किया.इसके साथ कमेटी का विस्तार किया गया. मौके पर कलमतिया भोक्ता एवं मनिता देवी, प्रखंड अध्यक्ष रितम कुमारी,सचिव सिमा कुमारी,जिला महिला मोर्चा अध्यक्ष नयन तारा उरॉव, उपाध्यक्ष राखी देवी, अंशु लकड़ा, कोषाध्यक्ष उषा देवी, रॉची जिला किसान मोर्चा उपाध्यक्ष बचन उरांव,चंदा देवी सहित अन्य कार्यकर्ता उपस्थित थे.

### कांग्रेस ने सोनाहातू में लगाया जन सहायता शिविर

**सोनाहातू।** प्रखंड के कांग्रेसियों ने शनिवार को सोनाहातू प्रखंड मुख्यालय परिसर में जन सहायता शिविर लगाया . शिविर में कांग्रेसी कार्यकर्ताओं ने सरकार की ओर से जनहित के लिए चलाए जाने वाले सभी प्रमुख योजनाओं के बारे लोगों को जानकारी दी. शिविर में प्रखंड के विभिन्न गांव से आए लोगों ने अलग-अलग योजनाओं से संबंधित आवेदन दिए. शिविर में कुल 4362 आवेदन आए, इसमें सर्वाधिक 3280 आवेदन पेंशन से संबंधित थे. प्रखंड अध्यक्ष अजगुत महतो ने बताया कि ऑन द स्पॉट किसी भी योजना या शिकायत का निष्पादन नहीं हुआ. कार्यकर्ताओं ने ग्रामीणों को सभी आवेदनों को प्रखंड के संबंधित विभागों से उनके काम जल्द कराने का आश्वासन दिया. शिविर में जिला कांग्रेस कमेटी के डॉ राकेश किरण महतो, अजगुत महतो, प्रमुख विक्टोरिया देवी, मुकुंद यादव, राधा माधव सेठ, जगदीश महतो, कार्तिक महतो, मंजूर मोमिन, विकास रजक, जयंती देवी, गायत्री देवी, राधिका देवी, रामकृष्ण महतो आदि मौजूद थे.

### नुरैना हेरा बनी बीएनएन इंटरनेशनल स्कूल की टॉपर

**ओरमांझी।** बीएनएन इंटरनेशनल स्कूल इरबा में शनिवार को पुरस्कार वितरण एवं रंगारंग कार्यक्रम आयोजित किया गया,कार्यक्रम के दौरान कक्षा नर्सरी से आठ क्लास के छात्र छात्राओं को जिन्होंने वार्षिक परीक्षा सेशन 2023-24 में अपने क्लास में प्रथम द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त किये.उन सभी छात्र-छात्राओं को क्लास वाइज मैडल, प्रमाण पत्र व चॉकलेट देकर देकर सम्मानित किया गया. आकर्षक रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत कर टीचरों का मन मोह लिया. इस दौरान पूरे स्कूल स्तर पर टॉपर रही नुरेन हेरा को ब्लू ब्लेजर देकर उत्साहवर्धन करते हुए सम्मानित किया गया. इस दौरान मुख्य रूप से स्कूल की प्रिंसिपल एजे अंसारी, शिक्षक नेजात आलम,शिक्षिका नीलम सिंह, शगुफ्ता यासमीन,सना खान आदि शामिल थे.



प्रमाण पत्र के साथ शिक्षक और बच्चे.

### हाजी एहसान अंसारी मेमोरियल ने लगाया मेडिकल कैंप

**ओरमांझी।** हाजी एहसान अंसारी मेमोरियल मेडिकल कैम्प की ओर से शनिवार को फ्लोरेंस ग्रुप ऑफ़ इंस्टिट्यूशन में निःशुल्क हेल्थ मेडिकल कैंप लगाया गया. जिसमे मेदान्ता अस्पताल, ईरबा के प्रसिद्ध डॉ गगनजीत कौर, डॉ निलेश मिश्रा, अमुल्या स्वाति, डॉ कृष्णा कुमार दास, डॉ विजय कुमार सिंह, डॉ मुकेश अग्रवाल, डॉ रवी रौशन, स्पर्श आई केयर हॉस्पिटल के डॉ स्वाति सिंह, एवं फ्लोरेंस डेन्टल केयर से डॉ नाजनीन कौशर ने मरीजों का निःशुल्क उपचार किया. निःशुल्क मोतिया बिंद का ऑपरेशन,रक्तदान,दवाइयों का मुफ्त वितरण किया गया. कैंप में ईसीजी, ब्लड ग्रुपिंग, ब्लड प्रेशर, ब्लड शुगर की जांच भी हुई. ब्लड डोनेशन कैंप में 48 यूनिट रक्त संग्रह किया गया. मौके पर मुख्य रूप से संस्थान के सचिव जीनत कौशर, निदेशक डॉ शाहीन कौशर, आशुतोष, सत्य प्रकाश हिमांशु, शकील परवेज, कलाम अंसारी, ज्योति कुमारी, एजाज़ अहमद, प्रफुल्लित, जन्नत परवीन आदि शामिल थे.



कैंप में आये चिकित्सक को सम्मानित करते .

### चूल्हा प्रमुखों की शपथ ग्रहण की तैयारी पूरी

**नामकुम ।** प्रखंड के विभिन्न पंचायतों में चूल्हा प्रमुख शपथग्रहण समारोह की तैयारी को लेकर बैठक किया गया. प्रखंड बड़ाम,हाहाप,खिजरी, कुटियातु टाटी पूर्वी,टाटी पश्चिमी पंचायत का दौरा किया गया . कार्यक्रम के मुख्य अतिथि खिजरी विधानसभा पुर्व प्रत्याशी पारसनाथ उरांव ने बताया जुलाई माह के अंतिम सप्ताह तक 10 हजार चूल्हा प्रमुखों को शपथ ग्रहण कराया जाएगा . मौके पर आजसू पार्टी केन्द्रीय सचिव जितेन्द्र सिंह, आजसू पार्टी रांची जिला महिला मोर्चा अध्यक्ष वीणा कुमारी,आनन्द तिर्की, संतु टूटी,पार्वती देवी,सुशेना केरकेट्टा,लक्ष्मी देवी, अनुपंम्मा देवी, विनीता महली, अनीता खलखों,सुषमा खश, सुनीता बेग, अशीष एक्का, गुड़ी गाड़ी, सुनीता मिंज, रीना टोप्पो, मंती टोप्पो, सावित्री टोप्पो एवं दर्जनों चूल्हा प्रमुख उपस्थित थे.

### ठाकुरगांव में खुला हेवल्स का ब्रांड आउटलेट

**ठाकुरगांव।** ठाकुरगांव बैंक मोड स्थित भागीबीर कृष्णा मेटल में शनिवार को हेवल्स इलेक्ट्रिक शॉप का उदघाटन हुआ.उदघाटन जय कुमार पाण्डेय तथा हैवल्स ब्रांच बिजनेस हेड सुशांत कुमार नंदा ने संयुक्त रूप से किया. उदघाटन के अवसर पर ग्राहकों को खरीदारी करने पर 10% का डिस्काउंट भी दिया गया. मौके पर कृष्णा पाण्डेय,अभिषेक पाण्डेय,अशोक तिवारी, जय प्रकाश तिवारी,उमाकांत पाण्डेय,अजय कुशवाहा मौजूद थे.

### बीडीओ ने किया डोर टू डोर वेरिफिकेशन

**राहे।** प्रखंड निर्वाची पदाधिकारी सह बीडीओ मनोज महथा ने शनिवार को डोर टू डोर वेरिफिकेशन किया. इस दौरान बीडीओ ने राहे प्रखंड के बृथ संख्या 169, 173 एवं 174 में कर डोर टू डोर जाकर मतदाता वेरिफिकेशन और मतदाता स्टीकर वेरिफिकेशन किए. मौके पर बीपीआरओ राजकुमार और संबधित बीएलओ मौजूद थे.

### गुरु पूर्णिमा पर राधा माधव आश्रम में सत्संग आज

**सिल्ली/मुरी।** सिल्ली बजार स्थित राधा माधव आश्रम (बाउलडेरा) में रविवार को गुरु पूर्णिमा पर दिव्य सत्संग का आयोजनहोगा. कार्यक्रम का आयोजन इस्कॉन अनुमोदित श्री हरे कृष्ण नामहट्ट संघ सिल्ली के द्वारा किया गया है. कार्यक्रम में श्रीधाम मायापुर के झारखंड, पुरुलिया व बांकुड़ा नामहट्ट प्रचारक श्रीवास चरण दास ब्रह्मचारी प्रभु व उनके सहयोगी तथा रांची के गोविंद दास प्रभु उपस्थित रहेंगे.






रांची में आयोजित भाजपा की विस्तारित कार्यसमिति की बैठक में शामिल गृह मंत्री अमित शाह, केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान, संजय सेठ, असम के सीएम हिमंता बिस्व सरमा, पूर्व सीएम बाबूलाल मरांडी, अर्जुन मुंडा सहित अन्य नेता व कार्यकर्ता.



## राशिफल

आचार्य प्रणव मिश्रा

**मेष** पिता भाव में चन्द्र है. जीवन सुखमय व्यतीत होगा. प्रसन्नता तथा उत्साह से ओत-प्रोत रहेंगे. पारिवारिक सहयोग प्राप्त होगा. चोट-रोग व चोरी-विवाद से बचें. यात्रा लंबी तथा मनोरंजक रह सकती है. अप्रत्याशित लाभ के योग हैं.

**वृषभ** भाग्य का साथ मिलेगा पर लेन-देन में जल्दबाजी व लापरवाही न करें. भावनाओं को वश में रखें. मन की बात किसी को न बतलाएं. प्रतिष्ठा में कमी हो सकती है. जल्दबाजी से चोट लग सकती है. कुसंगति से बचें. कोई अप्रत्याशित खर्च सामने आएगा.

**मिथुन** किसी से विवाद हो सकता है. पर व्यापार-व्यवसाय लाभदायक रहेगा. नौकरी में अधिकार बढ़ सकते हैं. घर-बाहर पूछ-परख रहेगी. प्रमाद न करें. बकाया वसूली के प्रयास सफल रहेंगे. यात्रा मनोरंजक रहेगी.

**कर्क** धन का आगमन होगा. घर में अतिथियों का आगमन होगा. व्यय बढ़ेगा. आत्मविश्वास में वृद्धि होगी. कोई बड़ा काम करने तथा यात्रा पर जाने का मन बनेगा. आय बनी रहेगी. प्रेम-प्रसंग में अनुकूलता रहेगी. भेंट व उपहार देना पड़ सकते हैं.

**सिंह** आय के लिए आप प्रयासरत हैं. इसका लाभ मिलेगा. पराक्रम व प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी. धन प्राप्ति सुगम होगी. कारोबारी कामकाज चलते रहेंगे. घर-बाहर प्रसन्नता रहेगी. सुख के साधन जुटेंगे. यात्रा मनोरंजक रहेगी. मित्रों का साथ मिलेगा.

**कन्या** किसी जरूरी कार्य के लिए ऋण लेने पड़ सकता है. कीमती वस्तुएं संभालकर रखें. व्यापार-व्यवसाय की गति धीमी रहेगी. शत्रु पीठ पीछे षड्यंत्र रच सकते हैं. प्रियजनों के साथ रिश्तों में खटास आ सकती है. अन्न दान करें.

**तुला** सृजनशीलता का विकास होगा. धन प्राप्ति सुगम होगी. व्यापार-व्यवसाय सुखद रहेगा. जल्दबाजी न करें. शारीरिक कष्ट संभव है. चिंता तथा तनाव रहेंगे. संतान संबंधी बुरी सूचना प्राप्त हो सकती है. लाल फूल माता दुर्गा को अर्पण करें.

**वृश्चिक** क्रोध पर नियंत्रण अति आवश्यक है. रोजगार प्राप्ति के प्रयास सफल रहेंगे. आपके कार्य और प्रभाव से नौकरी में अधिकार बढ़ सकते हैं. किसी भी व्यक्ति के उकसाने में न आएं. बातचीत में संयम रखें.

**धनु** जीवनसाथी से सहयोग प्राप्त होगा. व्यापार-व्यवसाय लाभदायक रहेगा. शत्रुभय रहेगा. नौकरी में मातहतों का सहयोग मिलेगा. परिवार के किसी सदस्य के स्वास्थ्य संबंधी चिंता रहेगी. मित्रों का सहयोग प्राप्त होगा.

**मकर** लाभ के अवसर हाथ आएंगे. जीवनसाथी की चिंता रहेगी. घर में सुख-शांति बनी रहेगी. घर-बाहर पूछ-परख रहेगी. विवेक से कार्य करें, लाभ होगा. किसी धार्मिक स्थल के दर्शन का कार्यक्रम बन सकता है. मित्रों से भेंट होगी.

**कुंभ** नौकरी में जवाबदारी बढ़ सकती है. थकान व कमजोरी रह सकती है. विरोधी सक्रिय रहेंगे. ऐश्वर्यादि पर खर्च होगा. यश बढ़ेगा. लाभ के अवसर हाथ आएंगे. नए काम मिल सकते हैं. आर्थिक वृद्धि के लिए योजना बनेगी.

**मीन** आय के लिए किया गया प्रयास सफल होगा. पर लेन-देन में जल्दबाजी न करें. किसी व्यक्ति के व्यवहार से क्लेश होगा. आय होगी. जोखिम न उठाएं. वाहन व मशीनरी के प्रयोग में लापरवाही न करें. किसी से विवाद हो सकता है.

### रांची के धुर्वा स्थित जगन्नाथ मैदान में भाजपा की विस्तारित कार्यसमिति की बैठक में गरजे हिमंता बिस्व सरमा, कहा-

# हेमंत सोरेन को झारखंड के आदिवासियों से नहीं, सिर्फ कुर्सी से है प्रेम

प्रमुख संवाददाता। रांची

असम के सीएम हिमंता बिस्व सरमा ने कहा कि हेमंत सोरेन को आदिवासियों से प्रेम नहीं है. उन्हें सिर्फ कुर्सी से प्रेम है. युवाओं को धोखा देने वाले हेमंत सोरेन अब खुद विधायक भी नहीं बन सकते. जेल से बाहर आने के बाद उन्होंने चंपाई सोरेन को कुर्सी से हटा दिया. वे बिना कुर्सी के एक दिन भी नहीं रह सकते. चंपाई सोरेन के समय दलालों का अगमन बंद हो गया था. एक वरिष्ठ नेता को तीन महीने के लिए कुर्सी से नहीं हटाना चाहिए था. सरमा शनिवार को धुर्वा के जगन्नाथ मैदान में भाजपा की विस्तृत कार्यसमिति की बैठक में बोल रहे थे. उन्होंने कल्पना सोरेन से आग्रह किया कि जेएमएम सरकार के समय जिन आदिवासी मां-बहनों- बेटी के साथ दुष्कर्म की घटनाएं घटी हैं, कम से कम उनको न्याय दिलाने के लिए संघर्ष करें.

**झारखंड के भविष्य को सुरक्षित करने का है चुनाव :** सरमा ने कहा कि यह विधानसभा चुनाव झारखंड के भविष्य को सुरक्षित करने का है. भाजपा ने अगले पांच साल के लिए झारखंड के सुनहरे भविष्य के लिए काम करना शुरू कर दिया है. हेमंत सरकार ने चुनाव से पहले पांच लाख नौकरी और पांच से सात हजार बेरोजगारी भत्ता देने का वादा किया था. इनमें से एक भी वादा पूरा नहीं हुआ. इस बार जेएमएम के घोषणा पत्र को जन-जन तक दिखाया जाएगा. सहायक पुलिसकर्मियों के बारे में सरमा ने कहा कि उन्होंने लोकसभा चुनाव के दौरान वोट देने नहीं दिया गया. वहीं 22 से 23 हजार एक विशेष समुदाय के लोगों का वोटर लिस्ट में नाम जुड़ गया.



**खास बातें**

- चंपाई सोरेन से समय दलालों का हो गया था आगमन बंद
- युवाओं को धोखा देने वाले हेमंत सोरेन नहीं बन सकते विधायक

**ऐसा कानून बने कि घुसपैठिए आदिवासी बेटियों से शादी न कर सकें :** सरमा ने कहा कि ऐसा कानून बनना चाहिए कि घुसपैठिए आदिवासी बेटियों से शादी नहीं कर सकें. ये घुसपैठिए शादी करने के बाद ट्राइबल के नाम पर जमीन हड़पने का काम करते हैं. झारखंड की डेमोग्राफी बदल रही है. ये एक बड़ी चुनौती है. असम में 40 फीसदी मुसलमानों की संख्या में वृद्धि हो गई. वहां ओरिजनल मुसलमानों की आबाद सिर्फ चार फीसदी है. 36 फीसदी मुसलमान बांग्लादेश से आ गए. पश्चिम बंगाल में मुस्लिम आबादी 26 फीसदी है. वहां धीरे-धीरे इनकी संख्या बढ़ कर 29 फीसदी तक हो रही है. अगला टारगेट झारखंड को बनाया है. पलामू में घुसपैठियों ने आदिवासी जमीन को हड़पने का काम किया. जिस प्रदेश में आदिवासी सीएम हैं उस प्रदेश में एफआइआर रजिस्टर्ड नहीं होना दुर्भाग्य की बात है.

**जब तक भाजपा है, संविधान को कोई हाथ नहीं लगा सकता : बाउरी** नेता प्रतिपक्ष अमर बाउरी ने सम्मेलन में पीएम नरेंद्र मोदी के लगातार तीसरी बार प्रधानमंत्री बनने के ऐतिहासिक घटनाक्रम पर बधाई नामक शीर्षक से तैयार राजनीतिक प्रस्ताव-01 को सामने रखते हुए मोदी सरकार और पूर्व की रिमोट कंट्रोल वाली सरकार का अंतर बतलाया. हम सभी सौभाग्यशाली हैं कि हमने नरेंद्र मोदी का नेतृत्व देखा है. देश की आजादी के बाद 2014 में पहली बार कांग्रेस के बिना किसी दल की नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में पूर्ण बहुमत की सरकार बनी. 2014 के पहले देश की हालात किसी से छुपी नहीं है. पूरा देश निराशा के वातावरण में गोते लगा रहा था. पाकिस्तान के आतंकवादी हमारे सैनिकों का सर काट कर चले जाते थे और सरकार द्वारा पाकिस्तान को प्रेम पत्र लिखा जाता था.

## जेएमएम का मतलब है झारखंड मिटाओ मोर्चा : शिवराज सिंह

रांची। केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि जेएमएम का मतलब झारखंड मिटाओ मोर्चा है. दूसरा मतलब है कि जमीन माफिया, मर्डर माफिया और माइनिंग माफिया. जेएमएम-कांग्रेस गठबंधन की सरकार में 7812 हत्या, 7115 दुष्कर्म,6932 अपहरण, 8592 दंगा, 2721 लूट और 485 डकैती की घटनाएं हुईं. झारखंड हत्या, दुष्कर्म और लूट के मामले में आगे हैं. वे शनिवार को धुर्वा में भाजपा की विस्तृत कार्यसमिति की बैठक में बोल रहे थे. उन्होंने कहा कि झारखंड में बाल्टी में बालू मिल रहा है. घुसपैठिए खुलकर खेल कर रहे हैं. आदिवासी बेटी की हत्या के बाद 50 टुकड़े कर फेंक दिया जाता है. उन्होंने भाजपा कार्यकर्ताओं से आह्वान किया कि झारखंड को बचाना है तो उठो और आगे बढ़ो.



**हेमंत सरकार ने एक भी वादा पूरा नहीं किया :** शिवराज ने कहा कि हेमंत सोरेन ने एक भी वादा पूरा नहीं किया. बेरोजगारी भत्ता, पांच लाख नौकरी, चूल्हा खर्च के लिए 2000 रुपये महीना, आंगनबाडी सहायिका-सेविका के स्थायीकरण का वादा किया था. एक भी वादा पूरा नहीं किया. सहायक पुलिसकर्मियों पर डंडा चलाया जा रहा है. मां-बहन-बेटियों का अपमान किया.

**भाजपा को देश में अभूतपूर्व विजय मिली :** चौहान ने कहा कि लोकसभा चुनाव में भाजपा को अभूतपूर्व विजय मिली. पीएम मोदी के 10 करोड़ से ज्यादा फॉलोअर्स हो गए हैं. इसमें झारखंड भी पीछे नहीं रहा. 52 विधानसभा सीटों में भाजपा ने बढ़त हासिल की है. भाजपा की सुबह आने वाली है. बेईमान सरकार को उखाड़ फेंकने का संकल्प लें.

## जमीन की हेराफेरी को लेकर हेमंत सरकार जारी करे श्वेत पत्रः अर्जुन मुंडा

प्रमुख संवाददाता। रांची : पूर्व केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा ने कहा है कि झारखंड में सीएनटी-एसपीटी एक्ट को दरकिनार कर बिचौलियों और दलालों ने लूट-पाट मचाई है. इस पर राज्य सरकार को श्वेत पत्र जारी करना चाहिए. पेपर लीक की घटनाएं सामने आ रही हैं. युवाओं का भविष्ट अंधकार में है. 7000 से अधिक दुष्कर्म की घटनाएं हो चुकी हैं. इसपर राज्य सरकार को श्वेत पत्र जारी करना चाहिए. वे शनिवार को भाजपा की विस्तृत कार्यसमिति की बैठक में बोल रहे थे. उन्होंने कहा कि गरीब जनता को योजनाओं का लाभ नहीं मिल रहा है.



### 'हर दिन पांच महिलाओं से दुष्कर्म'

रांची। बीजेपी के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने कहा कि झारखंड में मां बहनों की इज्जत सुरक्षित नहीं है. हर दिन पांच महिलाओं के साथ दुष्कर्म होता है. हर दिन पांच हत्या और हर दिन पांच दंगे होते हैं. सबसे अधिक दुष्कर्म झारखंड में हुआ है. पुलिस भी नहीं सुन रही है. कानून व्यवस्था पूरी तरह से लड़खड़ा गई है. बाबूलाल ने कहा कि सरकारी दफ्तरों में बिना पैसा के काम नहीं होता. भ्रष्टाचार सरकार द्वारा पेषित हैं. अफसर कहते हैं कि हम पैसा देकर आए हैं, तो पैसा लेंगे ही. पुलिस को वसूली में लगाकर रखा गया है. झारखंड में 13 साल बीजेपी की सरकार रही, लेकिन कोई बता दे कि इस दौरान जमीन लूट हुई हो. सबसे अधिक जमीन हेमंत सोरेन ने लूटी है.

## महिलाओं पर अत्याचार के खिलाफ भाजपा एक अगस्त से करेगी प्रदर्शन

रांची। भाजपा के प्रदेश संगठन महामंत्री कर्मवीर सिंह ने आगामी कार्यक्रमों की जानकारी देते हुए कहा कि एक अगस्त से 14 अगस्त तक महिलाओं पर अत्याचार के खिलाफ महिला मोर्चा सभी जिला केंद्रों पर आक्रोश प्रदर्शन करेगी. युवा मोर्चा द्वारा प्रखंड, अनुमंडल कार्यालय में भ्रष्टाचार के खिलाफ तालाबंदी कार्यक्रम चल रहा है. 23 अगस्त को रांची में एक लाख युवाओं का प्रदर्शन होगा. एक से 15 सितंबर घर-घर संपर्क अभियान चलेगा.

**राज्य की परिस्थितियां परिवर्तन की बाट जोह रहीः लक्ष्मीकांत :** प्रदेश प्रभारी डॉ लक्ष्मीकांत वाजपेयी ने कहा कि राज्य की परिस्थितियां परिवर्तन की बाट जोह रही. एक तरफ तीसरी बार मोदी सरकार से देश विकसित भारत के संकल्प को पूरा कराने में प्रधानमंत्री जी के नेतृत्व में जुट गया है. वहीं दूसरी ओर झारखंड में डबल इंजन की सरकार बनाने के लिए कार्यकर्ताओं ने कमर कस लिया है.

## अंतरराष्ट्रीय फिल्म फेस्टिवल में दिखेंगे पलामू के अविनाश तिवारी

मेदिनीनगर। पलामू के चैनपुर के ताली गांव के रहने वाले अविनाश तिवारी अभिनीत फिल्म सेलेस्टिना ऐंड लॉरेंस का चयन इंडियन फ़िल्म फेस्टिवल, मेलबोर्न (ऑस्ट्रेलिया) में हुआ है . इसके निर्देशक विक्रम कुमार हैं. अविनाश तिवारी के इस सफलता पर पलामू के कलाकारों ने हर्ष व्यक्त किया है. मेदिनीनगर नगर निगम की प्रथम मेयर अरुणा शंकर ने कहा कि पलामू में अब उग्रवाद की जगह कलाकार पैदा हो रहे हैं, जिन्हें नेशनल ही नहीं इंटरनेशनल जगहों पर देखा जा रहा है. उल्लेखनीय है कि कुछ दिन पहले ही पलामू के कलाकारों ने शिमला में आयोजित राष्ट्रीय नाट्य प्रतियोगिता में प्रथम पुरस्कार जीत कर पूरे झारखंड का नाम ऊंचा किया है. अरुणा शंकर ने इन सभी कलाकारों को सम्मानित करने की घोषणा की है. अविनाश तिवारी ने बताया कि सेलेस्टिना एंड लॉरेंस फिल्म के डायरेक्टर विक्रम कुमार हैं, जबकि इसके प्रोड्यूसर राकेश बुधनिया, गौरव शारदा राय और विवेक सिंह हैं.

## सीईओ ने वोटर के घर-घर जाकर जानकारी ली

संवाददाता। बालूमाथ (लातेहार)

राज्य के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के रवि कुमार शनिवार को बालूमाथ पहुंचे. यहां उन्होंने निर्वाचन कार्यों का जायजा लिया. बाजारटांड स्थित कन्या मध्य विद्यालय की बूथ संख्या 144, 145, 146 व 147 में मतदाताओं की संख्या, पुरुष व महिला वोटर की संख्या, 18 वर्ष पूरे हो चुके नये वोटर समेत अन्य जानकारी हासिल की. संबंधित बूथ के वोटरों के घरों में जाकर मतदाताओं के साथ-साथ वोटर पहचान पत्र वितरण और बीएलओ द्वारा घरों का सर्वेक्षण से संबंधित जानकारी ली. राज्य के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के रवि कुमार ने बताया कि निर्वाचन आयोग द्वारा कार्यक्रम चला कर बूथ, मतदाता सूची एवं निर्वाचन से संबंधित कार्य का निष्पादन किया जा रहा है. नौ अगस्त तक स्पेशल ड्राइव चलाकर नये मतदाताओं के नाम जोड़ने का कार्य भी किया जा रहा है. 20 अगस्त तक मतदाता



सूची का प्रकाशन होना है. इसके बाद भी छूटे हुए मतदाताओं का नाम शामिल किया जा सकेगा. मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी नें त्रुटियों को दूर करने के लिए लातेहार एसडीओ अजय कुमार रज़क, जिला सहायक निर्वाचन पदाधिकारी, बालूमाथ बीडीओ सोमा उरांव, प्रखंड उप निर्वाचन पदाधिकारी मनीष पांडेय को आवश्यक दिशा निर्देश दिया. इसके बाद मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी प्रखंड के बालू स्थित बूथ का निरीक्षण किया. मौके पर बालूमाथ थाना प्रभारी विक्रांत कुमार उपाध्याय, बालूमाथ उप प्रमुख कामेश्वर राम, झामुमो नेता मो इमरान, झामुमो प्रखंड अध्यक्ष ऐश्वर्या उरांव समेत कई बीएलओ व अन्य लोग उपस्थित थे.

## पुलिस ने खेत से अवैध स्क्रैप बरामद किया

चंदवा (लातेहार)। बंद पड़े पावर प्लांट से स्क्रैप चोरी की घटना रूक नहीं रही. चोर सीना ताने पुलिस को चुनौति देते हुए प्लांट क्षेत्र से लोह चोरी करते रहे हैं. जिसकी सूचना गाहे बगाहे अखबारों में प्रकाशित होते रही है. शनिवार को भी पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर चंदवा पुलिस की टीम ने बालूमाथ थाना क्षेत्र अंतर्गत एक कबाड़ी दुकान के समीप खेत से लगभग पांच टन अभिजीत पावर प्लांट से चोरी किया गया स्क्रैप को बरामद करने में सफलता पायी है. बरामद स्क्रैप को जब्त कर पुलिस चंदवा थाना लाकर थाना कांड संख्या 95/24 दर्ज कर विभिन्न धाराओं के तहत अख्तर खान पिता सत्तार खान (चकला) के खिलाफ नामजद प्राथमिकी दर्ज की है. पुलिस ने बताया कि शुक्रवार की देर रात्रि गुप्त सूचना मिली थी. फिर कार्रवाई हुई.

## डीसी ने मनिका में चल रही योजनाओं का किया निरीक्षण



संवाददाता। लातेहार

उपायुक्त गरिमा सिंह शनिवार को मनिका प्रखंड कार्यालय के सभागार में आयोजित एक बैठक में प्रखंड में जिला ग्रामीण विकास विभाग द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं की समीक्षा की. बैठक में मनरेगा, बिरसा हरित ग्राम योजना, अबुआ आवास योजना, वीर शहीद पोटो हो खेल विकास योजना, आम बागवानी योजना, पीएम आवास व मुख्यमंत्री पशुधन विकास योजना समेत अन्य योजनाओं की क्रमवार समीक्षा की गई. इस दौरान उपायुक्त ने योजनाओं की अद्यतन स्थिति की जानकारी ली और कई आवश्यक दिशा निर्देश दिया. उन्होंने लक्ष्य के अनुरूप कार्य करने को कहा. वीर शहीद पोटो हो खेल विकास योजना की समीक्षा के क्रम में पाया गया कि योजना के तहत दो चरण में मनिका प्रखंड में कुल 52 खेल मैदानों के विकास का लक्ष्य प्राप्त है. जबकि मात्र 16 को पूर्ण किया गया है. इस पर उपायुक्त नाराजगी जाहिर की और सभी पंचायतों में स्थल चयन कर वीर शहीद पोटो हो खेल विकास योजना के तहत कराये जाने वाले कार्यों को समय पर पूर्ण करने का निर्देश दिया. मनरेगा के संचालित योजनाओं की बिंदुवार समीक्षा के क्रम में बिरसा सिंचाई कूप संवर्द्धन योजना की स्वीकृति, आधार सीडिंग, पीडी जेनरेशन, रिजेक्शन ट्रांजैक्शन इत्यादि को लक्ष्य के अनुरूप कार्य करने का निर्देश दिया. मनरेगा से संचालित योजनाओं की गति को देख कर उपायुक्त ने कड़ी नाराजगी जाहिर की और प्रखंड विकास पदाधिकारी, मनिका के कार्यों की जांच करने एवं स्पष्टीकरण करते हुए वेतन स्थगित करने का निर्देश दिया.उपायुक्त ने स्पष्ट कहा कि योजनाओं के क्रियान्वयन में किसी प्रकार की वित्तीय अनियमितता बर्दाश्त नहीं की जाएगी. इसके अलावे मनिका प्रखंड में आपूर्ति विभाग, स्वास्थ्य विभाग अन्तर्गत संचालित योजनाओं की समीक्षा की.

## चरणबद्ध आंदोलन : कर्मचारियों ने निकाला मशाल जुलूस

संवाददाता। लातेहार

पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार शनिवार को झारखंड अनुसूचिवीय कर्मचारी संघ (समाहरणालय संवर्ग ) लातेहार के कर्मचारियों ने शहर में कैंडल मार्च निकाला. बता दें कि नौ सूत्री मांगों को ले कर कर्मचारी चरणबद्ध आंदोलन कर रहे हैं. इससे पूर्व कर्मचारी काला बिल्ला लगा कर व पेड डाउन हड़ताल कर अपना विरोध कर चुके हैं. जिला अध्यक्ष सुरजा कुजूर ने कहा कि प्रदेश के नेतृत्व में 23 जून 2024 को 9 सूत्री मांग को लेकर राजभवन रांची में एक दिवसीय महाधरना दिया गया था. जिसमें सभी मांगों पर विचार करने की बात कही गई थी, लेकिन अभी किसी मांगों पर कोई विचार नहीं किया गया है. जिला सचिव मनोज कुमार पासवान ने कहा कि कर्मचारी संघ के नौ सूत्री मांग पर सरकार विचार नहीं किया है बाध्य हो कर 22 जुलाई से अनिश्चित हड़ताल में जायेगें. इसकी सूचना उपायुक्त को दी जा चुकी है. कैंडल मार्च में कोषाध्यक्ष मृत्युंजय कुमार सिंह, उपाध्यक्ष सच्चिदानंद कुमार, संरक्षक गोवर्धन राम, देवनाथ उरांव,




आशीष कुमार, बृजकिशोर तिवारी, जयकुमार सिंह, विजय कुमार रजक, महेंद्र सिंह, पंकज शाहदेव, अशोक पासवान, अखिलेश टोप्पो, रामनरेश राम, पुष्पेंद्र पांडेय, अनिमेष कुमार समेत संघ के सभी कर्मी मौजूद थे.

**गुहार** गर्भवती एससी महिला से मारपीट करने वाले की 46 दिन बाद भी गिरफ्तारी नहीं

# मारपीट के मामले में सीआईडी ने लिया संज्ञान

संवाददाता। मझिआंव

बरडीहा थाना क्षेत्र के आदर गांव में 46 दिन पूर्व में अनुसूचित जनजाति की गर्भवती महिला समेत पूरे परिवार के साथ हुई मारपीट मामले में अभी तक एक भी गिरफ्तारी नहीं हुई है. इस मामले को झारखंड सरकार अपराध अनुसंधान विभाग रांची द्वारा संज्ञान लिया गया है. वहीं विभाग के ज्ञापांक/ 94/सामान्य अपराध शाखा/ (एससी/एसटी) के द्वारा प्रभारी सीआईडी टीम गढ़वा को पत्र लिखकर निर्देश जारी किया है. दर्ज प्राथमिकी के वांछित अभियुक्त आदर गांव निवासी आशिक अंसारी, गुड्डू अंसारी, ईशा अंसारी, इशाक



गुहार लगाते अनुसूचित जनजाति परिवार के लोग.

अंसारी, मुर्तजा अंसारी, अली अंसारी, इमाम अंसारी व फारूक अंसारी को गिरफ्तार करने के लिए पीड़िता शांति देवी द्वारा पत्र प्राप्त है. विभाग द्वारा एक सप्ताह के अंदर जांच कर प्रतिवेदन देने का निर्देश दिया गया है. 6 जून 2024 को बरडीहा थाना क्षेत्र के आदर गांव में भूमि विवाद को लेकर अनुसूचित जनजाति की गर्भवती महिला एवं उसके पति सभय रजवार समेत परिवार के आधा दर्जन लोगों को लगभग एक दर्जन लोगों ने मारकर घायल कर दिया और उसके झोपड़ी में आग लगा दी थी. साथ ही ट्रैक्टर से पीड़ित परिवार की भूमि को जोतकर अपने कब्जे में भी ले लिया, जिसकी प्राथमिकी शांति देवी देवी द्वारा बरडीहा थाने में दर्ज कराई गई है.

शांति देवी ने बताया कि उसके परिवार को बार-बार धमकी मिल रही है. कहीं से न्याय नहीं मिलने के बाद उसने राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग, पुलिस महानिदेशक एवं पुलिस महानिरीक्षक रांची झारखंड सरकार, राष्ट्रीय अनुसूचित जाति/जनजाति आयोग रांची सहित गढ़वा जिला स्तरीय सभी पदाधिकारियों को पत्र लिखकर न्याय की गुहार लगायी है. इस संबंध में पुलिस निरीक्षक सुनील तिवारी ने दूरभाष पर बताया कि यह अनुसूचित जाति का मामला है, जिसे वरीय अधिकारियों द्वारा जांच की जाती है. जब इस बारे में गढ़वा सदर एसडीपीओ नीरज कुमार से दूरभाष पर बात करने की कोशिश की गई लेकिन उनके द्वारा अलग अलग समय में किये गए मोबाइल से तीन बार फोन काटा गया. इस संबंध में डीएसपी ने कहा कि केस की जांच की गई और मामला सत्य पाया गया है. पहले नोटिस भेजा जाएगा. इसके बाद सभी की गिरफ्तारी की जाएगी.

### पेज एक का शेष

## हार का अंहकार पहली बार देखा

एक सांसद के घर से 300 करोड़ मिलता है. कांग्रेस पार्टी भ्रष्टाचारियों को साथ लेकर चलती है. जिनके घर से 300 करोड़ मिला, उसे टिकट देने जा रही है. ये घोटाला करने वाली सरकार है, वादा खिलाफी करने वाली सरकार है. शाह ने कहा, 300 करोड़ का जमीन घोटाला, 40 करोड़ का शराब घोटाला, 1000 करोड़ का खनन घोटाला, 1000 करोड़ का मनरेगा घोटाला और हजारों करोड़ का ट्रांसफर-पोस्टिंग घोटाला हुआ है. ये घोटालों वाली सरकार है. उन्होंने कहा कि एक आदिवासी मुख्यमंत्री लैंड जिहाद कर भूमि और जनसंख्या का संतुलन बिगाड़ रहा है.

**झारखंड के युवाओं की नौकरी खा रहे घुसपैठिए :** शाह ने कहा कि घुसपैठिए झारखंड के युवाओं की नौकरी खा रहे हैं. हेमंत के आदिवासी कल्याण का मतलब, अपने परिवार का कल्याण है. झारखंड में सबसे पहले आदिवासी मुख्यमंत्री बनाने का काम भाजपा ने किया. सबसे पहले आदिवासी को राष्ट्रपति बनाने का काम भी भाजपा ने ही किया. संताली भाषा को आठवीं अनुसूचि में पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी ने डाला था. वहीं, पीएम नरेंद्र मोदी ने पिछड़ों के अधिकार सुरक्षित किए. आज मोदी मंत्रिमंडल में 27 फीसदी मंत्री पिछड़े वर्ग से हैं. शाह ने कार्यकर्ताओं से आह्वान किया कि घर-घर जाकर हेमंत सरकार के भ्रष्टाचार और वादाखिलाफी को बताएं.

**हेमंत लिख लें, 2024 में भाजपा की सरकार बनेगी :** अमित शाह ने कहा कि लोकसभा चुनाव में झारखंड में नौ सीटों पर भाजपा को जीत हासिल हुई है. 52 विधानसभा सीट पर भाजपा को बढ़त मिली है. उन्होंने यह भी कहा कि हेमंत सोरेन लिख कर रख लें, 2024 के विधानसभा चुनाव में भाजपा की पूर्ण बहुमत की सरकार बनने वाली है. देश भर की जनता से भाजपा को समर्थन मिला. 60 साल बाद तीसरी बार नरेंद्र मोदी को प्रधानमंत्री चुनने का काम किया.

## श्रावणी मेला में मिले हर सुविधाः सीएम

**बाबा बैद्यनाथ से ये है कामना :** सीएम हेमंत सोरेन ने कहा कि बाबा बैद्यनाथ से यही कामना है कि हर साल की तरह इस साल भी श्रावणी मेला सफलतापूर्वक संचालित हो और जितने भी श्रद्धालु बाबा धाम आएं, सभी सकुशल जलाभिषेक के बाद अपने-अपने घर को पहुंच जाएं.

**समय आने पर देंगे जवाब :** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह द्वारा डेमोग्राफी चेंज को लेकर दिए गए बयान पर मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कहा कि राजनीतिक बयानों का जवाब अभी देना नहीं चाहता हूं. समय आने पर उनका भी जवाब दूंगा.

# रणक्षेत्र में तुम हो खड़े जीवन महासंग्राम है!



कविता कलम
डॉ. विनय कुमार पाण्डेय

**आशा** क्यों धूमिल हुई जाती है. निराशा का धुंध क्यों गहराता जा रहा है. क्यों जलाने लगी है कठिन धूप, क्यों मानसून दगा दे रहा है. क्यों खेत होते जा रहे अनाथ. क्यों आषाढ़ में ही दिखने लगे सूखे के रंग. क्यों बदलने लगे फूलों पर मंडरानेवाले भौंरों के ढंग. कारण अनंत हो सकते हैं, लेकिन यही कटु सत्य है कि मानव जीवन पर संकट की काली घटाएं घहराने लगी हैं. संघर्ष निरंतर भीषण होता जा रहा है. खेती पर सूखे की मार, नौकरी पर राजनीति की धार, आरक्षण का अधिकार, पूंजी के अभाव में संभव नहीं रहा व्यापार. युवा पीढ़ी होती जा रही लाचार. चारों ओर मचा है हाहाकार. युवाओं की ऊर्जा दिनोदिन क्षीण होती जा रही है. प्रतिभा और योग्यता गहन अंधकार में खोती जा रही है. ऐसे वातावरण में कवियों का कर्तव्य बनता है कि वे युवा पीढ़ी को ऐसा मंत्र दें, जो उसके आत्मबल को मजबूती प्रदान करे, उसमें संघर्ष करने के लिए साहस भरे. उसी कर्तव्य को ध्यान में रखकर मैंने जब सोचा तो समझ में आया कि चुपचाप बैठकर केवल हाहाकार करने से काम नहीं चलेगा. आजीविका में होने वाली कठिनाइयों से उबरना होगा. जीवन और भाग्य से होनेवाली शिकायतों को भूल कर आगे बढ़ना होगा, कुछ न कुछ करना होगा. इसके लिए सोये हुए आत्मबल को जगाने के उद्देश्य के साथ मैंने यानी डॉ. विनय कुमार पाण्डेय ने 'जीवन महासंग्राम है' शीर्षक कविता की रचना हरिगीतिका छंद में की है. यदि इस रचना के अनुशीलन से किसी युवा के भीतर नयी स्फूर्ति का संचार होता है तो मैं समझूंगा कि मेरा परिश्रम सफल हो गया. तो प्रस्तुत है मेरी यह रचना, जो किसी निराश, हताश युवक को सजग, सचेष्ट करने और उनमें नयी उमंग भरने में मंत्र की भूमिका निभाने का प्रयास करेगी.

रणक्षेत्र में तुम हो खड़े जीवन महासंग्राम है.
तो शौर्य है तुममें भरा लड़ना तुम्हारा काम है.
माता पिता की साधना से प्राप्त तुम वरदान हो.
तुम आन हो तुम शान हो तुम देश के अरमान हो.
जो शक्ति अपनी भूल बैठा, तुम वही हनुमान हो.
जागो अभी ऐसा, तुम्हें निज शक्ति का अनुमान हो.
तुमको हरा सकता नहीं, जितना बड़ा बलवान हो.
फिर भी हमेशा लक्ष्य पर केंद्रित तुम्हारा ध्यान हो.
बल-बुद्धि-विद्या देख तेरा शत्रुदल भयभीत है.
निश्चिंत हो लड़ते रहो निश्चित तुम्हारी जीत है.
कठिनाइयां होतीं क्षणिक घटता सदा संत्रास है.



### तीनों बन्दर बापू के

बापू के भी ताऊ निकले तीनों बन्दर बापू के!
सरल सूत्र उलझाऊ निकले तीनों बन्दर बापू के!
सचमुच जीवनदानी निकले तीनों बन्दर बापू के!
ग्यानी निकले, ध्यानी निकले तीनों बन्दर बापू के!
जल-थल-गगन-बिहारी निकले तीनों बन्दर बापू के!
लीला के गिरधारी निकले तीनों बन्दर बापू के!
सर्वोदय के नटवरलाल, फैला दुनिया भर में जाल
अभी जियेंगे ये सौ साल, ढाई घर घोड़े की चाल
मत पूछो तुम इनका हाल, सर्वोदय के नटवरलाल
लम्बी उमर मिली है, ख़ुश हैं तीनों बन्दर बापू के!
दिल की कली खिली है, ख़ुश हैं तीनों बन्दर बापू के!
बूढ़े हैं फिर भी जवान हैं ख़ुश हैं तीनों बन्दर बापू के!
परम चतुर हैं, अति सुजान हैं ख़ुश हैं तीनों बन्दर बापू के!
सौवीं बरसी मना रहे हैं ख़ुश हैं तीनों बन्दर बापू के!

**- नागार्जुन**

आगे बढ़ो, बढ़ते रहो, मंजिल तुम्हारे पास है.
आगे बढ़ो ऐसा कि खाई-खंदकों को पाट दो.
बाधक बने पथ में खड़े उन कंटकों को काट दो.
तुम साहसी हो, शूर हो, थकना नहीं, रुकना नहीं.
जितना बड़ा व्यवधान हो, पर तुम कभी झुकना नहीं.

चूंकि मनुष्य एक सामाजिक प्राणी है, इसलिए वह अकेला नहीं रह सकता. अगर कोई यह कहे कि उसे अकेला रहना ही पसंद है या उसे संसार में किसी और की कोई आवश्यकता नहीं है तो उसपर विश्वास नहीं किया जा सकता. इसीलिए तो जगत के नियंता ने प्रकृति और पुरुष की परिकल्पना की है. जब प्रकृति और पुरुष एकाकार हो जाते हैं, तभी संसार का चक्र आगे बढ़ता है. तो यह साथ आवश्यक है. आप पूछ सकते हैं कि आखिर साथ कैसा हो? तो उसका जवाब दे रहे हैं रांची के वरिष्ठ कवि **राकेश रमण**. इनका कहना है-एक साथ ऐसा हो और यही इनकी कविता का शीर्षक है.



एक साथ ऐसा हो भले ही न थामो मेरा हाथ,
मेरे सिर को अपने कंधे का सहारा न दो.
मेरी अरज है तुमसे बस इतनी, हर पग पर मेरे साथ चलो.
माना सफर सहज नहीं है हमारा, हमेशा हमारे विपरीत ही चलती है धारा.
दूर से ही सही तुम बनकर नव संकल्प
मेरी आंखों में पलो! हर पग पर मेरे साथ चलो.
कुछ पर्वत पार करने हैं मुझको, अरि दल पर पाना है विजय भी.
मत करना साथ मेरे संघर्ष तुम, चाहत है बस शत्रु की
आंखों में खलो! हर पग पर मेरे साथ चलो.
जमी है जो बर्फ यहां सदियों से, वह बर्फ मुझे गलानी है.
जठराये मानस के वृक्ष की, जड़ें अब मुझे हिलानी है.
तुम साथ मत दो मेरा मगर मेरे लिए
गर्म लावा बन गलो, हर पग पर मेरे साथ चलो.

कविवर राकेश रमण जी की इस बात से मैं पूरी तरह सहमत हूं कि जो साथ है उसे हर पग पर साथ चलना चाहिए चाहे घर हो, चाहे बाजार हो, चाहे मेला हो. बात मेले की निकली तो याद आने लगी रांची की कवयित्री **पुष्पा पाण्डेय** की सरसी छंद में रचित यह कविता, जिसका शीर्षक है-मेला.



बड़ा सुहावन लगता मेला, होता पर्व विशेष.
हर चीज यहां पर मिलती है, कुछ भी नहीं अशेष.
सुना नाम मेले का जब भी, दिल में उठी तरंग.
अलग खुशी होती मेले की, जाती सखियां संग..
बच्चे बूढ़े और युवक भी, सभी उठाते लुत्फ.
एक नया जीवन दिखलाए, जैसे बन्धन मुक्त.
कहीं मौत का कुआं दिखाता, कहीं घुमाता चक्र.
ऊर्जा की लड़की भी होती, तीन जगह से वक्र..
सजी चूड़ियों की दूकानें और कहीं सिंदूर.
धवल मोती का हार बिकता, देखे बाला घूर.
लड्डू पेड़ा और इमिरती, रही मिठाई खूब.
कई जोड़ियां घूम रही हैं, थामे कर महबूब..
वृद्धों की लाठी भी मिलती, पोथी तुलसी माल.
जी लेते वे अपने दिन भी, इस उत्सव के काल.
कई पुराने साथी मिलते, होता हृदय उजास.
कुछ पल में ही दिख जाता है, जीवन का इतिहास..
कान्हा का बंशी भी बजता, मेला है गुलजार.
गहमा- गहमी बच्चों में भी, चीजें रहीं हजार.
खेल खिलौना भरे पड़े हैं, किसे खरीदें आज.
यह दुनिया भी इक मेला है, समझ न पाये राज..

पुष्पा जी, आपने तो राज को खोल ही दिया. अब यह राज राज नहीं रह गया. अब कम से कम आपके पाठक तो समझ ही गये हैं कि दुनिया एक मेला है, जहां एक से बढ़कर एक झमेला है. ये झमेले कई त्रासदियों के कारण बनते हैं. उन्हीं में से एक त्रासदी आती है, जब निर्वासित हो जाती हैं बेटियां. जी हां, निर्वासित बेटियों के जीवन की त्रासदी को गहराई से महसूस कर रही हैं जमशेदपुर की कवयित्री **सविता सिंह मीरा**. 'निर्वासित बेटियां' शीर्षक अपनी कविता में मीरा जी कहती हैं-



ठुकराई गई बेटियां बुआ नैहर वापस आ तो जाती हैं
पर वह पहले की भांति चहकती बिल्कुल नहीं हैं.
बोझ समझती हैं खुद को भूल जाती हैं अपने वजूद को
कोशिश करती हैं मुस्कुराने की छिपा नहीं पाती अपने दुख को.
एक कोना तलाशती हैं घर में जो हक जताते थकती नहीं थी,
अब स्थिति चाहे जो भी हो बस वो संतुष्ट नजर आती हैं.
ना जिद ना जिरह कुछ भी नहीं हर हाल में कहतीं हैं सब सही
जाने की जिद करो तो जाना नहीं चाहती वो कहीं.
खुद को वह तुलसी नहीं समझती पूजनीय तो वो अभी भी है
किंतु एक पीपल वृक्ष की तरह जहां शनिवार ही दीप जलता है.

सविता सिंह मीरा की यह कविता अत्यंत मर्मस्पर्शी है और ऐसा कैनवास है, जिसपर एक ठुकराई हुई लड़की की विभिन्न मुद्राओं में जीवंत तस्वीर अंकित है. यह कविता मार्मिक है, लेकिन उसी के लिए जिसके पास संवदेनाशील हृदय हो. मेरी कामना है कि संसार हर मानव एक दूसरे की पीड़ा को समझे. यदि संभव हो तो उसके जख्मों पर मरहम लगाये. यदि नहीं तो कम से कम सहानुभूति प्रकट करके तो मानवता का परिचय दे दे. इसी के साथ चाहूंगा आपकी आज्ञा. जय हिंद! जय झारखंड!!

# पुल मर्यादाओं का रक्षक





चौराहा
प्रमोद कुमार झा

**भारतवर्ष** में अंग्रेजों का वास्तविक प्रभावी शासन लगभग सौ वर्षों का रहा. लंबे समय तक अलगअलग साम दाम दंड भेद की नीति अपनाकर पहले उन्होंने सभ्यता, संस्कृति, रोजगार पर आक्रमण किया. भारतीयों को आपस में लड़वाया, अपनों में विभेद उत्पन्न करवाया और उन्हें अपने को, अपनी सभ्यता, संस्कार, शिक्षा और संस्कृति को नीचा समझना शुरू किया! कहते हैं कि कुछ भी स्थायी नहीं, पर भारत में कुछ काम तो अंग्रेज़ कर गए, जिसका असर अब भी है! अंग्रेजों ने हिंदुस्तान में ब्राउन साहिब (भूरे साहेब) उत्पन्न किये और अब भी इसका असर बरकरार है, जब लोक सभा की सदस्यता की शपथ भी अधिकांश लोग अपनी मातृभाषा में नहीं लेते! भारत की इतनी समृद्ध, सुसंस्कृत भाषाओं की श्रृंखला के बाद भी विदेशी भाषा सर्वमान्य है. आदि शंकराचार्य ने कई शताब्दी पहले अपने अध्ययन और ज्ञान को संबंध-सेतु बनाकर केरल से कश्मीर तक जाकर सनातन मान्यता की श्रेष्ठता स्थापित की. उनका ज्ञान और विवेक ने ही उन्हें पूरे देश में स्वीकार्य बनाया. मिथिला के तत्कालीन बड़े विद्वानों मंडन मिश्र और बाद में वाचस्पति मिश्र से स्वयं आकर, मिलकर उनके लिखे ग्रंथ की टीका लिखने का आग्रह किया था! उनका ज्ञान, नम्रता और विवेक ने अखिल भारत में एक संबंध-सेतु बनाया! हमारे दूरदर्शी संविधान निर्माताओं ने बहुत सोच विचार कर भविष्य के भारत के लिये संविधान में कार्यपालिका,विधायिका और न्यायपालिका की अवधारणा रखी. इन तीनों के बीच एक मजबूत संबंध-सेतु की भी परिकल्पना की, जिसमें सभी की स्वतंत्रता तो रहेगी, पर एक-दूसरे के सम्मान की रक्षा का नैतिक दायित्व भी होगा. दुखद है कार्यपालिका विधायिका के हाथ की कठपुतली है और किसी भी छोटे से छोटे कार्य के लिए न्यायालय का दरवाजा खटखटाना पड़ता है. करोड़ों मुकदमे में आधे से अधिक कार्यपालिका की अक्षमता के कारण है. किसी भी समय-सीमा में किसी देशवासी को सुविधा देने के प्रति कार्यपालिका कोई जिम्मेदारी निभाने में अक्षम है. न्यायालय एक मात्र उम्मीद रहता है. विधायिका और न्यायपालिका के बीच टकराहटों की संख्या निरंतर बढ़ती जा रही है. दोनों के बीच सम्मान का संबंध-सेतु टूट सा गया है. कर्तव्य बोध से अधिक अधिकार बोध ने भारतीय समाज में अपना आधिपत्य जमा लिया है!

बात हम सेतु, पुलों की कर रहे थे. अंग्रेजों की अंग्रेज़ियत की तरह उनके द्वारा लोहे के पुराने अधिकांश पुल अब भी टिके हैं. सैकड़ों सालों से यूरोप और अन्य पश्चिमी देशों में लोहे के बने पुल अब भी टिके हैं. हमारे देश में अब भी पुराने लोहे के पुल टिके हैं. मोकामा का गंगा नदी पर बना राजेन्द्र पुल और कुर्सेला का पुल लोहे का ही बना है!पांच छह दशक से ज्यादा हुए. कभी गिनती कीजिये कि देश में कितने कंक्रीट के पुल गिरे हैं पिछले पच्चीस सालों में? यह भी सोचना आवश्यक है कि जनता से वसूले टैक्स से कितने लाख करोड़ इन टूटे पुलों पर खर्च किये गए? प्रायः पूरी दुनिया में पुल गिरने के मामले में भारत का स्थान सर्वोच्च रहेगा. भारत के सुदृढ सरकार को उच्चतम न्यायालय के माननीय न्यायाधीश की अध्यक्षता में एक आयोग बनाना चाहिए, जो आकलन करे कि कितने पुल टूटे, कुल कितना खर्च हुआ था इसे बनाने में. कितने पहाड़ टूटे थे इसके निर्माण में. कितना श्रम दिवस लगा था इन पुलों को बनाने में? यह भी आग्रह किया जाय कि आयोग को इस बात के निर्णय लेने का भी वैधानिक अधिकार हो कि इस नुकसान की भरपाई किन किन लोगों से वसूल कर की जाय! क्योंकि सेतु, पुल का औचित्य तो जोड़ने में ही है न!

# मनोकामना पूर्ति का मंगल तीर्थ मलंग स्थान



यायावर
डॉ. जंगबहादुर पाण्डेय






**लोक** देवता बाबा मलंग का स्थान वैशाली जिला मुख्यालय हाजीपुर से लगभग 35 किलोमीटर दूर चांदपुरा कला गांव में है. आज मैं अपने पाठकों को लोक देवता मलंग बाबा के संदर्भ में बताना चाहता हूं. चांदपुरा कला गोरौल प्रखंड का एक सुप्रसिद्ध गांव है. मलंग स्थान में पीपल पेड़ के नीचे बाबा मलंग का मंदिर है, जो गोरौल स्थान के मंदिरों में विशेष स्थान रखता है. मंदिर कलात्मक ढंग से बना हुआ है. बरसात में इसके अगल-बगल पानी भरा रहता है. बाबा मलंग स्थान सांप्रदायिक सद्भावना के लिए प्रसिद्ध है. यहां हिंदू-मुस्लिम की पूजा एक साथ होती है. यहां मुस्लिमों के मलंग बाबा और हिंदूओं के योगी बाबा एक साथ स्थापित किये गये हैं. मलंग शब्द से ऐसा बोध होता है कि किसी काल में मुसलमान सूफी फकीर का यहां निवास था. शिव से संबंधित कुछ सूफी फकीर मलंग कहलाते थे. संभवतः वर्ण विपर्यय के कारण मंगल ही मलंग बन गया है. फकीर और योगी दोनों सच्चा साधक होते थे. उन दोनों का आशीर्वाद उक्त युग में फलीभूत होता था. आज भी उनकी शक्ति का वरदान फलीभूत होता है.

मलंग स्थान पर बाबा मलंग के दर्शनार्थ बड़ी संख्या में लोग हमेशा आते रहते हैं. उक्त स्थान पर नव विवाहित जोड़े संतान प्राप्ति हेतु मनौतियां करते हैं और नारियल फोड़ते हैं. नारियल जल बाबा पर अभिषेक हेतु छिड़कते हैं और नारियल को प्रसाद रूप मैं वितरण करते हैं. किंवदंती है कि उक्त स्थान पर जो लोग स्वच्छ मन से आकर बाबा का ध्यान पूजा, अर्चना और साधना करते हैं,उनकी मनोकामना पूर्ण होती है. मलंग स्थान के निकटवर्ती लोग बताते हैं कि जिनकी मनोकामना पूर्ण हो जाती है,वे दूसरी बार आकर बाबा पर लंगोटी, चिलम , गांजा और जनेऊ चढ़ाते हैं.

मलंग देवता मूलतः घूमने वाले देवता हैं, वे शिव के गण संस्कृति से संबद्ध होने के कारण मलंग बन गये हैं. मलंग देवता ही मंगल देवता हैं. उनकी प्रतिमा जनमानस की रक्षा करती है, राह दिखाती है. लोक देवता मलंग मनुष्य की आर्त पुकार पर दर्शित हो जाते हैं. उनकी चाहत होती है-लोक का मंगल हो. सभी सुखी हों, सभी निरोग हों, सबमें शांति सद्भाव एवं एकता बनीं रहे. यहां प्रत्येक सोमवार और शुक्रवार को श्रद्धालुओं की भीड़ जुटती है, लेकिन आश्विन पूर्णिमा के दिन विशेष मेला लगता है, जो वैशाली जिला के मेलों में विशेष स्थान रखता है. मलंग स्थान पर जो हरा भरा पीपल वृक्ष है, वहां अद्भुत शांति का माहौल बना रहता है. उक्त स्थान पर पहुंचते ही लोगों को अद्भुत शांति मिलती है.

# बकरी सशक्तीकरण और प्रशस्तीकरण



नश्तर
सुधीर राघव



**एक** बकरी और हाथी की दोस्ती हो गई. दोनों ही वीगन थे. यानी ऐसे शाकाहारी जो पशुओं से प्राप्त होने वाली कोई चीज नहीं खाते, यहां तक कि दूध, पनीर, शहद और मक्खन भी नहीं. हमारे समाज में शाकाहारियों की कई किस्में हैं. जैसे ओवो-लेक्टो शाकाहारी, जो अंडे, दुग्ध उत्पाद और शहद खा लेते हैं मगर मांस मछली नहीं. लैक्टो शाकाहारी दुग्ध उत्पाद खा लेते हैं मगर अंडे नहीं खाते. ओवो शाकाहारी अंडे खा लेते हैं मगर दुग्ध उत्पाद नहीं. सुशाकाहारी वे होते हैं जो एलियम परिवार की सब्जियों जैसे लहसुन-प्याज को नहीं खाते. फलाहारी सिर्फ फल और बीज खाते हैं. कच्चा शाकाहारी वे होते हैं जो सिर्फ बिना पकाए भोजन जैसे कच्चे फल, बीज और सब्जियां ही खाते हैं. कट्टर शाकाहारी वे हैं जो प्राणी सामग्री इस्तेमाल होने की आशंका से चीनी व जिलेटिन तक का इस्तेमाल भी नहीं करते. हमारे हाथी और बकरी दोनों शुद्ध वीगन थे. अक्सर जंगल में चरते वक्त दोनों की मुलाकात हो जाती. बकरी घास चरती और हाथी वृक्षों से टहनियां तोड़कर गिराता और उसके पत्ते खाता. जब बड़ी टहनी टूटकर गिरती तो बकरी भी आ जाती और हाथी के साथ एक कौने पर खड़े होकर पत्ते चरने लगती.


बकरी को अपनी तरह वीगन देखकर हाथी बहुत प्रभावित हुआ. उधर, जब बकरी को पता चला कि इतने बड़े डील डौल वाला हाथी भी उसकी तरह वीगन है तो वह हाथी की मुरीद हो गई. इस तरह दोनों के बीच दोस्ती शुरू हुई. पहले-पहल दोनों सिर्फ लंच पर मिलते. दोस्ती प्रगाढ़ हुई तो नाश्ते से लेकर डिनर तक साथ करने लगे. पूरा दिन साथ रहते. साथ चरते. दुख-सुख की बात करते. बकरी आकार में हाथी से बहुत छोटी थी. हालांकि हाथी उसे छोटा नहीं समझता था मगर हीनभावना की ग्रंथि गजब है. वह खुद ब खुद पनपती है. बकरी में भी पनप रही थी. इसलिए एक दिन बकरी हाथी से पूछ बैठी - क्या तुम मुझे अपनी पीठ पर सवार करोगे? मुझे देखना है कि ऊपर से दुनिया कैसी लगती है. हाथी उदार था. उसने झट से बकरी को अपनी पीठ पर चढ़ा लिया. बकरी ने इतनी ऊंचाई से पहली बार दुनिया देखी थी. वह इस ऊंची दुनिया को देखकर दंग रह गई. ऊंचे ऊंचे पेड़ों के पत्ते अब उसकी पहुंच में थे. वह मगन होकर चर रही थी. उधर, हाथी की पीठ पर बकरी को देखकर जंगल के बाकी जानवर दोनों का मज़ाक़ उड़ाने लगे. वे कहने लगे बकरी कमजोर है, निर्बल है, निशक्त है. यह सुनकर हाथी को बहुत बुरा लगता. उसने कई दिन तक सोचा और उसे तब जाकर बकरी के सशक्तीकरण का अनूठा विचार सूझा. ठीक उसी समय जब बाकी के जानवर दोनों का मज़ाक़ उड़ा रहे थे, हाथी ने बकरी से कहा कि आज सबको बता दो कि तुम कितनी सशक्त हो. मेरी पीठ से उतरो. आज मैं तुम्हारी सवारी करूंगा. इन सबको दिखा दो कि तुम मेरा बोझ भी उठा सकती हो. तुम कमजोर नहीं बल्कि ताकतवर हो. हाथी की बात सुनकर बकरी को भी जोश आ गया. उसे लगा कि यही दुनिया जीतने का मौका है. बकरी झट से उतर कर हाथी के आगे खड़ी हो गई...मगर जैसे ही हाथी ने बकरी पर पैर रखा, कुचले जाने से उसकी मौत हो गई. पूरा जंगल सदमे में आ गया. .. उस दिन हाथी को समझ आया कि लोगों को दिखाने के लिए कुछ नहीं करना चाहिए. अगर दिल मिल रहे हैं तो अपनी जोड़ी को बेमेल मत समझो. लोगों को कहने दो, उनका काम है कहना.


# तारक शंकर की कलाकृतियों में आधुनिक कला चेतना




कला-संवाद
मनोज कुमार कपरदार

















**आज** गुरु पूर्णिमा है. एक कलाकार के लिए जीवन में गुरु की महत्ता सर्वोपरि है. गुरुजन.... एक पूजा.... एक नमन.... एक प्रार्थना है. उनके मार्गदर्शन से ही कलाकार की कला की सार्थकता होती है. जब से मैंने होश संभाला, तब से रंगों और आकारों के प्रति आकर्षित रहा. परिवार में कला की कोई पृष्ठभूमि नहीं रही, लेकिन आकार और रंगों के प्रति रुझान हमेशा रही. मेरे गुरुदेव संतोष कुमार जायसवाल ने भी मेरी अन्तः चेतना को समझाने का प्रयास किया था. उन्होंने मुझसे गांधीजी और मीराबाई की तस्वीर बनवा कर अपने कार्यालय में लगवाये. इन्होंने मुझे सदैव कला के लिए प्रेरित किया. कॉलेज के दिनों में जब मैं अपने गुरु डॉ. अशोक सिन्हा से उनके आवास में मिलता था, तो वे भी कला की ही चर्चा करते थे. वे राजा रवि वर्मा को अपना आदर्श मानते थे. वे कहते थे यदि मैं ईश्वर के बाद किसी को स्थान देता हूं. तो वे कलाकार ही हैं. क्योंकि ईश्वर के बाद कलाकार ही सृजनकर्ता हैं. इन्होंने भी मुझे कला के लिए प्रेरित किया. रांची में कला प्रेमी कुमार संजय ने भी मेरी कला को निखारने की सराहनीय कोशिश की. बाद के दिनों में मैंने तारक शंकर दास और दिव्येन्दु पाल से कला की बारीकी को समझने का प्रयास किया. तारक शंकर दास भले ही आज यादों के फ्रेम में कैद हो गये हैं, लेकिन कैनवास पर बनायी गई कला की रेखाएं आज भी तरंग पैदा करती हैं. वे एक समर्पित कलाकार थे, जिन्होंने सैंकड़ों बाधाओं के बावजूद कला को एक चुनौती के रूप में स्वीकार किया. ये अपनी कलाकृतियों में ज्यामितीय व घनाकार आकृतियों के जरिये मानवीय संघर्ष, उसके अंतर्द्वन्द्व व उसकी भावनाओं को बहुत ही सहजता से उतार लेते थे. जलरंग इनका प्रिय माध्यम हुआ करता था, हालांकि तैल रंगों का भी ये प्रयोग किया करते थे. पहले इन्होंने एब्स्ट्रेक्ट आर्ट पर खूब काम किये. बाद के दिनों में ये रियलिस्टिक शैली में अपनी कलाकृतियों को आकार देने लगे थे. भारत के भूतपूर्व राष्ट्रपति बीवी गिरि और तत्कालीन प्रधानमंत्री इन्दिरा गांधी की उपस्थिति में चित्र प्रदर्शनी में भाग लेने का सौभाग्य प्राप्त करने वाले तारक शंकर दास को अखिल भारतीय स्कूली चित्रकला प्रदर्शनी में श्रेष्ठ चित्रकार का पुरस्कार प्राप्त हुआ था. इसके अतिरिक्त इन्हें पूर्वी क्षेत्र तथा बिहार के श्रेष्ठ चित्रकार का पुरस्कार भी प्राप्त हुआ था. इसके बाद इन्होंने कभी पीछे मुड़कर नहीं देखा. नई दिल्ली, कोलकाता, पटना में कई बार इनकी कलाकृतियों की प्रदर्शनी लग चुकी थी. कोलकाता के कलाकारों द्वारा इनके चित्रों पर व्यक्त की गई प्रतिक्रिया को ये आजीवन भूल नहीं पाये. देश के ख्याति प्राप्त चित्रकार वासिम कपूर और प्रतिष्ठित कलाकार बी आर पनेसर ने इनकी कलाकृतियों की खूब प्रशंसा की थी. इन्होंने अपनी कला को आधुनिक चेतना से संपन्न किया था. ये तो सर्वथा नई राहों के कलाकार थे, जिन्होंने बड़े मनोयोग से कैनवास पर अपनी कला को विकसित किया. तारक शंकर दास की कला अनवरत साधना और संकल्प चेतना की कला कही जा सकती है. आज भी रांची के प्रमुख स्थानों में इनकी कलाकृतियों को देखा जा सकता है.



# आखर



गुरु पूर्णिमा विशेष

# नाहं विद्या विक्रयं करोमि




वैजनाथ मिश्र

भारत गुरुओं का देश है. इन गुरुओं के सानिध्य में ही अनेक महापुरुष और प्रतापी नरपुंगव हुए. हमारे गुरुओं ने अध्ययन-अध्यापन को तपस्या के रूप में देखा था. वे मनस्वी भी थे और तपस्वी भी. उनकी मान्यता थी-छात्रों का पढ़ना, उन्हें पढ़ाना एक तपस्या है. छात्रानाम अध्ययनं तपः अर्थात उन्होंने शिक्षा को उच्चतर भूमिका पर प्रतिष्ठापित किया था. जब हम विश्व गुरु थे तब हमारी दृष्टि में विद्या धन प्राप्ति का साधनमात्र नहीं थी. भारतीय परंपरा के गुरुओं का उद्घोष था- नाहं विद्या विक्रयं करोमि शासनं शतेनापि. अर्थात सैकड़ों शासन का अधिकार प्राप्त होने पर भी मैं विद्या बेचूंगा नहीं. यहां यह भी स्पष्ट कर देना आवश्यक है कि शिक्षक और गुरु में बारीक अंतर होता है. शिक्षक मात्र शिक्षा देता है लेकिन गुरु शिक्षा के साथ दीक्षा भी देता है. यानि गुरु यह भी सिखाता है कि प्राप्त शिक्षा का कहां, कैसे और किस सीमा तक उपयोग करें. प्रश्न यह है कि अच्छा गुरु कौन होता है? इसका उत्तर श्री रामकृष्ण परमहंस ने दिया था- "जतो दिन बांची, ततो दिन शीखी." यानि जितने दिन जीऊंगा, उतने दिन सीखूंगा. निहतार्थ यह कि समर्थ गुरु वह होता है जो आजीवन छात्र बना रहे. जब तक सांस चलती रहे, सीखने की प्रवृति बनी रहे. शिक्षा का अर्थ है विद्या प्रदान करने की प्रक्रिया. यह विद्या भारतीय मनीषा में दो प्रकार की होती है- एक परा और दूसरी अपरा. परा विद्या के माध्यम से परमार्थ और अध्यात्म का अध्ययन करते हैं और अपरा विद्या के माध्यम से लौकिक विषय सीखते हैं. इन दोनों विद्याओं का अर्जन तपस्या के बिना संभव नहीं है. इस तपस्या के दो अंग हैं-स्वाध्याय और प्रवचन. वर्तमान संदर्भ में कहें तो इनपुट और आउटपुट. हमारे भारतीय गुरुओं का यही वैशिष्ट्य रहा है.

हमारे गुरुओं ने अच्छे ग्रंथों व नूतन विचारों के अनुशीलन से कभी प्रमाद नहीं किया. वह मानता था कि मनोयोग से अनवरत परिश्रम किए गए स्वाध्याय के कारण ही प्रवचन संप्रेषणीय तथा प्रामाणिक होगा. वर्तमान संदर्भ में देखें तो कुछ अध्यापक ऐसे होते हैं जो ज्ञानी तो हैं लेकिन वे अपना अर्जित ज्ञान विद्यार्थियों तक प्रामाणिकता के साथ संप्रेषित नहीं कर पाते हैं. यानी वे स्वाध्यायी तो हैं लेकिन कुशल प्रवचनकर्ता नहीं हैं. इसके विपरीत कुछ अध्यापक ऐसे होते हैं जो संप्रेषण कला में तो निष्णात होते हैं, लेकिन उनका स्वाध्याय ही कम होता है. वे पढ़ाते तो बढ़िया हैं लेकिन अपना विषय जानते ही कम हैं. ये दोनों प्रकार के अध्यापक उच्च प्रतिष्ठा के अधिकारी नहीं हैं. उच्च प्रतिष्ठा का अधिकारी वह अध्यापक होता है जो परम ज्ञानी होने के साथ-साथ ज्ञान के संप्रेषण की कला में भी पारंगत हो. हमारा राष्ट्र पुनः जगत गुरु बन सकता है, बशर्ते हमारे अध्यापक उच्च प्रतिष्ठा प्राप्त करने की दिशा में अग्रसर हों.

गुरु दो प्रकार के होते हैं-एक शिलाधर्मी, दूसरा आकाशधर्मी. भारतीय मनीषा में शिलाधर्मी गुरु त्याज्य हैं क्योंकि वे विद्यार्थियों पर लद जाते हैं. वह दंभ के साथ कहते हैं कि मैं जो कहता हूं, वही तुम्हें मानना पड़ेगा. यदि ऐसे गुरु का कहा ही अंतिम सत्य है तो विद्यार्थियों को आगे सोचने, समझने और विकास के नए आयाम तलाशने की क्या आवश्यकता होगी? तब क्या उसका ज्ञान अवरुद्ध नहीं हो जाएगा और उसकी विद्या ठिठक नहीं जाएगी? इसलिए हमारे यहां जिस आदर्श गुरु की कामना की गई है, उन्हें आकाशधर्मी की संज्ञा दी गई है. जिस प्रकार आकाश सभी वनस्पतियों को उनकी क्षमता के अनुरुप विकसित, पुष्पित, पल्लवित होने का समान अवसर प्रदान करता है, उसी प्रकार आकाशधर्मी गुरु अपने विद्यार्थियों को उनकी प्रतिभा एवं क्षमता के अनुरूप विकसित, पुष्पित, पल्लवित होने का समान अवसर प्रदान करता है. दुर्योग से स्वतंत्र भारत में ऐसे गुरुओं की संख्या तेजी से बढ़ रही है जो शिष्यों के वित्त का अपहरण तो करते हैं, किंतु उनके चित्त का अपहरण आवश्यक नहीं समझते हैं. यही कारण है कि आधुनिक गुरु अपने शिष्यों की अपेक्षित श्रद्धा अर्जित नहीं कर पा रहे हैं. हमारे शिक्षक यह समझने को यह तैयार ही नहीं हैं कि केवल पद और डिग्री से सम्मान प्राप्त नहीं होता. शिक्षकों में कुछ ऐसी विशेषताएं होनी चाहिए जिससे शिष्यों के मन में श्रद्धा उत्पन्न होती रहे. जब तक हमारा शिक्षक वर्ग नयी-नयी विशेषताएं अर्जित करता रहेगा, हमारे विद्यार्थी श्रद्धानत होते रहेंगे, तब तक हमारी प्राचीन शिक्षा परंपरा का मूल समाप्त नहीं होगा. हमारे गुरुओं का ध्येय वाक्य था-हमारा विद्यार्थी हमें पराजित कर दे तो शिक्षा सफल हो जाएगी. जब कोई अध्यापक अपने विद्यार्थी से पराजय की कामना करता है तो उसका उद्देश्य होता है कि शिक्षक ने ज्ञान की रेखा जहां तक खींची है, विद्यार्थी उसे विस्तृत करे, अपने अध्ययन, अन्वेषण, नए सिद्धान्त तथा नीतियां प्रतिपादित करे और नए तथ्य, सत्य का उद्भेदन करे. इसलिए जब कोई शिष्य अपने गुरु को अपनी ज्ञान गंगा के आवेग और गहराई से अचंभित कर देता है तो गुरु की छाती फूल जाती है. तस्मै श्री गुरवे नमः!

# जब गुरु के आदेश पर राष्ट्रकवि दिनकर को खिलायी घी की पूड़ियां



अशोक प्रियदर्शी



अब याद आता है. उन दिनों मैं वाराणसी में इंटर साइंस की पढ़ाई कर रहा था. कविता की समझ तो क्या होती, बड़े कवियों के नाम तक का पता नहीं था. कुछ मित्रों ने कहा कि काशी नागरी प्रचारिणी सभा में आज शाम सात बजे से एक अखिल भारतीय कवि -सम्मेलन आयोजित है. चलो, मजा आएगा. मैं गया. दिनकर जी ने अपनी नई कविता सुनाई थी -----'किसको नमन करूं मैं भारत, किसको नमन करूं मैं!'

तब क्या समझता, अब समझ में आता है, दिनकर जी भारतीयता की बात कर रहे थे. भारत केवल एक भूखंड नहीं है, यह विशिष्ट संस्कृति का देश है.

राम -राम करके इंटर की नैया पार लगी. मैंने साइंस से जान छुड़ाई. आगे की पढ़ाई के लिए रांची आ गया. रांची कॉलेज में नाम लिखाया. ऑनर्स का नाम पहली बार सुना. बड़ों ने बताया कि अच्छे लड़के ऑनर्स के बिना नहीं पढ़ते. तब अंग्रेजी और हिन्दी में मेरी समान रुचि थी. मैंने सोचा, अंग्रेजी लूंगा तो उसी में एमए करूंगा, फिर उसी विषय का शिक्षक बनूंगा. क्लास में अंग्रेजी बोलना होगा. धाराप्रवाह अंग्रेजी कैसे बोल पाऊंगा? मैंने फैसला किया, हिन्दी पढ़ूंगा. हिन्दी विभागाध्यक्ष थे प्रो केसरी कुमार ('नकेन'के 'के'), उनकी ऑनर्स कक्षा में मैं बैठ गया. उनके हाजिरी ले लेने के बाद मैंने कहा, 'सर, मैंने यू पी बोर्ड से साइंस में इंटर किया है. वहां साइंस वालों की हिंदी का स्तर कला वालों से थोड़ा आसान है, पर हिन्दी में मुझे पैंसठ अंक मिले हैं. मैं हिन्दी ऑनर्स पढ़ना चाहता हूं.' केसरी जी मनस्वी थे. बोले, 'पढ़िए' और पंजी में मेरा नाम दर्ज कर लिया. उन दिनों, पटना को छोड़कर, पूरे बिहार में केवल तीन पी जी कॉलेज थे, रांची, मुजफ्फरपुर और भागलपुर. हिन्दी ऑनर्स की पढ़ाई पूरे बिहार के पुराने कॉलेजों में होती थी. ऑनर्स और एम ए में डबल एग्जामिनरशिप थी. परिणाम नाम सहित छपते थे. मैंने पूरे बिहार में द्वितीय श्रेणी में सातवां स्थान पाया, एम ए में आया. जब हम चतुर्थ वर्ष में थे तभी बिहार लोक सेवा आयोग से अनुशंसित होकर रीडर - हेड के पद पर रांची कॉलेज के हिन्दी विभाग में डा रामखेलावन पाण्डेय आ गये. एक म्यान में दो तलवारें कैसे रहती! केसरी जी पटना लौट गए. वे नलिन जी ('नकेन'के पहले 'न') के अनन्य मित्र थे और वैसे भी यहां वे लियन (ग्रहणाधिकार) पर आए थे.

## जब हुआ मैं धन्य-धन्य

अब ठीक याद नहीं, मैं पंचम वर्ष में था या षष्ठ, हिन्दी साहित्य सम्मेलन, पटना ने अपना वार्षिकोत्सव रांची में मनाने का निर्णय लिया. उन्हें उस भवन में ठहराया गया जिसमें आज सीबीआई का कार्यालय है, डी सी, रांची के आवास के सामने. बिहार के सारे हिन्दी के विद्वान और कवि आए हुए थे. उनकी एक झलक पाने की गरज से मैं उस भवन के आंगन में गया. पहले तल्ले की बालकनी से मुझको देख कर डा पाण्डेय ने ऊपर बुलाया. मैं गया. पाण्डेय जी सामने के कमरे में दिनकर जी के साथ बैठे थे. मैंने दोनों को प्रणाम किया तो गुरुदेव ने दिनकर जी से कहा, ये पंचम/षष्ठ वर्ष के विद्यार्थी हैं. फिर मुझसे बोले - अशोक, दिनकर डालडा नहीं खाता. नीचे हलवाई नाश्ता बना रहे होंगे. जाओ, अपने सामने शुद्ध घी में कुछ पूड़ियां छनवा लो. उसी में आलू का भुजिया भी छनवा लेना, उसपर ऊपर से नमक, बुकी हुई काली मिर्च छिड़कवा लेना. और हां, दिनकर को दही प्रिय है, हो तो अलग से किसी बरतन में ले लेना. नमक अलग से ले लेना. जाओ, लेकर आओ तो!

मैं तो धन्य -धन्य. दिनकर जी के लिए नाश्ता बनवाना है. खैर, सारी सामग्री लेकर में गया और दिनकर जी के समक्ष एक टेबुल पर रख दिया. दो-तीन पूड़ियां खाने के बाद दिनकर जी ने पाण्डेय जी से कहा - पांडे, लड़के ने बहुत बढ़िया नाश्ता कराया, इसको फर्स्ट क्लास दिलवा देना. पाण्डेय जी क्या कहते. बोले-अच्छे विद्यार्थी हैं, लाना तो चाहिए! (दिनकर जी और पाण्डेय जी के बीच तुम -ताम चलता था. पटना में दोनों के घर के बीच एक दीवार की दूरी थी.)

## "वाह -वाह का अवसर नहीं आया"

अगले दिन शाम के छह बजे से कवि - सम्मेलन आयोजित था. जहां आज सरकारी अतिथि शाला है, केन्द्रीय पुस्तकालय की बगल में, उसी मैदान में मंच सजा था. इधर दिनकर जी ने प्रायः शाम के चार बजे आयोजकों से कहा - एक गाड़ी की व्यवस्था कर के मुझको स्टेशन भिजवा दीजिए, मुझको पटना लौटना है. लोग शोर मचाने लगे - एकाध घंटे के बाद यहां कवि - सम्मेलन होने वाला है और आप जा रहे हैं! आपको ही सुनने के लिए लोग अभी ही जुट गए हैं. रांची कॉलेज के लड़कों को आप जानते नहीं हैं. सब तोड़-फोड़ डालेंगे. दिनकर जी ने कहा -मैं तो अब मंच से कविता सुनाता नहीं. ऐसा है तो मैं अभी जाकर एक - दो कविता पढ़ आता हूं.

दिनकर जी गाते नहीं थे, ओजस्वी स्वर में पढ़ते थे. उन्होंने शुरू किया --ता-आन ता-आन फण व्याल. भीड़ से लड़के चिल्लाए- वाह-वाह, वाह-वाह! दिनकर जी को लड़के क्या हूट करते! वे बोले -

अभी वाह -वाह का अवसर नहीं आया है, आगे आएगा. लड़के शांत हो गये. उन्होंने फिर से शुरू किया –

तान-तान फण व्याल, कि उसपर मैं बांसुरी बजाऊं/ झूमे गरल चरण के नीचे, मैं उमंग में गाऊं ! लड़कों ने शांति से सुना, ताली बजाई. दिनकर जी ने एक और कविता सुनाई - झील को छुओ मत, कंकड़ी मारो नहीं पत्तियां डारो नहीं, फूल मत बोरो, और कागज की तरी उसमें नहीं छोड़ो/खेल में तुमको पुलक-उन्मेष होता है,लहर बनने में सलिल को क्लेश होता है..

सन् साठ में मैंने एम ए किया. कुल सात लोग प्रथम श्रेणी में आए, छह लंगट सिंह कॉलेज, मुजफ्फरपुर से, रांची कॉलेज से इकलौता मैं, टी एन बी कॉलेज, भागलपुर से शून्य. यदि दोनों परीक्षकों के दिए अंक में पंद्रह तक का अंतर हो, तो उनका 'मीन' निकाल लेते थे, उससे अधिक का अंतर होने पर मामला परीक्षा - बोर्ड में चला जाता था. तीनों अध्यक्ष होते थे. जो अध्यक्ष जितना मोल-तोल कर सके! तब मुजफ्फरपुर के अध्यक्ष थे आचार्य देवेन्द्र नाथ शर्मा.

## उर्वशी पुरूरवा संवाद

अब इंटरव्यू की बारी थी. सारी नियुक्तियां बी पी एस सी से होती थीं. एक साल बाद संबद्ध कॉलेजों में नियुक्ति के लिए अलग विश्वविद्यालय सेवा आयोग बना दिया गया. इसी आयोग में मैं इंटरव्यू दे रहा था. सन् साठ में ही दिनकर जी की 'उर्वशी' आ चुकी थी और 'हॉट केक' बनी हुई थी. उक्त इंटरव्यू में आंतरिक विशेषज्ञ पाण्डेय जी थे और बाह्य विशेषज्ञ के रूप में केवल आचार्य शर्मा थे. पाण्डेय जी ने कहा - मेरे तो विद्यार्थी ही रहे हैं. शर्मा जी, आप पूछिए. शर्मा जी ने मुझसे पूछा --आजकल क्या पढ़ रहे हैं? मैंने कहा - जी, उर्वशी. वे बोले - कुछ पंक्तियां सुना सकते हैं? मैंने कहा -जी. उर्वशी पुरूरवा को अपना परिचय दे रही है - मैं नाम-गोत्र से रहित पुष्प/अंबर में उड़ती हुई मुक्त/आनंद -शिखा/इतिवृत्त - हीन, सौन्दर्य-चेतना की तरंग/प्रिय, मैं केवल अप्सरा/विश्व-नर के अतृप्त इच्छा - सागर से समुद्भूत........... पाषाणों के अनगढ़ अंगों को काट-छांट /मैं ही निविड़स्तन-नता, मुष्टि-मध्यमा, मदिर लोचना, काम -लुलिता नारी/प्रस्तरावरण कर भंग, तोड़ तम को उन्मत्त उभरती हूं. आचार्य शर्मा प्रीत हुए. बोले-ठीक है. जाइए.

मेरी नियुक्ति हो गई, यानी प्रकारांतर से दिनकर जी ने ही मुझको नियुक्ति दिलवाई.

## गुरु हैं ईश्वर की वाणी



गुरु शब्द के दो भाग होते हैं : "गु" अर्थात् अन्धकार और "रु" अर्थात् मिटाना या दूर भगाना. सरल शब्दों में, "गुरु" वह है जो हमें हमारे अन्धकार पर विजय प्राप्त करने में सहायता करता है और ज्ञान प्राप्त करने में हमारा मार्गदर्शन करता है. सतगुरु वह होता है जिसने ईश्वर का साक्षात्कार प्राप्त कर लिया है. और अन्तिम सत्य की खोज करने के लिए हमारा पथप्रदर्शन करता है.

जब सच्चे ज्ञान एवं ईश-सम्पर्क की हमारी लालसा तीव्र हो जाती है, तो प्रत्युत्तर में हमारी आत्म-साक्षात्कार की चुनौतीपूर्ण यात्रा में हमें मार्गदर्शन प्रदान करने के लिए ईश्वर हमारे पास एक दिव्य माध्यम अथवा गुरु भेज देते हैं. ऐसे गुरु स्वयं ईश्वर के द्वारा ही नियुक्त होते हैं. वे ईश्वर के साथ एक होते हैं और उन्हें इस पृथ्वी पर ईश्वर के प्रतिनिधि के रूप में उपदेश देने का अधिकार प्राप्त होता है. श्री श्री परमहंस योगानन्द एक ऐसे ही गुरु थे. वे एक पूजनीय आध्यात्मिक शिक्षक थे जो कालातीत आध्यात्मिक गौरव ग्रन्थ, "योगी कथामृत" के लेखक थे, जिसने सम्पूर्ण विश्व में लाखों लोगों के जीवन को रूपांतरित किया है. वे कहते हैं, "गुरु और शिष्य के मध्य सम्बन्ध प्रेम एवं मैत्री की महानतम अभिव्यक्ति होती है; यह वह अशर्त दिव्य मैत्री है जो दोनों के एकमात्र लक्ष्य, अर्थात् ईश्वर के प्रति अनन्य प्रेम की इच्छा, पर आधारित होती है."

गुरु अपने शिष्य को आध्यात्मिक मार्ग में अहंकारजन्य आदतों पर विजय प्राप्त कर प्रेम, शान्ति, और आनन्द का विकास करने की शिक्षा प्रदान करता है. क्रियायोग जैसी वैज्ञानिक ध्यान प्रविधियों के अभ्यास के माध्यम से, गुरु भक्तों की चेतना को उच्चतर स्तरों तक ले जाता है और अन्ततः इस जन्म में अथवा भावी जन्मों में ईश्वर की प्राप्ति हेतु मार्गदर्शन प्रदान करता है. गुरु पूर्णिमा के इस पवित्र अवसर पर ऐसे गुरू के प्रति हमें अपना गहनतम प्रेम, भक्ति, निष्ठा एवं समर्पण अर्पित करना चाहिए.

योगानन्दजी ने कहा कि एक औसत भक्त गुरु के बिना ईश्वर को प्राप्त नहीं कर सकता है. यदि गुरू अपने भौतिक शरीर में उपस्थित नहीं होते हैं तब भी वे अपने अनुयायियों के आध्यात्मिक कल्याण का उतना ही ध्यान रखते हैं. ऐसी स्थिति में उनकी शिक्षाएं ही गुरु होती है और उनके अनुयायी उनकी शिक्षाओं के माध्यम से उनके साथ सम्पर्क बनाए रख सकते हैं. गुरु अपने शिष्यों का सदैव संरक्षण करते हैं और जब भी वे गहन श्रद्धा के साथ उन्हें पुकारते हैं तो वे सदैव उपस्थित रहते हैं.

**- रेणु सिंह परमार**

# मेरे कथा गुरु



राकेश कुमार सिंह

सपने में भी नहीं सोचा था कि कभी लिखना भी मुझसे संभव होगा. मां-पिताजी के वंशवृक्ष में कई पीढ़ियों तक किसी लेखक-रंगकर्मी-चित्रकार-पत्रकार या गायन का कोई इतिहास नहीं... बावजूद इसके मैं साहित्य की ओर आकृष्ट हुआ तो इसका श्रेय मेरे जीवन में आए चार गुरु जनों का है.

पहले थे हार्वे सोन भैली हाई इंग्लिश स्कूल, देवरी (जपला) के हमारे हिन्दी शिक्षक स्वर्गीय रामदास तिवारी जी, मेरे गांव के गोतिया बाबा (पितामह) स्वर्गीय धनपत सिंह जी, मेरे महाविद्यालय के अग्रज सहकर्मी (साहित्यकार) डॉ मिथिलेश्वर जी और रांची विश्वविद्यालय के प्रोफेसर अशोक प्रियदर्शी जी.

दसवीं -ग्यारहवीं कक्षा में तिवारी माट्साब नाटकीय भंगिमा और संवादों के साथ जब "कहानी संकलन" और "साहसिक कहानियां' पढ़ाया करते थे तो मानो वे कथा प्रसंगों -चरित्रों को आंखों के समक्ष मूर्तिमान कर देते थे. वे कहते थे.."लंबी छुट्टियों में प्रेमचंद, प्रसाद, शरतचंद्र, वृंदावन लाल वर्मा आदि के उपन्यास पढ़ा करो. हिन्दी सुधरेगी."

अभिभावक जहां उपन्यास पढ़ना गंदी आदत बताते थे वहीं हमारे माट्साब वर्जित फल चख लेने को प्रेरित करते थे... कहां गए वे लोग? वे गुरु जन?

तिवारी माट्साब अपने सहकर्मियों के लिए चाहे जैसे रहे हों, मेरे लिए आज भी वे दुनिया के सर्वश्रेष्ठ हिन्दी शिक्षक हैं. मेरा लेखक सदैव उनका आशीर्वाद और ऋण अपने ऊपर अनुभव करता है...रहेगा.



स्वर्गीय रामदास तिवारी जी, डॉ मिथिलेश्वर जी और प्रोफेसर अशोक प्रियदर्शी जी.

डोडो-गोंडावन पक्षियों की भांति विलुप्तप्राय ऐसे शिक्षकों की प्रजाति अब या तो उनकी पारिवारिक तस्वीरों में है या हम जैसे विद्यार्थियों की स्मृतियों में रह गई है.

हमारे धनपत बाबा किसी शाला में शिक्षक भले नहीं थे परन्तु मेरे तईं उनका दर्जा मेरे कथा गुरु का रहा और रहेगा. किस्से-कहानियों की जादुई दुनिया में उतरने वाली सीढ़ियों का एक दहाना धनपत बाबा की खलिहान में भी था.

गर्मियों की सांझ में नदी की रेत पर, शाम ढलने : चांद निकलने तक रब्बी-खरीफ के मौसमों में धान-गेहूं के खलिहानों में शीत-बसंत, तोता-मैना, कुंवरविजयमल, आल्हा-ऊदल, राजा भरथरी, सोरठी बृजाभार आदि-आदि की गेय कथाएं उंची आवाज में गा-गा कर बांचते थे धनपत बाबा. उनका गुरु गंभीर सातवां सुर तो सीधा कलेजे में उतर जाता था.

अब लगता है कि विदेशी आक्रांताओं या बख्तियार खिलजी जैसे बर्बर हमलावरों द्वारा नालंदा विश्वविद्यालय के पुस्तकालय दहन जैसे विध्वंसक अभियानों के बावजूद यदि भारतीय साहित्य -संस्कृति अमर रही तो इसे बचाए रखने का श्रेय हमारे आंचलिक कथावाचकों, लोक गायकों और भारतीय वांग्मय की वाचिक परंपरा को ही जाता है.

तिवारी माट्साब ने यदि मेरी मानस-भूमि की जुताई -गुड़ाई कर इसे किस्से-कहानियों के योग्य बनाया तो धनपत बाबा ने उस तैयार जमीन पर कहानियों के बीज बोए.

समय की मिट्टी तले सोए-शांत बीजों को अनुकूल मौसम उपलब्ध कराया मेरे तीसरे कथा गुरु ने... मिथिलेश्वर जी.

आरा (बिहार) के सृजनात्मक साहित्यिक पर्यावरण और मिथिलेश्वर जी के सिंचन - पटवन ने मेरे कथा बीज को उगा दिया. वे मिथिलेश्वर जी ही रहे जिन्होंने सर्वप्रथम मेरी पहली अनगढ़ लिखाई को कहानी का मान दिया. मुझे कथाकार की मान्यता दे कर मेरे लिए साहित्य की दुनिया के दरवाजे खोल दिए.

...और अंकुरित पौधे को खाद-पानी उपलब्ध कराया मेरे परीक्षा गुरु प्रोफेसर अशोक प्रियदर्शी जी ने.

परीक्षा गुरु इसलिए कि मेरी कहानियां तो उन्हें ठीक-ठाक लगती थीं पर जब मेरा मेरा लिखा दूसरा उपन्यास "जहां खिले हैं रक्तपलाश" मेरे लिखे पहले उपन्यास से महीने भर पहले ही छप कर आया तो मानो यह मेरी उत्तरपुस्तिका थी. मैंने इसे गुरुजी के सामने डरते-डरते प्रस्तुत किया और अपना डर प्रकट भी किया कि कृपया धैर्यपूर्वक झेल लें. पहली कोशिश है. पता नहीं कुछ बात बनी या...!

वे दिन भी क्या दिन थे जब मैंने साहित्य में प्रवेश पाया था और आज का दिन है कि किसी नई रचना के साथ गुरुजी के समक्ष प्रस्तुत होने में अब भी सहमा रहता हूं.

अंततः... मैं अलेखक यदि कुछ लिख पाया तो वह सब मेरा बाद में है, पहले उनका. मेरी सिर्फ कलम है. यदि ये चार मेरे जीवन में न आए होते तो मैं चाहे कुछ और होता पर यह न होता.

संयोजन : चेतना झा, डिजाइनिंग - खुशबू कुमारी

# ओलंपिक के लिए भारत ने एथलेटिक्स पर 96 करोड़ खर्चे

## भारत सरकार ने टोक्यो ओलंपिक के बाद से ही शुरू कर दी थी तैयारी



**बैडमिंटन पर 72 करोड़ और हॉकी पर 41.81 करोड़ रुपये खर्च हुए**

**26 जुलाई से पेरिस में शुरू हो रहा ओलंपिक 11 अगस्त तक चलेगा**

एजेंसी। नयी दिल्ली

स्पोर्ट्स अथॉरिटी ऑफ इंडिया-साई ने हाल ही एक रिपोर्ट जारी की है. इसमें 26 जुलाई से पेरिस में शुरू हो रहे ओलंपिक के लिए बीते चार साल में अलग-अलग खेल व खिलाड़ियों पर खर्च की जानकारी साझा की गयी है. इसमें एथलेटिक्स पर सबसे ज्यादा 96 करोड़ रुपये खर्च किए गए, जबकि बैडमिंटन पर 72 करोड़ और हॉकी पर 41.81 करोड़ रुपये खर्च किए गए हैं. विशेषकर पांच ऐसे एथलीट की, जिन्हें सरकार ने तैयारियों के लिए सबसे ज्यादा मदद पहुंचाई.

### नीरज चोपड़ा

टोक्यो ओलंपिक में गोल्ड मेडल जीतकर इतिहास रचने वाले स्टार जैवलिन थ्रोअर नीरज चोपड़ा से एक बार फिर बड़ी उम्मीदें हैं. वो लगातार कई बड़े इवेंट्स में मेडल जीत चुके हैं और इसलिए वो एक बार फिर मेडल के दावेदार हैं. ऐसे में सरकार ने पिछले 3 साल में उनकी तैयारी के लिए खर्च भी खूब किया है. साई की ओर से नीरज की विदेशों में ट्रेनिंग, विदेशी कोच और अन्य जरूरतों के लिए 5.72 करोड़ रुपये खर्च किए गए.

### मीराबाई चानू

पिछले ओलंपिक में सिल्वर मेडल के साथ देश का खाता खोलने वाली दिग्गज वेटलिफ्टर मीराबाई चानू से फिर मेडल की उम्मीदें हैं. इसलिए सरकार ने भी अमेरिका में ट्रेनिंग के अलावा बायोमेकैनिकल इक्विपमेंट जैसे खर्चों के लिए मीराबाई को 2.74 करोड़ रुपये की मदद दी.



### सात्विक-चिराग



बैडमिंटन में भारत की बड़ी उम्मीद बनकर उभरे सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी की मेंस डबल्स की जोड़ी को भी सरकार का भरपूर सपोर्ट मिला है. हाल ही में बीडब्ल्यूएफ रैंकिंग में नंबर-1 जोड़ी बनकर इतिहास रचने वाले सात्विक-चिराग को सरकार की ओर से 5.62 करोड़ रुपये मिले, जो विदेशी कोच के अलावा विदेशों में ट्रेनिंग से लेकर टूर्नामेंट्स में हिस्सा लेने पर खर्चे किए गए.

### पीवी सिंधु

लगातार दो ओलंपिक में सिल्वर और ब्रॉन्ज मेडल जीतकर कमाल करने वाली स्टार शटलर पीवी सिंधु को भी सरकार की मदद मिली. लगातार तीसरे ओलंपिक में मेडल जीतने वाली पहली भारतीय बनने की उम्मीद कर रही सिंधु को सरकार की ओर से 3.13 करोड़ रुपये मिले, जिसमें विदेशी कोच की नियुक्ति और सपोर्ट स्टाफ समेत जर्मनी में ट्रेनिंग की सुविधाएं शामिल हैं.



### अनीश भानवाला



सिर्फ 21 साल के निशानेबाज अनीश भानवाला से भी उम्मीद है कि पिछले लगातार 2 ओलंपिक में शूटिंग टीम की नाकामी को खत्म करें. ओलंपिक में अपना डेब्यू करने जा रहे अनीश को पर्सनल कोच के साथ जर्मनी में ट्रेनिंग के अलावा एम्युनिशन खरीदने में मदद के लिए सरकार की ओर से 2.41 करोड़ रुपये की मदद दी गई.

## पेरिस ओलंपिक में सेना के 24 खिलाड़ी पहली बार महिला खिलाड़ी भी शामिल

भाषा। नयी दिल्ली

भालाफेंक स्टार नीरज चोपड़ा समेत सेना के 24 खिलाड़ी पेरिस ओलंपिक में भारत के 117 सदस्यीय दल में शामिल हैं. रक्षा मंत्रालय ने यहां जारी बयान में कहा कि पहली बार ओलंपिक दल में सेना की दो महिला खिलाड़ी भी शामिल हैं. टोक्यो ओलंपिक 2020 में स्वर्ण पदक जीतने वाले चोपड़ा भारतीय सेना में सूबेदार हैं. वह 2023 एशियाई खेलों, 2023 विश्व एथलेटिक्स चैंपियनशिप, 2024 डायमंड लीग और 2024 पावो नुरमी खेलों में स्वर्ण पदक जीत चुके हैं. राष्ट्रमंडल खेल 2022 की कांस्य पदक विजेता हवलदार जैसमीन लंबोरिया (मुक्केबाजी) और 2023 एशियाई कुश्ती चैंपियनशिप की कांस्य पदक विजेता सीपीओ रीतिका हुड्डा टीम में शामिल सेना की दो महिला खिलाड़ी हैं. सेना के अन्य खिलाड़ियों में सूबेदार अमित पंघाल (मुक्केबाजी), सीपीओ तेजिंदर पाल सिंह तूर (शॉटपुट), सूबेदार अविनाश साबले (3000 मीटर स्टीपलचेस), सीपीओ मुहम्मद अनस याहिया , पीओ मुहम्मद अजमल, सूबेदार संतोष कुमार और जेडब्ल्यूओ मिजो चाको कूरियन (पुरुषों की चार गुणा 400 मीटर रिले), जेडब्ल्यूओ अब्दुल्ला अबूबाकर (त्रिकूद), सूबेदार तरुणदीप राय और धीरज बोम्मादेवरा (तीरंदाजी) और नायब सूबेदार संदीप सिंह (निशानेबाजी) शामिल हैं.

### ब्रीफ खबरें

**विश्व जूनियर स्क्वाश में भारत अगले दौर में**

**ह्यूस्टन।** भारत ने विश्व जूनियर स्क्वाश चैम्पियनशिप में शानदार प्रदर्शन जारी रखते हुए लड़के और लड़कियों के मैच जीतकर अगले दौर में प्रवेश किया. लड़कों ने ब्राजील को 3-0 से हराकर ग्रुप एफ में पहला स्थान हासिल किया, जबकि लड़कियों ने ब्राजील और ऑस्ट्रेलिया को इसी अंतर से हराकर क्वार्टर फाइनल में जगह पक्की की.

**जूनियर हॉकी पश्चिम क्षेत्र चैंपियनशिप आज से**

**नयी दिल्ली।** दूसरी हॉकी इंडिया जूनियर पुरुष और महिला पश्चिम क्षेत्र चैंपियनशिप 21 से 28 जुलाई तक छत्तीसगढ़ के राजनांदगांव में खेली जायेगी. प्रतिभागी टीमों को महिला वर्ग में दो पूल में बांटा गया है. पूल ए में मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़ और गुजरात हैं, जबकि पूल बी में महाराष्ट्र, राजस्थान, गोवा, दादरा और नगर हवेली और दमन व दीयू हैं. टूर्नामेंट राउंड रॉबिन आधार पर खेला जायेगा.

**मुंबई के खिलाड़ियों ने 17 पदक जीते**

**मुंबई।** उपनगरीय टेबल टेनिस संघ (टीएसटीटीए) के मुंबई के खिलाड़ियों ने यहां महाराष्ट्र राज्य रैंकिंग टूर्नामेंट के शुरुआती चरण में सात स्वर्ण सहित 17 पदक अपनी झोली में डाले. चिन्मय सोमेया और रीथ रिष्या ने क्रमशः पुरुष और महिला एकल खिताब जीता जबकि शारवेया सामंत और आन्या चांदे ने लड़कों और लड़कियों के अंडर-19 एकल खिताब प्राप्त किये.

## पेरिस में बेटी की कमी खलेगी, पर पदक के लिए त्याग जरूरी : दीपिका

भाषा। पेरिस (फ्रांस)



अगले सप्ताह शुरू हो रहे ओलंपिक में चुनौती पेश करने को तैयार दीपिका कुमारी को अपनी 19 महीने की बेटी की कमी यहां खल रही है, लेकिन इस भारतीय तीरंदाज के लिए दुनिया के सबसे प्रतिष्ठित खेल आयोजन में पदक के सपने को पूरा करने के सामने यह बहुत छोटा सा त्याग है. दीपिका चौथी बार ओलंपिक खेलों में हिस्सा ले रही हैं, लेकिन उन्हें अब भी इन खेलों में अपने पहले पदक का इंतजार है. दीपिका को बेटी से दूर रहने की निराशा है, लेकिन ओलंपिक पदक के सामने उन्हें इससे कोई शिकायत नहीं है. दीपिका ने पीटीआई-भाषा को दिए साक्षात्कार में कहा, अपनी बेटी से दूर होने के दर्द को बयां करना मुश्किल है. दीपिका ओलंपिक की तैयारियों के लिए लगभग दो महीने तक बेटी से दूर रही. पेरिस के लिए उड़ान भरने से पहले पुणे के सेना खेल संस्थान में वह कुछ समय के लिए अपने पति तीरंदाज अतनु दास और अपनी बेटी के साथ रही. दीपिका ने कहा, मुझे उसकी काफी कमी खलती है, लेकिन इसमें कुछ नहीं कर सकते हैं. दीपिका के लिए दिसंबर 2022 में मां बनने के बाद खेलों में वापसी करना काफी मुश्किल था. उनकी मांसपेशियों में जकड़न आ गई और उनके लिए 19 किलो का धनुष उठाना लगभग असंभव हो गया. अतनु ने उस समय को याद करते हुए कहा, हमने इस तरह से योजना बनाई थी कि हम पेरिस में प्रतिस्पर्धा कर सकें, लेकिन मां बनने के बाद उसके लिए सब कुछ शून्य से शुरू करने जैसा था. उसने धीरे-धीरे जॉगिंग करना शुरू किया और फिर जिम में बहुत मेहनत की. दीपिका ने हालांकि हिम्मत नहीं हारी और कड़ी मेहनत के साथ पिछले साल गोवा में हुए राष्ट्रीय खेलों में दो स्वर्ण और एक रजत पदक जीतकर शानदार वापसी की. उन्होंने इसके बाद कोरिया के दिग्गज कोच किम ह्युंग-टाक की देखरेख में अभ्यास करने का फैसला किया. 30 साल की यह खिलाड़ी ओलंपिक के लिए क्वालीफाई करने में सफल रही जबकि अतनु इसमें जगह बनाने से चूक गये.

## जब ओलंपिक में चली गयी खिलाड़ी की जान...

एजेंसी। पेरिस



**खास बातें**

- पुर्तगाल के फ्रांसिस्को के साथ 1912 में घटी थी घटना
- 1960 रोम में रेस के बीच साइकिलिस्ट की जान गई थी

ओलंपिक में मेडल जीतने का सपना हर एक एथलीट देखता है, लेकिन ओलंपिक में कुछ ऐसे भी मौके देखने को मिले हैं जब खेल के बीच खिलाड़ियों ने अपनी जान गंवाई है.

**मैराथन में गंवाई इस खिलाड़ी ने अपनी जान :** पुर्तगाल के फ्रांसिस्को लाजारो ओलंपिक के दौरान मरने वाले पहले एथलीट थे. फ्रांसिस्को लाजारो एक पुर्तगाली ओलंपिक मैराथन धावक थे और 1912 स्टॉकहोम ओलंपिक में वह पुर्तगाल के पहले ध्वजवाहक भी थे. अपने समय के सभी ओलंपिक एथलीटों की तरह फ्रांसिस्को लाजारो फुल टाइम एडलीट नहीं थे, वह लिस्बन में एक ऑटोमोबाइल कारखाने में कारपेंटर की नौकरी करते थे. 1912 ओलंपिक से पहले उन्होंने पुर्तगाल में तीन राष्ट्रीय मैराथन चैंपियनशिप जीती थीं. लेकिन ओलंपिक मैराथन के दौरान वह 30 किलोमीटर के निशान पर गिर गए थे, जिसके बाद उनकी मौत हो गई थी. जब वह गिरे थे तो उनके शरीर का तापमान 41 डिग्री से. था. बाद में जांच में पता चला था कि लाजारो ने धूप से बचने और दौड़ते समय गति और हल्कापन बनाए रखने के लिए अपने शरीर के बड़े हिस्से को किसी हार्ड फेटी टिश्यू से ढंक लिया था, जिससे उनके शरीर के तरल पदार्थ इलेक्ट्रोलाइट असंतुलन हो गए थे. बता दें, उन्होंने मैराथन से पहले ये भी कहा था कि या तो मैं जीतूंगा या मैं मर जाऊंगा.

**साइकिलिस्ट की बीच रेस हुई मौत :** ओलंपिक में अपनी जान गंवाने वाले खिलाड़ियों में डेनमार्क के साइकिलिस्ट कुंड एगमार्क जेन्सेन भी शामिल हैं, जिनकी मौत इटली के रोम में 1960 ओलंपिक के दौरान हुई थी. जेन्सेन का जन्म आरहूस में हुआ था. अपने करियर के दौरान कुंड एगमार्क जेन्सेन डोपिंग में भी फंसे थे. 26 अगस्त, 1960 को रोम ओलंपिक में 100 किलोमीटर की साइकिलिंग टीम की ट्रायल रेस रोम के वियाले क्रिस्टोफोरो कोलंबो में 40 डिग्री सेल्सियस में आयोजित की गई थी. चार पुरुषों की डेनमार्क टीम के एक खिलाड़ी जोर्गेन बी जोर्गेनसन रेस की पहली लैप के बाद सनस्ट्रोक के कारण दौड़ से बाहर हो गए. इसके बाद बचे हुए 3 खिलाड़ियों ने रेस पूरी करना का फैसला लिया था. लेकिन इस दौरान कुंड एगमार्क जेन्सेन ने अपने साथियों से कहा कि थी उन्हें चक्कर आ रहा है और फिर वह गिर गए थे, जिसके चलते फुटपाथ पर उनके सिर की हड्डी टूट गई थी. इसके बाद जेन्सन को एम्बुलेंस द्वारा फिनिश लाइन तक ले जाया गया, जहां हीट स्ट्रोक के कारण उनकी मौत हो गई थी.

## पीसीबी ने खिलाड़ियों का अनुरोध कर दिया खारिज

भाषा। लाहौर

पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड ने सीनियर खिलाड़ियों बाबर आजम, शाहीन शाह अफरीदी और मोहम्मद रिजवान का ग्लोबल टी20 लीग खेलने के लिए अनापत्ति प्रमाण पत्र (एनओसी) के लिए अनुरोध खारिज कर दिया. बोर्ड ने एक बयान में कहा, पीसीबी को बाबर आजम, मोहम्मद रिजवान और शाहीन अफरीदी से वैश्विक टी20 लीग खेलने के लिए एनओसी का अनुरोध मिला था. इसमें कहा गया, अगस्त 2024 से मार्च 2025 तक पाकिस्तान के व्यस्त क्रिकेट कैलेंडर को देखते हुए और तीनों खिलाड़ियों व राष्ट्रीय चयन समिति से मशविरे के बाद उनका अनुरोध खारिज करने का फैसला किया गया है. इस अवधि में पाकिस्तान को आईसीसी विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप के नौ मैच और अगले साल आईसीसी चैम्पियंस ट्रॉफी खेलनी है. कनाडा में ग्लोबल टी20 लीग 25 जुलाई से 11 अगस्त के बीच होगी.

## भारत की तीरंदाजी-नौकायन टीम पेरिस पहुंची

भाषा। पेरिस

**खास बातें**

- गगन नारंग के नेतृत्व में तीरंदाजी की टीम पहुंची
- भारतीय दल ने खेल गांव में इंतजाम का लिया जायजा

पेरिस ओलंपिक के लिए भारत के दल प्रमुख गगन नारंग ने शनिवार को सूचित किया कि तीरंदाजी और नौकायन टीम खेल गांव पहुंच गई हैं और खिलाड़ी खेलों के इस महासमर में अपना अभियान शुरू करने के लिए उत्सुक हैं.

तीरंदाजी और नौकायन दल ने शुक्रवार को पेरिस खेल गांव में प्रवेश किया और अपनी अंतिम तैयारियों में जुटी भारतीय पुरुष हॉकी टीम नीदरलैंड से शनिवार को खेल गांव पहुंचेगी. लंदन ओलंपिक 2012 के कांस्य पदक विजेता निशानेबाज नारंग ने कहा, मैं गुरुवार रात को पेरिस पहुंचा और मैंने भारतीय दल के लिए खेल गांव के अंदर इंतजामों का जायजा लिया. तीरंदाजी और नौकायन शुक्रवार को पहुंचने वाली पहली भारतीय टीम थीं. खिलाड़ी धीरे-धीरे खेल गांव में सहज हो रहे हैं. उन्होंने बताया कि भारतीय खिलाड़ी काफी रोमांचित हैं और उत्साह से भरे हैं. चार बार के ओलंपियन नारंग ने कहा, काफी उत्साह का माहौल है और खिलाड़ी भी स्पर्धाओं के एरीना में कुछ 'गेम टाइम' चाहते हैं. हम सुनिश्चित करना चाहते हैं कि खिलाड़ियों को अपनी स्पर्धाएं शुरू करने से पहले वो सबकुछ मिले, जिनकी उन्हें जरूरत है. भारत के 117 खिलाड़ी पेरिस ओलंपिक में 20 स्पर्धाओं में हिस्सा लेंगे.



सैन डिएगो में फिजी के खिलाफ रग्बी टेस्ट मैच के पहले हाफ के दौरान चोट लगने के बाद न्यूजीलैंड के कॉर्टेज रतिमा चोटिल हो गए.

**महिला क्रिकेट एशिया कप** भारत ने शनिवार को चिर प्रतिद्वंद्वी पाकिस्तान को सात विकेट से हराया

## भारत की नजरें यूएई को हराकर सेमीफाइनल में जगह बनाने पर

भाषा। दाम्बुला



**टीमें**

**भारत :** हरमनप्रीत कौर (कप्तान), स्मृति मंधाना, शेफाली वर्मा, जेमिमा रौड्रिग्स, रिचा घोष, उमा छेत्री, पूजा वस्त्राकर, दीप्ति शर्मा, अरूंधति रेड्डी, रेणुका सिंह, डी हेमलता, आशा शोभना, राधा यादव, श्रेयांका पाटिल, संजीवन साजना.

**यूएई :** एशा रोहित ओझा (कप्तान), कविशा कुमारी, रितिका रजत, समायरा डी, लावण्या केनी, एमिली थॉमस, हीना होचंदानी, महक ठाकुर, इंदुजा नंदकुमार, रिनिता रजत, खुशी मोहन शर्मा, रिशिता रजत, सुरक्षा कोट्टे, टी सतीश, वैष्णवी महेश.

**मैच का समय : दोपहर दो बजे से.**

आत्मविश्वास से ओतप्रोत भारतीय महिला क्रिकेट टीम रविवार को संयुक्त अरब अमीरात के खिलाफ जीत दर्ज करके महिला एशिया कप सेमीफाइनल में जगह पक्की करने उतरेगी. गत चैम्पियन भारत ने शनिवार को चिर प्रतिद्वंद्वी पाकिस्तान को सात विकेट से हराया. यूएई को हरमनप्रीत कौर की टीम को हराने के लिए चमत्कारिक प्रदर्शन करना होगा. भारत के फिलहाल दो अंक और प्लस 2.29 का नेट रनरेट है और अमीरात को हराने से उसके चार अंक हो जायेंगे. पाकिस्तान के खिलाफ दीप्ति शर्मा, रेणुका सिंह और पूजा वस्त्राकर ने अच्छी गेंदबाजी की. टीम प्रबंधन को बायें हाथ की स्पिनर राधा यादव से भी अच्छे प्रदर्शन की उम्मीद होगी, जिन्होंने दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ घरेलू श्रृंखला के जरिये वापसी की है. रेणुका ने मैच के बाद प्रेस कांफ्रेंस में कहा, यह अच्छा स्पैल था और मौसम से भी मदद मिली. नेट पर जिस तरह से मैं अभ्यास कर रही हूं, मैच में भी उसे दोहरा सकी. भारतीय बल्लेबाजों ने आक्रामक प्रदर्शन करते हुए 35 गेंद बाकी रहते जीत दर्ज की. सलामी बल्लेबाज शेफाली वर्मा और स्मृति मंधाना ने 9.3 ओवर में 85 रन की साझेदारी की. इसके बाद भारत ने तीन विकेट जल्दी गंवा दिये. भारतीय खेमा यूएई के खिलाफ मध्यक्रम के बल्लेबाजों से अच्छे प्रदर्शन की उम्मीद कर रहा होगा. एशिया कप बांग्लादेश में अक्टूबर में होने वाले टी20 विश्व कप की तैयारी के लिए अहम माना जा रहा है. रेणुका ने कहा, एशिया कप महत्वपूर्ण है क्योंकि इसके बाद टी20 विश्व कप से पहले ज्यादा मैच नहीं खेलने हैं. बांग्लादेश में भी हालात ऐसे ही होंगे लिहाजा हमें इस टूर्नामेंट से काफी मदद मिलेगी.

## नतीजे देने वाला कोच चुनेंगे, बड़े नामों के पीछे नहीं जायेंगे : चौबे

भाषा। नयी दिल्ली



अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ के अध्यक्ष कल्याण चौबे ने कहा कि राष्ट्रीय टीम का नया कोच वही बनेगा जो नतीजे दे सकेगा और वे बड़े नामों पर आंख मूंदकर भरोसा नहीं करेंगे. एआईएफएफ की कार्यसमिति जल्दी ही इगोर स्टिमक के जाने के बाद नये कोच को चुनने के लिए बैठक करने वाली है. स्टिमक ने पिछले 12 महीने में भारत के नौ मैच हारने और दो ड्रॉ खेलने के बाद मुख्य कोच के पद से इस्तीफा दे दिया. चौबे ने पीटीआई वीडियो से कहा, मेरा मानना है कि नतीजे बहुत मायने रखते हैं. हमें ऐसा कोच चाहिए, जो भारतीय फुटबॉल का विकास कर सके. भारतीय टीम के साथ नतीजे दे सके. भारत को अक्टूबर में वियतनाम में मेजबान वियतनाम और लेबनान के साथ त्रिकोणीय श्रृंखला खेलनी है. चौबे ने कहा कि भारतीय पुरुष फुटबॉल टीम के मुख्य कोच के लिए विज्ञापन के बाद काफी आवेदन आये हैं. हमें 291 आवेदन मिले, जिनमें से 17 नाम चुने गए हैं जिनमें विदेशी और भारतीय दोनों हैं. हम कार्यकारी समिति की बैठक में उन पर चर्चा करेंगे. इसके अलावा तकनीकी समिति के अध्यक्ष आई एम विजयन से भी ऑनलाइन बात की जाएगी.

## ब्रीफ खबरें

### बालू माफिया ने किया पुलिस पर हमला

**नवादा ।** अवैध तरीके से बालू उठा रहे माफियाओं ने शनिवार को पुलिसकर्मियों पर हमला कर दिया. इसमें एक पुलिसकर्मी का सिर फट गया है, जिसे गंभीर स्थिति में अस्पताल में दाखिल कराया गया. पुलिस ने हमलावर बालू माफिया को गिरफ्तार करने का दावा किया है. नवादा जिले के मेसकौर प्रखंड क्षेत्र के पवई गांव स्थित बालू घाट पर माफिया और मेसकौर पुलिस के बीच झड़प हुई, जिसमें एक पुलिसकर्मी को घायल हो गया है. प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि पुलिस कर्मी को बालू उठाने वाले बेलचा से मारकर घायल कर दिया.

### मेहसी में दहेज के लिए विवाहिता को मार डाला

**पूर्वी चंपारण ।** जिले के मेहसी थाना क्षेत्र के बहादुरपुर गांव में एक विवाहिता की हत्या कर दी गई है. महज 6 माह पूर्व ब्याही गई 21 वर्षीय रौशन आरा की हत्या से उसके मायके कोटवा के खजुरिया में कोहराम मचा है. मृतिका जसौली पंचायत के पंचायत समिति सदस्य की चचेरी बहन थी. मृतका के पिता खजुरिया निवासी मो. मोती उल्लाह ने पुत्री की हत्या में दामाद मो.दानिश,समधी मुर्तुजा अली सहित चार लोगों को आरोपित करते हुए मेहसी थाना में आवेदन दिया है. बताया है कि विगत वर्ष 15 दिसंबर 2023 को अपनी पुत्री की शादी मेहसी थाना के बहादुर पुर गांव निवासी मो. दानिश के साथ किया था.

### पाकिस्तानी व नेपाली नागरिक हुआ गिरफ्तार

**किशनगंज ।** पश्चिम बंगाल के उत्तर दिनाजपुर में शुक्रवार की रात एक पाकिस्तानी और दो नेपाली नागरिक को किशनगंज मुख्यालय की 41वीं बटालियन की ओर से गिरफ्तार किया गया है. एसएसबी द्वारा जांच अभियान के दौरान खोरीबारी थाना क्षेत्र के पानी टंकी के पास नेपाल से भारत की सीमा में ये तीनों घुस रहे थे. एसएसबी अधिकारी के अनुसार गिरफ्तार नागरिक नेपाल के रास्ते भारत में घुस रहे थे. एसएसबी ने पहले हिरासत में लेकर पूछताछ की. फिर तीनों को गिरफ्तार किया गया. पाकिस्तानी नागरिक की पहचान सैफ उल्लाह है, जो पाकिस्तान के मर्दन जिला का रहने वाला है.

महागठबंधन का प्रतिरोध मार्च, नीतीश सरकार पर साधा निशाना, राजद प्रवक्ता बोले-

# नीतीश को कुर्सी छोड़ना चाहिए, अब तेजस्वी बनेंगे सीएम

**संवाददाता । पटना**

विपक्षी महागठबंधन ने शनिवार को प्रतिरोध मार्च निकाला. इसमें राजद, कांग्रेस और वामदल समेत सभी विपक्षी दलों के नेता और कार्यकर्ता शामिल थे. महागठबंधन के नेताओं ने नीतीश सरकार पर जमकर निशाना साधा. इंडी गठबंधन के नेताओं ने कहा कि बिहार में अपराधी बेखौफ हो गए हैं. सीएम नीतीश कुमार बढ़ते अपराध पर अंकुश नहीं लगा पा रहे हैं. महागठबंधन के नेता व कार्यकर्ता पहले आयकर गोलबंर पर जमा हुए. वहां पर जमकर नारेबाजी करने के बाद डीएम ऑफिस की ओर बढ़े, लेकिन पुलिस ने सभी को वहीं रोक लिया. कुछ देर बाद डाक बंगला चौराहा पर प्रतिरोह मार्च समाप्त हो गया.



राजद के मुख्य प्रवक्ता मृत्युंजय तिवारी ने कहा कि सिंहासन खाली करो कि जनता आती है. बिहार में अपराधियों के ताडंव जारी है. प्रदेश में बिगड़ रहे कानून व्यवस्था के खिलाफ महागठबंधन का हल्ला बोल हो रहा है. हमलोग शनिवार को प्रतिरोध मार्च पर निकले हैं. हमलोग सड़क से सड़क तक सरकार को घेरेंगे. तिवारी ने कहा कि नीतीश कुमार को कुर्सी का त्याग कर देना चाहिए. तेजस्वी यादव अब मुख्यमंत्री बनेंगे. बिहार का विकास होगा और जनता में खुशहाली आएगी. हालांकि इस प्रतिरोध मार्च में राजद के वरीय मौजूद नहीं थे.

### बिहार में कानून व्यवस्था फेल हो गयी है



कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष अखिलेश सिंह कहा कि बिहार में कानून व्यवस्था फेल है. अफसरशाही हावी हो गई है. वही लोग सरकार चला रहे हैं. लोगों को भगवान के भरोसे छोड़ दिया गया है. लोग सुरक्षित नहीं महसूस कर रहे हैं. आए दिन राज्य में हत्या हो रही है, लूट, दुष्कर्म जैसी घटनाएं बढ़ गयी है. लेकिन यह सरकार इन अपराधियों के आगे फेल हो गयी है.



सहरसा के महिषी प्रखंड क्षेत्र के विशनपुर इलाके में हुई घटना

# कोसी नदी में डूबी यात्रियों से भरी नाव, लोगों ने कूदकर बचाई जान

- प्रशासन ने लोगों की मदद से पांच बाइक को बरामद कर लिया है और दो की खोज जारी है
- करीब 25 महिला नाव पर सवार होकर राजनपुर आ रही थीं

**संवाददाता । सहरसा**

सहरसा जिले के महिषी प्रखंड क्षेत्र के विशनपुर इलाके में कोसी नदी में यात्रियों से भरी नाव नदी में डूब गई. हालांकि यात्रियों ने कूद कर किसी तरह अपनी जान बचाई. लेकिन, आधा दर्जन से अधिक बाइक और साइकिल पानी में लापता हो गए. जानकारी के अनुसार विशनपुर से लगभग तीन दर्जन से अधिक महिला और पुरुष नाव पर सवार होकर राजनपुर आ रहे थे. इसी दौरान राजनपुर घाट के समीप नाव डूब गई. यह नाव जिला प्रशासन द्वारा निबंधित थी.

सूचना मिलते ही अंचल अधिकारी अनिल कुमार पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और स्थानीय लोगों की मदद से राहत का कार्य शुरू किया. इस बाबत सीओ अनिल कुमार ने बताया कि नदी में लापता

#### बाइक और साइकिल लापता



हुए बाइक और साइकिल की खोज की जा रही है.

**25 महिला नाव पर सवार थीं :** जानकारी के अनुसार, घोघसम घाट से सात बाइक और कुछ साइकिल लेकर लोग चढ़े थे. करीब 25 महिला नाव पर सवार होकर राजनपुर आ रही थीं. राजनपुर घाट के समीप पीपा पुल के लोहे से नाव टकरा गई. इसके कारण नाव बीच से ही फट गई. लोगों ने बताया कि नाव पुरानी थी. प्रशासन ने लोगों की मदद से पांच बाइक को बरामद कर लिया है और दो की खोज जारी है. जानकारी के बाद पहुंचे राजस्व कर्मचारी कमलेश कुमार ने बताया कि नाव घोघसम घाट से राजनपुर घाट के लिए वर्ष 2021-22 में तीन साल के लिए निबंधित हुआ था. शनिवार को भी वह सात बाइक सवार, दो साइकिल सवार सहित लगभग तीन दर्जन लोगों को लेकर राजनपुर जाने के लिए विदा हुआ था. पीपा पुल से टकरा जाने के कारण हादसा हुआ. उन्होंने बताया कि सभी पांच बाइक और दोनों साइकिल को भी बरामद कर लिया गया है. जानमाल की कोई क्षति नहीं हुई है.

### कोसी नदी के कटाव से गांव पर खतरा, डीएम से सुरक्षा की मांग

**सहरसा ।** जिले के नवहट्टा प्रखंड के बिरजैन के रोड नंबर- 17 से महुआ चाही तक जाने वाली सड़क में दो दिन से भयानक रूप से कोसी का कटाव जारी है. कोसी नदी की धारा अत्यधिक तेज होने के कारण भयानक कटाव अनवरत जारी है और कोशी प्रोजेक्ट के सभी अधिकारी चैन की नींद ले रहे हैं. ग्रामीणों द्वारा कटाव रोकने हेतु अपने स्तर से काफी प्रयास किया जा रहा है. लेकिन सफलता नहीं मिल पा रही है. इस मुख्य सड़क के कटने से कोसी नदी की एक मुख्य शाखा जो पश्चिम साइड बहती है वह और मुख्य धारा यहा कटाव होने से दोनों एक हो जाएगी तो कभी भी अप्रिय दुर्घटना घटने की संभावना बनी रहती है. जिससे महिषी,नवहट्टा, प्रखंड के दर्जनों गांव बिरजैन,नारायणपुर, रसलपुर, सत्तौर, कोइला, बेलही, बीरगांव, नयाटोला, बघवा समेत अन्य गांवों पर खतरा बना हुआ है.

### एम्स, पटना के निदेशक ने कहा-छात्र दोषी पाए गए तो होगी कार्रवाई

**पटना ।** राष्ट्रीय पात्रता व प्रवेश परीक्षा (नीट) पेपर लीक केस में केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) ने एम्स पटना के चार मेडिकल छात्रों को गिरफ्तार किया है. इस पर एम्स पटना के निदेशक डॉ. गोपाल कृष्ण पाल ने कहा कि अगर छात्र दोषी हैं तो संस्थान उन पर कार्रवाई करेगा. पाल ने कहा, यह रिपोर्ट सच है कि सीबीआई ने उन्हें (मेडिकल छात्रों को) गिरफ्तार किया है. सीबीआई ने हमें यह भी जानकारी दी है कि हमारे चार छात्रों को औपचारिक रूप से गिरफ्तार कर लिया गया है. लेकिन अभी भी हमें लिखित में कुछ नहीं मिला है. उन्होंने कहा कि प्रशासनिक समिति की बैठक शुक्रवार रात हुई है. इस मुद्दे पर चर्चा की गई.

# पूर्व मुख्यमंत्री राबड़ी देवी बनीं विधान परिषद में नेता विपक्ष

**संवाददाता । पटना**

पूर्व मुख्यमंत्री राबड़ी देवी एक बार फिर से बिहार विधान परिषद में नेता



विरोधी दल बनाया गया है. इस संबंध में विधान परिषद की तरफ से शनिवार को अधिसूचना जारी कर दी गई है. राजद के प्रदेश अध्यक्ष जगदानंद सिंह ने विधान परिषद के कार्यकारी सभापति अवधेश नारायण सिंह को पत्र लिखकर इसके लिए अनुरोध किया था. विधान परिषद के कार्यकारी सभापति अवधेश नारायण सिंह ने विरोधी दल के नेता के तौर पर राबड़ी देवी के नाम पर अपनी मुहर लगा दी है. इसके बाद इस संबंध में विधान परिषद की तरफ से अधिसूचना जारी कर दी गई है. इसके साथ ही साथ भाजपा एमएलसी राजेन्द्र प्रसाद गुप्ता और जदयू के ललन कुमार सर्राफ को सदन में सत्तारूढ़ दल का उपनेता की मान्यता कार्यकारी सभापति ने दी है. भाजपा की तरफ से संजय प्रकाश को उप मुख्य सचेतक और जदयू की तरफ से नीरज कुमार और रीता देवी को सचेतक की मान्यता दी गई है. कार्यकारी सभापति अवधेश नारायण सिंह ने सभी सदस्यों से 22 जुलाई से शुरू हो रहे सत्र के शांतिपूर्ण संचालन में सहयोग करने की अपील की है.

केंद्रीय मंत्री जीतन राम मांझी ने कहा

# यूपी पुलिस के जारी आदेश में कुछ गलत नहीं

**संवाददाता । पटना**

केंद्रीय मंत्री जीतन राम मांझी ने शनिवार को कहा कि उत्तर प्रदेश में पुलिस द्वारा कांवड़ यात्रा मार्ग पर फल विक्रेताओं को अपनी दुकानों पर नाम लिखने के लिए कहे जाने में उन्हें कुछ भी गलत नहीं लगता है. मांझी उत्तर प्रदेश पुलिस के उस विवादास्पद निर्देश के बारे में पत्रकारों के सवालों का जवाब दे रहे थे. मांझी ने कहा, मैं अन्य दलों के संबंध में तो



पटना में मांझी को सम्मानित करते कार्यकर्ता.

नहीं कह सकता, लेकिन मुझे इस तरह के आदेश में कुछ भी गलत नहीं लगता. अगर कारोबार से जुड़े लोगों से उनके नाम और पते प्रमुखता से प्रदर्शित करने के लिए कहा जाए तो इसमें क्या नुकसान है? उन्होंने कहा, वास्तव में, इस तरह नाम लिखा होने से खरीदारों के लिए पसंदीदा दुकान ढूंढना आसान हो जाता है. इस घटना को धर्म के चश्मे से देखना गलत है.

## कारोबार

### यूनियन बैंक का शुद्ध लाभ 13.7 प्रतिशत बढ़ा

**मुंबई ।** सार्वजनिक क्षेत्र के यूनियन बैंक का शुद्ध लाभ चालू वित्त वर्ष की अप्रैल-जून, 2024 तिमाही में 13.7 प्रतिशत बढ़कर 3,679 करोड़ रुपये हो गया है. बैंक ने शुद्ध ब्याज मार्जिन मामले में चुनौतियों का संकेत दिया है. बैंक ने शनिवार को बताया कि उसकी शुद्ध ब्याज आमदनी 6.5 प्रतिशत बढ़कर 9,412 करोड़ रुपये हो गई है. बैंक ने कहा कि ब्याज में 11.5 प्रतिशत वृद्धि से इसमें योगदान मिला. इसका शुद्ध ब्याज मार्जिन 0.13 प्रतिशत घटकर 3.05 प्रतिशत रह गया. अन्य आय 15.53 प्रतिशत बढ़कर 4,509 करोड़ रुपये हो गई.

### बीकानेरवाला ने बठिंडा में नया आउटलेट खोला

**बठिंडा ।** पारंपरिक भारतीय मिठाइयों और अन्य व्यंजनों को बनाने वाली कंपनी बीकानेरवाला ने शनिवार को कहा कि उसने पंजाब के बठिंडा में अपना नया आउटलेट खोला है. बीकानेरवाला ने यहां एक बयान में कहा कि यह नया आउटलेट ब्रांड के लिए एक और मील का पत्थर है, क्योंकि यह पाक कला के क्षेत्र में अपनी उपस्थिति को और मजबूत करता है. मिठाइयों और नमकीन की अपनी स्वादिष्ट श्रृंखला के अलावा ब्रांड अपने आउटलेट पर 100 प्रतिशत शाकाहारी व्यंजनों की पेशकश करता है.

### आरबीएल बैंक का लाभ 29 प्रतिशत बढ़ गया

**मुंबई ।** निजी क्षेत्र के आरबीएल बैंक का शुद्ध लाभ चालू वित्त वर्ष की अप्रैल-जून तिमाही में 29 प्रतिशत बढ़कर 372 करोड़ रुपये हो गया है. बैंक ने शनिवार को बताया कि उसकी शुद्ध ब्याज आमदनी जून तिमाही में 20 प्रतिशत बढ़कर 1,700 करोड़ रुपये हो गई. इस दौरान कर्ज में 19 प्रतिशत वृद्धि हुई. बैंक का शुद्ध ब्याज मार्जिन 5.67 प्रतिशत रहा. बैंक की अन्य आमदनी जून तिमाही में 18 प्रतिशत बढ़कर 805 करोड़ रुपये रही है. जून तिमाही के दौरान बैंक की जमा वृद्धि 18 प्रतिशत रही. बैंक के प्रबंध निदेशक ने इसका श्रेय विभिन्न पेशकशों को दिया. वृद्धिशील जमा वृद्धि, आगे चलकर बैंक की वृद्धिशील कर्ज वृद्धि को पूरा करने में सक्षम होगी.

भारत को 500 बिलियन डॉलर की इलेक्ट्रॉनिक्स प्रोडक्शन का लक्ष्य लेकर काम करना चाहिए

# इलेक्ट्रॉनिक्स मैन्युफैक्चरिंग में फोकस्ड पॉलिसी की जरूरत

**एजेंसी । नयी दिल्ली**

इलेक्ट्रॉनिक्स मैन्युफैक्चरिंग हमेशा से ही बेहतर परिणाम वाला क्षेत्र रहा है. चाहे यूरोप हो या अमेरिका या चीन सभी देश इस क्षेत्र में आगे हैं. इस क्षेत्र में रोजगार के साथ ही आय के भरपूर अवसर हैं. ऐसे भी तेजी से बदलती दुनिया में तकनीक का अहम स्थान है. इसमें भारत भी पीछे नहीं है. वहीं नीति आयोग ने इस पर 'इलेक्ट्रॉनिक्सः पावरिंग इंडियाज पार्टसिपेशन इन ग्लोबल वैल्यू चेंस' नाम से रिपोर्ट जारी की है.



इलेक्ट्रॉनिक्स मैन्युफैक्चरिंग में भारत को ग्लोबल पावर हाउस बनाने का विजन सामने रखते हुए नीति आयोग ने कहा है कि साल 2030 तक देश को 500 बिलियन डॉलर की इलेक्ट्रॉनिक्स प्रोडक्शन का लक्ष्य लेकर काम करना चाहिए. आयोग ने रिपोर्ट में कहा कि अगर सही योजनाओं के साथ कदम बढ़ाए जाएं तो साल 2030 तक इस सेगमेंट में 50 से 60 लाख लोगों तक के लिए रोजगार के मौके बन सकते हैं. रिपोर्ट के मुताबिक, साल 2030 तक 350 बिलियन डॉलर की फिनिश्ड गुड्स मैन्युफैक्चरिंग और 150 बिलियन डॉलर की कंपोनेंट मैन्युफैक्चरिंग भारत में हो सकती है, लेकिन इसके लिए 'फोकस्ड पॉलिसी' की जरूरत है. वित्त वर्ष 2023 में भारत का इलेक्ट्रॉनिक्स प्रोडक्शन 101 बिलियन डॉलर का था. इसमें 86 बिलियन डॉलर का फिनिश्ड गुड्स प्रोडक्शन और 15 बिलियन डॉलर की कंपोनेंट मैन्युफैक्चरिंग थी.

रिपोर्ट में कहा गया कि दुनिया में इलेक्ट्रॉनिक्स मार्केट 4.3 ट्रिलियन डॉलर और भारत में 155 बिलियन डॉलर का होने का अनुमान है. एफवाई23 में भारत के कुल वस्तु निर्यात में इलेक्ट्रॉनिक्स की हिस्सेदारी 5.32% थी. इससे पता चलता है कि ग्लोबल मार्केट में यह सेक्टर अच्छी होड़ कर रहा है और इंटरनैशनल डिमांड पूरी करने की क्षमता रखता है. ग्लोबल इलेक्ट्रॉनिक्स ट्रेड 3 ट्रिलियन डॉलर का होने का अनुमान है, लेकिन इसमें भारत की हिस्सेदारी 1% से भी कम है. वियतनाम भारत से 6 गुना निर्यात करता है. अभी भारत में इलेक्ट्रॉनिक्स मैन्युफैक्चरिंग में मुख्य तौर पर इलेक्ट्रॉनिक गुड्स की फाइनल असेंबलिंग होती है. भारत में डिजाइन और कंपोनेंट मैन्युफैक्चरिंग अभी शुरुआती स्तर की है.

रिपोर्ट में कहा गया है कि टैरिफ और मैटीरियल कॉस्ट के चलते असेंबली के मामले में चीन के मुकाबले भारत को 5-6% का डिसएडवांटेज है. इनपुट कॉस्ट अधिक होने से कंपोनेंट्स के मामले में चीन के मुकाबले 4-5% का डिसएडवांटेज है. चीन को कंपोनेंट्स और असेंबली से जुड़े अपने अच्छे इकोसिस्टम का फायदा मिलता है. लॉजिस्टिक्स कॉस्ट के मामले में 2-3% का डिसएडवांटेज भारत में है.

वहीं, ऊंची फाइनैंस कॉस्ट के चलते असेंबली के मामले में 2.5% तक और कंपोनेंट्स के मामले में 4% तक का डिसएडवांटेज है. दूसरी ओर चीन, वियतनाम, मलेशिया और ताइवान जैसे भारत के प्रमुख प्रतिद्वंद्वियों ने कई तरह की टैक्स छूट, टैरिफ कट और स्किलिंग और दूसरे इंसेंटिव्स के जरिए खुद को बड़ी

#### नीति आयोग

- भारत में 155 बिलियन डॉलर का होने का अनुमान है
- दुनिया में इलेक्ट्रॉनिक्स मार्केट 4.3 ट्रिलियन डॉलर है

ग्लोबल कंपनियों के लिए इलेक्ट्रॉनिक्स मैन्युफैक्चरिंग का आकर्षक ठिकाना बना लिया है. रिपोर्ट में कहा गया कि इस सेक्टर को फाइनैंशल, रेगुलेटरी और इंफ्रास्ट्रक्चर के मोर्चे पर सपोर्ट की जरूरत है.

कंपोनेंट्स और कैपिटल गुड्स मैन्युफैक्चरिंग को बढ़ावा देने के साथ रिसर्च एंड डिवेलपमेंट और डिजाइन के लिए इंसेंटिव्स देने होंगे. लोगों का स्किल लेवल बढ़ाने और इंफ्रास्ट्रक्चर बेहतर करने के साथ टैरिफ में बदलाव करने होंगे और टेक्नॉलजी ट्रांसफर की राह आसान बनानी होगी. रिपोर्ट में कहा गया कि स्मार्टफोन इंपोर्ट पर निर्भरता घट गई है और अब 99% मैन्युफैक्चरिंग देश में हो रही है. इसके साथ ही वियरेबल्स, आईओटी डिवाइसेज और ऑटोमोटिव इलेक्ट्रॉनिक्स जैसे उभरते हुए क्षेत्रों पर फोकस बढ़ाना होगा.

#### एचडीएफसी बैंक

# जून तिमाही का शुद्ध लाभ 33% बढ़कर 16,474 करोड़ रुपये हुआ

**एजेंसी । मुंबई**

एचडीएफसी बैंक का एकीकृत शुद्ध लाभ चालू वित्त वर्ष की अप्रैल-जून तिमाही में 33.17 प्रतिशत बढ़कर 16,474.85 करोड़ रुपये हो गया है. बीते वित्त वर्ष की समान तिमाही में बैंक का शुद्ध लाभ 12,370 करोड़ रुपये रहा था. एचडीएफसी बैंक ने शेयर बाजार को दी सूचना में कहा कि जून तिमाही मे एकल आधार पर उसका शुद्ध लाभ बढ़कर 16,174 करोड़ रुपये था. हालांकि, पूर्ववर्ती मार्च तिमाही के 16,511 करोड़ रुपये से यह कम है. बैंक की कुल आमदनी जून तिमाही में बढ़कर 83,701 करोड़ रुपये रही है, जो बीते वित्त वर्ष की समान तिमाही में 57,816 करोड़ रुपये थी. इसकी प्रावधान राशि घटाकर 2,602 करोड़ रुपये कर दी गई है, जो एक वर्ष पूर्व 2,860 करोड़ रुपये थी.

#### चाय उद्योग

# बाजारों में प्रतिस्पर्धी बनाने के लिए दरों में वृद्धि चाहता है उद्योग

**एजेंसी । कोलकाता**

चाय उद्योग ने विदेशी बाजारों में निर्यात को अधिक प्रतिस्पर्धी बनाने के लिए आरओडीटीईपी योजना के तहत दरों में वृद्धि की मांग की है. अग्रणी उद्योग निकाय भारतीय चाय संघ ने बजट पूर्व अपने ज्ञापन में कहा कि थोक चाय के लिए वर्तमान दर 1.7 प्रतिशत (फ्री ऑन बोर्ड) है, जिसकी अधिकतम सीमा 6.70 रुपये प्रति किलोग्राम है. एसोसिएशन ने सरकार से आग्रह किया



कि अंतरराष्ट्रीय बाजारों में प्रतिस्पर्धी बने रहने के लिए थोक में काली चाय के लिए निर्यात उत्पादों पर शुल्क और करों में छूट के तहत प्रोत्साहन आधारित दर को बढ़ाए. योजना सुनिश्चित करती है कि निर्यातकों को उन करों और शुल्कों पर रिफंड मिले जो पहले वसूल नहीं किए जा सकते थे.

**गौरवान्वित** कंपनी ने कहा- प्रति व्यक्ति डेटा खपत प्रतिदिन एक जीबी से अधिक हो गई

# डेटा खपत के मामले में दुनिया में सबसे बड़ी कंपनी बनी जियो

**एजेंसी । नयी दिल्ली**

दूरसंचार कंपनी रिलायंस जियो ने शनिवार को कहा कि वह डेटा ट्रैफिक यानी खपत के मामले में चीनी कंपनियां को पीछे छोड़ते हुए दुनिया की सबसे बड़ी कंपनी बन गयी है. कंपनी ने बयान में कहा, प्रति व्यक्ति डेटा खपत बढ़कर 30.3 जीबी प्रति माह यानी प्रतिदिन एक जीबी से अधिक हो गई. इसके साथ वह डेटा ट्रैफिक के मामले में दुनिया की सबसे बड़ी कंपनी बन गयी है.

रिलायंस जियो के जून तिमाही के आंकड़ों के अनुसार डेटा खपत 32.8 प्रतिशत बढ़कर 44 अरब गीगाबाइट (जीबी) हो गयी जो बीते साल इसी तिमाही में 33.2 अरब जीबी थी.



बयान में कहा गया है, कंपनी के कुल ग्राहकों की संख्या लगभग 49 करोड़ पहुंच गई है, जिसमें 13 करोड़ 5जी उपयोगकर्ता शामिल हैं. इसके साथ अगर चीन को छोड़ दें तो जियो 5जी सेवाओं के मामले में सबसे बड़ी कंपनी बन गयी है.

रिलायंस जियो इन्फोकॉम के चेयरमैन आकाश एम अंबानी ने कहा, गुणवत्तापूर्ण उच्च कवरेज वाला, किफायती इंटरनेट डिजिटल इंडिया की रीढ़ है और जियो को इसमें योगदान देने पर गर्व है. हमारे नये प्रीपेड प्लान, 5जी और एआई (कृत्रिम मेधा) के क्षेत्र में नवोन्मेष और सतत विकास को बढ़ावा देंगे. ग्राहक पहले दृष्टिकोण के साथ, अपने बेहतर नेटवर्क और नए सेवा प्रस्तावों के दम पर जियो बाजार में अपनी अगुवा वाली स्थिति को और मजबूत करेगी. कंपनी नेटवर्क पर वॉयस कॉलिंग चालू वित्त वर्ष की जून तिमाही में 1,420 अरब मिनट के रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गई जो पिछले साल की इसी अवधि के मुकाबले छह प्रतिशत अधिक है.

#### केंद्रीय नागर विमानन मंत्री ने कहा

# एयरलाइन प्रणाली काम कर रही है

**एजेंसी । मुंबई**

केंद्रीय नागर विमानन मंत्री के राममोहन नायडू ने कहा कि शुक्रवार को वैश्विक आईटी व्यवधान के कारण प्रभावित हुईं एयरलाइन प्रणाली सामान्य रूप से काम करने लगी हैं. उन्होंने कहा कि शनिवार दोपहर तक सभी मसलों का समाधान हो जाने की संभावना है. उन्होंने कहा कि मंत्रालय हवाई अड्डों और एयरलाइनों के परिचालन की लगातार निगरानी कर रहा है, ताकि यात्रा समायोजन और रिफंड का ध्यान रखा जा सके. नायडू ने एक बयान में कहा, शनिवार सुबह तीन बजे से, हवाई अड्डों पर एयरलाइन प्रणाली सामान्य रूप से काम करने लगी है. अब उड़ान संचालन सुचारू रूप से चल रहा है. मंत्री ने कहा, आज दोपहर तक हमें उम्मीद है कि सभी मुद्दे सुलझ जाएंगे. एक सूत्र के अनुसार इंडिगो, स्पाइसजेट, आकासा और एयर इंडिया एक्सप्रेस सहित अधिकांश एयरलाइनों की आरक्षण और चेक-इन प्रणाली अब चालू हो गई है.

#### ओएनजीसी

# छह करोड़ डॉलर में इक्विनोर की हिस्सेदारी हासिल की

**एजेंसी । नयी दिल्ली**

सार्वजनिक क्षेत्र की कंपनी तेल और प्राकृतिक गैस निगम (ओएनजीसी) की विदेशी निवेश शाखा ओएनजीसी विदेश लिमिटेड ने अजरबैजान तेल क्षेत्र और उससे जुड़ी एक पाइपलाइन में नॉर्वे की फर्म इक्विनोर की हिस्सेदारी हासिल की है. कंपनी ने बताया कि सौदा छह करोड़ डॉलर में हुआ. ओवीएल ने इक्विनोर से अजरबैजान में अपतटीय अजेरी चिराग गुनाशली तेल क्षेत्र में 0.615 प्रतिशत हिस्सेदारी हासिल करने के लिए एक बाध्यकारी बिक्री खरीद समझौते पर हस्ताक्षर किए हैं. कंपनी ने कहा कि इस समझौते के तहत उसकी पूर्ण स्वामित्व वाली सहायक कंपनी ओएनजीसी बीटीसी लिमिटेड के माध्यम से बाकू त्बिलिसी सेहान पाइपलाइन के 0.737 प्रतिशत शेयरों का अधिग्रहण भी किया जाएगा.

### ब्रीफ खबरें

## चीन में पुल ढहने से 11 की मौत, 30 लापता

**बीजिंग ।** चीन के शांक्शी प्रांत में अचानक आई बाढ़ के कारण राजमार्ग पर बना पुल आंशिक रूप से ढह गया, जिससे कम से कम 11 लोगों की मौत हो गई और 30 से अधिक लापता हो गए. अधिकारियों ने शनिवार को यह जानकारी दी. सरकारी समाचार एजेंसी ने बताया कि शेंगलू शहर की झाशुई काउंटी में स्थित पुल शुक्रवार शाम बाढ़ की वजह से ढह गया. खबर में कहा गया है कि शनिवार सुबह तक 11 लोगों की मौत की पुष्टि हो चुकी है, जबकि 30 से अधिक लोग पुल ढहने के बाद से लापता हैं.

## ट्रक पलटने से 14 कांवड़िए घायल

**मुजफ्फरनगर।** उत्तर प्रदेश के मुजफ्फरनगर जिले के रतनपुरी थाना क्षेत्र के सथेरी गांव के पास एक ट्रक शनिवार सुबह पहिया फटने के कारण पलट गया, जिससे उसमें सवार कम से कम 14 कांवड़िये घायल हो गए. पुलिस ने बताया कि यह हादसा सुबह साढ़े आठ बजे उस समय हुआ, जब गंगा जल लेने के लिए आगरा से हरिद्वार जा रहे कांवड़ियों के ट्रक का एक पहिया सथेरी गांव के पास से गुजरते समय फट गया. घायल कांवड़ियों को पास के अस्पताल में भर्ती करवाया गया.

## जालंधर में सेना के पांच जवान घायल

**चंडीग।** पंजाब के जालंधर जिले के सुची गांव के पास एक ट्रक ने सेना के वाहन को टक्कर मार दी, जिससे उसमें सवार पांच जवान घायल हो गए. पुलिस ने यह जानकारी दी. एक अधिकारी ने बताया कि दुर्घटना उस समय हुई, जब सेना का ट्रक पंजाब सैन्य पुलिस (पीएपी) चौक से पठानकोट चौक जा रहा था. अधिकारी के मुताबिक, ट्रक से टक्कर के बाद सेना का वाहन राजमार्ग के दूसरी ओर पलट गया. पुलिस ने कहा कि घायल जवानों को सैन्य अस्पताल ले जाया गया है. उसने बताया कि दुर्घटना के बाद ट्रक चालक फरार हो गया.

## जवानों के साथ मुठभेड़ में एक नक्सली ढेर

**सुकमा ।** छत्तीसगढ़ के नक्सल प्रभावित सुकमा जिले में सुरक्षाबलों ने मुठभेड़ में एक नक्सली को मार गिराया है. पुलिस अधिकारियों ने शनिवार को यह जानकारी दी. अधिकारियों ने बताया कि सुकमा के जगरगुंडा थाना क्षेत्र में जगरगुंडा एरिया कमेटी के नक्सलियों की मौजूदगी की सूचना मिलने पर डीआरजी के दल को गश्त पर रवाना किया गया. अधिकारियों के मुताबिक, गश्ती दल शनिवार सुबह तुमार गट्टा और सिंगावरम गांव के जंगल में पहुंचा, तो नक्सलियों ने उस पर गोलीबारी शुरू कर दी.

## कुवैत में केरल के चार लोगों की मौत

**पथनमथिट्टा (केरल) ।** कुवैत में रहने वाले पथनमथिट्टा के एक परिवार के चार सदस्यों की उनके घर में आग लगने से मौत हो गई. घटना शुक्रवार की रात कुवैत के अब्बासिया में हुई. मृतकों की पहचान मैथ्यू मुजक्कल, उसकी पत्नी लिनी अब्राहम, उनके बच्चों इसाक और एरिन के रूप में हुई. परिवार छुट्टियों के बाद बृहस्पतिवार को कुवैत के लिए रवाना हुआ था. एक रिश्तेदार ने शनिवार को मीडिया को बताया, मैथ्यू पिछले 15 साल से वहां काम कर रहा था. उसकी पत्नी नर्स थी. बच्चे वहां पढ़ रहे थे.



**किया विरोध-प्रदर्शन**

**मेरठ।** आम आदमी पार्टी (आप) के नेता और कार्यकर्ता शनिवार को मेरठ में सब्जी और फल विक्रेताओं के समर्थन में आयुक्त कार्यालय के पास विरोध प्रदर्शन करते हुए.

## जेल में जानबूझकर कम कैलोरी ले रहे हैं केजरीवाल : उपराज्यपाल

**एजेंसी। नयी दिल्ली**

दिल्ली के उपराज्यपाल वी के सक्सेना ने आरोप लगाया है कि न्यायिक



हिरासत के तहत तिहाड़ जेल में बंद मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल उन्हें दी जा रही भोजन की चिकित्सकीय खुराक और दवाएं संभवतः जानबूझकर नहीं ले रहे. उपराज्यपाल ने मुख्य सचिव नरेश कुमार को लिखे पत्र में केजरीवाल के स्वास्थ्य की स्थिति के बारे में जेल अधीक्षक की रिपोर्ट का हवाला देते हुए आरोप लगाया कि मुख्यमंत्री द्वारा जानबूझकर कम कैलोरी लिए जाने के कई उदाहरण हैं, जबकि उन्हें घर का बना खाना पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध कराया जा रहा है. उपराज्यपाल कार्यालय ने कहा कि सक्सेना ने जेल प्राधिकारियों को सुझाव दिया है कि वे मुख्यमंत्री को निर्धारित आहार के अलावा दवा और इंसुलिन की तय खुराक लेने की सलाह दे सकते हैं, क्योंकि केजरीवाल 'टाइप-2' मधुमेह से पीड़ित हैं. आम आदमी पार्टी ने भाजपा और उसकी अगुवाई वाली केंद्र सरकार पर जेल में बंद केजरीवाल के स्वास्थ्य को स्थायी नुकसान पहुंचाने की साजिश रचने का आरोप लगाया है और दावा किया है कि आप प्रमुख का वजन कम हो गया है तथा उनके रक्त शर्करा स्तर में गिरावट आई है. पार्टी ने यह भी दावा किया कि केजरीवाल कोमा में भी जा सकते हैं और उनके मस्तिष्क को भी क्षति हो सकती है.

### यूपी में नहीं थम रहा 'नेम प्लेट' लगाने का विवाद, मंत्री बोले-

# अब काशी विश्वनाथ मंदिर के बाहर भी लागू हो नियम

**एजेंसी ।वाराणसी**

सावन महीने की शुरुआत 22 जुलाई से हो रही है, ये महीना भगवान भोलेनाथ की आराधना का महीना जाता है. श्रद्धालु कांवड़ लेकर भगवान शिव की आराधना के लिए जाते हैं. कांवड़ियों को रास्ते में किसी प्रकार की असुविधा न हो यूपी सरकार इसका भी विशेष ध्यान रख रही है. द्वादस ज्योतिर्लिंगों में से एक भगवान श्री काशी विश्वनाथ धाम में श्रद्धालुओं बड़ी संख्या में दर्शन करने लिए पहुंचेंगे. इस बीच यूपी सरकार के मंत्री रविंद्र जायसवाल ने योगी सरकार से बड़ी मांग की है.

मंत्री रविंद्र जायसवाल ने योगी सरकार से मांग की है कि श्री काशी विश्वनाथ मंदिर के आसपास की दुकानों पर नाम लिखा जाए. मंत्री रविंद्र जायसवाल का बयान उस वक्त पर आया है जब प्रदेश में होटलों, ढाबों और फल की दुकानों के नाम बदलने पर राजनीति गरमाई हुई है. मंत्री रविंद्र जायसवाल ने कहा कि मंदिर के बाहर अल्पसंख्यकों के दुकान होने की जानकारी मिली है.

**श्रीकाशी विश्वनाथ मंदिर के बाहर दुकानों पर नेम प्लेट की मांग :** मंत्री रविंद्र जायसवाल ने कहा कि श्रद्धालुओं की आस्था पर चोट न पहुंचे इसके लिए जरूरी है कि दुकानदार अपनी दुकानों पर स्पष्ट रूप से नाम लिखवाएं. उन्होंने विपक्ष पर हमला बोला है कि विपक्ष एक वर्ग विशेष के लोगों को खुश करने के लिए इस तरह बयान दे रहा है. उन्होंने कहा कि विपक्ष एक वर्ग विशेष के लोगों के वोट के लिए माहौल खराब करने में लगा हुआ है. उन्होंने मांग की है कि श्री काशी विश्वनाथ मंदिर के बाहर की दुकानों पर भी नेम प्लेट लगना चाहिये. बहरहाल मंत्री रविंद्र जायसवाल की इस मांग पर सरकार क्या आदेश देती है ये तो आने वाला वक्त बताएगा लेकिन उनके इस बयान ने यूपी की राजनीति को हवा जरूर दे दी है.



फाइल फोटो

### कानूनी पहलुओं पर विचार करेंगे : जमीयत

**नयी दिल्ली ।** प्रमुख मुस्लिम संगठन जमीयत उलेमा-ए-हिंद ने उत्तर प्रदेश में कांवड़ यात्रा के मार्ग में दुकानदारों के नाम प्रदर्शित करने के आदेश की आलोचना करते हुए शनिवार को कहा कि यह भेदभावपूर्ण और सांप्रदायिक फैसला है तथा इससे संविधान में निहित मौलिक अधिकारों का हनन होता है. जमीयत का यह भी कहना है कि उसकी कानूनी टीम इस आदेश के कानूनी पहलुओं पर विचार करेगी. मुजफ्फरनगर जिले में 240 किमी लंबे कांवड़ यात्रा मार्ग पर स्थित सभी होटलों, ढाबों और ठेलों सहित भोजनालयों को अपने मालिकों या इन दुकानों पर काम करने वालों के नाम प्रदर्शित करने के आदेश के कुछ दिन बाद शुक्रवार को उत्तर प्रदेश सरकार ने पूरे राज्य के लिए ऐसा ही आदेश जारी करने का फैसला किया.

### भाजपा संविधान को कुचल रही : महबूबा

**श्रीनगर ।** पीडीपी प्रमुख महबूबा मुफ्ती ने भाजपा पर प्रहार करते हुए शनिवार को कहा कि कांवड़ यात्रा मार्ग पर सभी भोजनालयों को उनके मालिकों के नाम प्रदर्शित करने का सरकार का आदेश संविधान के खिलाफ है, जो सभी को समान अधिकार की गारंटी देता है. मुफ्ती ने कहा कि यह पहले ही स्पष्ट हो चुका है कि भाजपा सरकार संविधान को कुचल रही है.

### अवैध खनन का मामला

## ईडी ने कांग्रेस विधायक सुरेंद्र पंवार को किया गिरफ्तार

**एजेंसी। हरियाणा**

हरियाणा में इन्फोर्समेंट डायरेक्टोरट (ईडी) ने बड़ी कार्रवाई की है. ईडी ने अवैध खनन मामले में कांग्रेस विधायक सुरेंद्र पंवार को गिरफ्तार कर लिया है. सुरेंद्र पवार की गिरफ्तारी देर रात उनके अंबाला स्थित ऑफिस से हुई है. एजेंसी कांग्रेस विधायक को अपने साथ अंबाला ले गयी. सुरेंद्र पंवार सोनीपत से विधायक हैं. उन्होंने साल 2019 में कांग्रेस के टिकट पर सोनीपत से विधानसभा चुनाव लड़ा था, जिसमें उन्हें जीत हासिल की थी. सुरेंद्र पंवार ने भारतीय जनता पार्टी की प्रत्याशी कविता जैन को हराया था. बता दें कि ईडी ने चार जनवरी को कांग्रेस विधायक सुरेंद्र पंवार और उनके सहयोगियों के ठिकानों पर छापेमारी की थी. इस दौरान ईडी के



अधिकारियों ने विधायक सुरेंद्र पंवार के आवास और कार्यालय दस्तावेजों को खंगाला था. करीब 38 घंटे तक जांच करने के बाद ईडी की टीम वापस चली गयी. लेकिन ईडी को सुरेंद्र पंवार के घर से तो कुछ नहीं मिला था. हालांकि ईडी ने इनेलो के पूर्व विधायक दिलबाग सिंह के घर व ऑफिस और उनके साथियों के ठिकानों से अवैध विदेशी हथियार, 300 कारतूस, 100 से ज्यादा शराब की बोतलें और पांच करोड़ कैश बरामद किये थे.

## ईडी ने रीट-2021 प्रश्न पत्र लीक मामले में तीसरा आरोपी पकड़ाया

**नयी दिल्ली ।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने शनिवार को कहा कि उसने 2021 में राजस्थान शिक्षक योग्यता परीक्षा (रीट) का प्रश्न पत्र कथित तौर पर लीक होने से संबंधित धनशोधन मामले की जांच के सिलसिले में एक और व्यक्ति को गिरफ्तार किया है. ईडी ने एक बयान में कहा कि राजू राम इराम को शुक्रवार को हिरासत में लिया गया. केंद्रीय एजेंसी ने बताया कि जयपुर में धन शोधन निवारण अधिनियम के तहत दर्ज मामलों की सुनवाई करने वाली एक विशेष अदालत ने उसे तीन दिन के लिए ईडी की हिरासत में भेज दिया. ईडी ने इससे पहले मामले के संबंध में सहायक प्रोफेसर प्रदीप पाराशर और उनके सहायक रामकृपाल मीणा को गिरफ्तार किया था. ईडी के अनुसार इराम ने एक आरोपी से रीट-2021 का लीक हुआ प्रश्नपत्र प्राप्त कर परीक्षार्थियों को बांटने के लिए अपने साथियों को दे दिया था.

## ओडिशा : पद्मश्री पुरस्कार से सम्मानित कमला पुजारी का निधन

**भुवनेश्वर ।** पद्मश्री पुरस्कार से सम्मानित और प्रख्यात जैविक किसान कमला पुजारी का शनिवार को किडनी से संबंधी बीमारी से निधन हो गया. सीएमओ (मुख्यमंत्री कार्यालय) के सूत्रों ने यह जानकारी दी. वह 74 वर्ष की थीं और उनके दो बेटे तथा दो बेटियां हैं. पुजारी को किडनी से संबंधित बीमारी को लेकर दो दिन पहले कटक के एससीबी मेडिकल कॉलेज और अस्पताल में भर्ती कराया गया था तथा उनका उपचार चार सदस्यीय चिकित्सकीय टीम कर रही थी. उन्होंने शनिवार की सुबह दम तोड़ दिया.

## बैंक धोखाधड़ी मामला: ईडी की रेड में 1.42 करोड़ बरामद

- कांग्रेस विधायक और अन्य के ठिकानों से कई दस्तावेज भी जब्त

**एजेंसी। नयी दिल्ली**

प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने शनिवार को कहा कि उसने बैंक-ऋण धोखाधड़ी से जुड़े धन शोधन मामले की जांच के तहत हरियाणा कांग्रेस विधायक राव दान सिंह, उनके बेटे और कुछ व्यावसायिक इकाइयों के खिलाफ छापेमारी के दौरान 1.42 करोड़ रुपये नकद, 30 से अधिक अघोषित फ्लैट और जमीन से संबंधित दस्तावेज जब्त किए हैं. विधायक, उनके परिवार, एक संबंद्ध कंपनी सनसिटी प्रोजेक्ट्स प्राइवेट लिमिटेड, एलाइड स्ट्रिप्स लिमिटेड और इसके प्रवर्तक मोहिंदर अग्रवाल, गौरव अग्रवाल और कुछ अन्य के खिलाफ दिल्ली, जमशेदपुर (झारखंड), हरियाणा के महेंद्रगढ़ और गुरुग्राम में गुरुवार को छापेमारी शुरू की गई. एएसएल कंपनी कोल्ड रोल स्टील उत्पाद बनाती है. धन शोधन की जांच आरोपियों के खिलाफ दर्ज की गई एक सीबीआई प्राथमिकी पर आधारित है.

### आरएसएस प्रमुख ने बताई अंग्रेजों की साजिश

## अंधविश्वास होता है, लेकिन आस्था कभी अंधी नहीं होती

**एजेंसी। पुणे**

आरएसएस प्रमुख मोहन भागवत ने शनिवार को दावा किया कि 1857 के बाद अंग्रेजों ने व्यवस्थित तरीके से देशवासियों में अपनी परंपराओं और पूर्वजों के प्रति आस्था को कम करने की साजिश रची. भागवत ने कहा कि अंधविश्वास तो होता है, लेकिन आस्था कभी अंधी नहीं होती. उन्होंने कहा कि कुछ प्रथाएं और रीति-रिवाज जो चले आ रहे हैं, वे विश्वास हैं. कुछ गलत हो सकते हैं, तो उन्हें बदलने की जरूरत है.

जीबी देगलुरकर की एक किताब के विमोचन के अवसर पर संघ प्रमुख मोहन भागवत ने कहा, '1857 (जब ब्रिटिश राज ने औपचारिक रूप से भारत पर शासन करना शुरू किया) के बाद अंग्रेजों ने हमारे मन से आस्था को खत्म करने के लिए व्यवस्थित प्रयास किए. हमारी परंपराओं और अपने पूर्वजों में जो आस्था थी, वह खत्म हो गई. उन्होंने कहा कि भारत में मूर्ति पूजा होती है जो आकार से परे निराकार से जुड़ी है. हर किसी के लिए निराकार तक पहुंचना संभव नहीं है, इसलिए हर किसी को कदम दर कदम आगे बढ़ना होगा. इसलिए मूर्तियों के रूप में एक आकार बनाया जाता है.

आरएसएस प्रमुख ने कहा कि मूर्तियों के पीछे एक विज्ञान है, भारत में मूर्तियों के चेहरे पर भावनाएं भरी होती हैं, जो दुनिया में हर जगह नहीं मिलती हैं. राक्षसों की मूर्तियों में दर्शाया गया है कि वे किसी भी चीज़ को अपनी मुट्ठी में कस कर पकड़ लेते हैं. राक्षसों की प्रवृत्ति हर चीज़ को अपने हाथ में रखने की होती है.

## नीट पेपर लीक मामले में 'किंगपिन' समेत दो छात्र गिरफ्तार

**एजेंसी। जयपुर**

नीट-यूजी पेपर लीक मामले में सीबीआई लगातार एक्शन मोड में काम कर रही है. इसी क्रम में एजेंसी ने मामले में तीन और गिरफ्तारियां की हैं, जिसमें पेपर लीक गैंग का किंगपिन शशिकांत पासवान भी शामिल है. साथ ही इस गैंग से जुड़े दो छात्र भी हत्थे चढ़े हैं. गिरफ्तार हुए छात्र भरतपुर मेडिकल कॉलेज के स्टूडेंट हैं. शशिकांत नाम का किंगपिन पहले गिरफ्तार हुए पंकज और राजू का साथी है. ये सभी लोग पेपर सॉल्व करने के लिए हजारीबाग में 5 मई की सुबह मौजूद थे. जो छात्र गिरफ्तार हुए उसमें से एक फर्स्ट ईयर का स्टूडेंट है और दूसरा सेकेंड ईयर का छात्र है. इनकी पहचान कुमार मंगलम और दीपेंद्र शर्मा के रूप में हुई है.

## मध्य गाजा में हुए हमले में 13 की मौत

**एजेंसी ।दीर अल-बलाह**

इजराइल की ओर से मध्य गाजा के शरणार्थी शिविरों पर शनिवार रात किये गये तीन हवाई हमलों में कम से कम 13 लोग मारे गए, लेकिन हमले में जान गंवाने वाली एक फलस्तीनी महिला के गर्भ में पल रहे बच्चे का चिकित्सकों के प्रयास से सकुशल जन्म हो सका. फलस्तीन के स्वास्थ्य अधिकारियों ने हमले में 13 लोगों की मौत की पुष्टि की है.

इस बीच काहिरा में इजराइल और हमास के बीच संघर्ष विराम वार्ता में प्रगति होती दिख रही है. शवों को पास के अल-अक्सा शहीद अस्पताल में ले जाने वाली फलस्तीन की एम्बुलेंस टीम के अनुसार, नुसीरात शरणार्थी शिविर और ब्यूरिज शरणार्थी शिविर के मृतकों में तीन बच्चे और एक महिला शामिल थी. 'एपी' के पत्रकारों ने अस्पताल में 13 लाशों की



गिनती की. युद्ध से तबाह गाजा में हताहतों की अद्यतन संख्या के बाद आशा का एक दुर्लभ क्षण तब आया, जब गुरुवार देर शाम नुसीरात में हवाई हमले की चपेट में आए एक घर में रहने वाली गर्भवती फलस्तीनी महिला के दम तोड़ने के बाद उसके गर्भ से चिकित्सा दल ने एक जीवित बच्चे को बरामद किया.

हमले के दौरान विस्फोट में गर्भवती महिला ओला-अल-कुर्द (25) ने छह अन्य लोगों के साथ दम तोड़ दिया. इसके बाद बच्चे को बचाने की मंशा से उसे आकस्मिक सेवा के कर्मियों की ओर से उत्तरी गाजा में स्थित अल-आवदा अस्पताल ले जाया गया. कई घंटे बाद चिकित्सकों ने बताया कि शिशु बालक का सकुशल जन्म हुआ.

डॉ. खलील दजरान ने कहा कि अज्ञात नवजात शिशु की हालत स्थिर है, लेकिन वह ऑक्सीजन की कमी से पीड़ित है जिसके कारण उसे 'इनक्यूबेटर' में रखा गया है.

## जूनियर वकीलों के प्रति सामंती सोच त्यागें : प्रधान न्यायाधीश

**मदुरै (तमिलनाडु) ।** प्रधान न्यायाधीश डी वाई चंद्रचूड़ ने शनिवार को अधिवक्ताओं से जूनियर वकीलों के प्रति सामंती सोच त्यागने को कहा. उन्होंने कहा कि जूनियर वकीलों को कम पैसे देने से पेशे में आने का उनका उत्साह कम हो जाता है. मद्रास उच्च न्यायालय की मदुरै पीठ के 20वें स्थापना वर्ष समारोहों का उद्घाटन करने के बाद, प्रधान न्यायाधीश ने दिल्ली उच्च न्यायालय के लिए डेटा एवं सॉफ्टवेयर सामग्री के भंडार के रूप में कार्य करने में पीठ के योगदान की सराहना की. वकालत के पेशे की शुरूआत कर रहे जूनियर वकीलों को बहुत कम वेतन दिये जाने का मुद्दा उठाते हुए न्यायमूर्ति चंद्रचूड़ ने कहा, कृपया यह सामंती सोच त्याग दें कि वे सीखने, अवसर पाने, अनुभव प्राप्त करने के लिए आए हैं और आप उनका मार्गदर्शन कर रहे हैं.

**बवाल** आरक्षण के खिलाफ हिंसा भड़कने के कुछ दिन बाद शनिवार को पुलिस ने पूरे देश में कर्फ्यू लगा दिया

# कर्फ्यू के बावजूद बढ़ी मृतकों की संख्या, विभिन्न हिस्सों में गश्त तेज

**एजेंसी। ढाका**

बांग्लादेश में सरकारी नौकरियों में आरक्षण के खिलाफ हिंसा भड़कने के कुछ दिन बाद शनिवार को पुलिस ने पूरे देश में कठोर कर्फ्यू लागू कर दिया और सैन्य बलों ने राष्ट्रीय राजधानी ढाका के विभिन्न हिस्सों में गश्त की. बांग्लादेश में हिंसा भड़कने से कई लोगों की मौत हुई है जबकि सैकड़ों लोग घायल हुए हैं. शुक्रवार को मरने वाले लोगों की संख्या के बारे में अलग-अलग रिपोर्ट सामने आईं और समय टीवी के अनुसार 43 लोग मारे गए हैं. एसोसिएटेड प्रेस के एक संवाददाता ने ढाका मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल में 23 शव देखे, लेकिन यह तत्काल स्पष्ट नहीं हो पाया कि क्या उन सभी की मौत



फाइल फोटो

शुक्रवार को हुई थी.

गुरुवार को प्रदर्शनकारी छात्रों द्वारा देश में पूर्ण बंद लागू करने के प्रयास के दौरान 22 लोगों की मौत हुई थी. मंगलवार और बुधवार को भी कई लोग मारे गए थे. राजधानी ढाका और अन्य शहरों में सड़कों व विश्वविद्यालय परिसरों में पुलिस तथा प्रदर्शनकारियों के बीच झड़पें हुईं. अधिकारियों ने मोबाइल और इंटरनेट सेवाओं पर पाबंदी लगा दी है. कुछ टेलीविजन समाचार चैनलों में भी कामकाज बंद हो गया है तथा अधिकांश बांग्लादेशी समाचार पत्रों की वेबसाइट नहीं खुल रही हैं. मृतकों की संख्या की पुष्टि करने के लिए अधिकारियों से तत्काल संपर्क नहीं हो सका, लेकिन 'डेली प्रथम आलो' समाचार पत्र की खबर में बताया गया है कि मंगलवार से अब तक 103 लोगों की मौत हुई है.

दूतावास ने कहा कि स्थिति बेहद अस्थिर है. देश में कर्फ्यू आधी रात से शुरू हुआ. दोपहर 12 बजे से 2 बजे तक इसमें ढील दी जाएगी ताकि लोग जरूरी सामान खरीद सकें. इसके बाद रविवार सुबह 10 बजे तक कर्फ्यू फिर से लागू रहेगा. सत्तारूढ़ अवामी लीग पार्टी के महासचिव और सांसद उबेद-उल-कादर ने बताया कि उपद्रवियों को देखते ही गोली मारने का आदेश जारी किया गया है. प्रदर्शनकारी उस प्रणाली को समाप्त करने की मांग कर रहे हैं.

### बांग्लादेश से 778 भारतीय छात्र स्वदेश लौटे

**नयी दिल्ली ।** बांग्लादेश में सरकारी नौकरियों में आरक्षण के खिलाफ हिंसा भड़कने के बाद, कुल 778 भारतीय छात्र इस पड़ोसी देश से लगी विभिन्न भूमि पारगमन बिंदुओं के जरिये स्वदेश लौटे हैं. विदेश मंत्रालय ने कहा बांग्लादेश में भारतीय उच्चायोग भारतीय नागरिकों और छात्रों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए संबद्ध अधिकारियों के साथ निरंतर संपर्क में हैं. अब तक 778 भारतीय छात्र विभिन्न भूमि पारगमन बिंदुओं के जरिए भारत लौटे हैं. इसके अलावा, लगभग 200 छात्र ढाका और चटगांव हवाई अड्डों के जरिए नियमित उड़ान सेवाओं के जरिए स्वदेश लौटे हैं.

### बाइडन कोरोना वायरस संक्रमण की चपेट में आए थे

## अगले हफ्ते से फिर चुनाव प्रचार करूंगा : जो बाइडन

**एजेंसी। वाशिंगटन**

अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडन ने उनके चुनावी दौड़ से बाहर होने की



डेमोक्रेटिक पार्टी में बढ़ती मांग के बीच कहा कि वह राष्ट्रपति पद का चुनाव लड़ेंगे और अगले सप्ताह से प्रचार अभियान फिर शुरू करेंगे. बाइडन कोरोना वायरस संक्रमण की चपेट में हैं. कुछ दिन पहले ही उनमें कोविड-19 संक्रमण की पुष्टि हुई थी. उसके बाद से वह डेलावेयर स्थित अपने आवास पर पृथकवास में हैं. बाइडन की ओर से शुक्रवार को उनके प्रचार अभियान दल ने एक बयान जारी किया, जिसमें कहा गया है, डोनाल्ड ट्रंप भविष्य को लेकर जो खतरनाक दृष्टिकोण रखते हैं, हम अमेरिकी वैसे नहीं हैं.

एक पार्टी और एक देश के रूप में हम उन्हें चुनाव में हरा सकते हैं और हराएंगे. इस बयान के एक दिन पहले ही मिलवाउकी में 'रिपब्लिकन नेशनल कन्वेंशन' में ट्रंप को औपचारिक रूप पार्टी का राष्ट्रपति पद का उम्मीदवार घोषित किया गया, जिसे उन्होंने स्वीकार कर लिया. बाइडन ने कहा, मैं अगले हफ्ते फिर से चुनाव प्रचार अभियान शुरू करने के लिए उत्सुक हूं, ताकि डोनाल्ड ट्रंप के प्रोजेक्ट-2025 एजेंडे के जो खतरे हैं, उनके प्रति लोगों को आगाह कर सकूं.

मुद्रक तथा प्रकाशक लगातार इंफोटेनमेंट प्राईवेट लिमिटेड द्वारा लगातार इंफोटेनमेंट प्राइवेट लिमिटेड के पक्ष में, सिमलिया, रिंग रोड, पीएस-रातू, रांची - 835222 से मुद्रित तथा 304-305 समृद्धि स्क्वायर, किशोरगंज चौक, हरमू रोड, रांची- 834001, झारखंड द्वारा प्रकाशित.
संपादक - सुरजीत सिंह, स्थानीय संपादक - संजय सिंह*. फोन नंबर- 0651-2961734 आर.एन.आई. नंबर - JHAHIN/2023/84487 ( *पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार.)